GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-11-2022

# यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलायी

**धुरियापार (एसएनबी)।** शनिवार को उरुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत परमेश्वरी दयाल इंटर कालेज कुरावल व राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रौजादरगाह के कक्षा नौ से



बारह तक के छात्र-छात्राओं को थानाध्यक्ष उरुवा सुनील निषाद ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी। इसके पूर्व उन्होंने छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अपने परिजनों व गांव के लोगों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। बिना लाइसेंस के कोई भी वाहन न चलायें। बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन व बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन न चलाएं । इस अवसर पर लाल साहब, मोनू यादव, नागेंद्र कुमार ,वागीश, महीप कुमार श्रीवास्तव, रजनीश दुबे, दिवाकर सिंह, किरन, संध्या, रमा यादव, इशरावती, धर्मराज यादव, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

# माता पिता से बिछड़ा बच्चा सफाई कर्मचारी को मिला

**भरोहिया (एसएनबी)।** पीपीगंज नगर पंचायत के बढ़या मार्ग पर स्थित आनन्द वस्त्रालय के पास नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी सफाई कर रहे थे कि उसी बीच एक चार वर्षीय बच्चा रोते हुए दिखाई दिया तो सफाई कर्मचारीयों ने बच्चे को पीपीगंज पुलिस थाने ले कर गया जहां स्थानीय पुलिस ने बच्चे का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया लेकिन अभी तक बच्चा अपने माता पिता से नहीं मिल पाया है। जिससे पीपीगंज पुलिस ने नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी नौमीं प्रसाद को सुपुर्दगी में दे दिया हैं।

शनिवार को शाम करीब पांच बजे पीपीगंज बढ़या मार्ग पर आनन्द वस्त्रालय के पास एक चार वर्षीय बच्चा रोते बिलखते हुए नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी नौमी प्रसाद को मिला। जिस पर उसने बच्चे को लेकर पीपीगंज पुलिस के पास थाने पहुंचा जहां पुलिस ने देर शाम बच्चे के माता पिता का पता लगाने का प्रयास किया।

# एंटी भू-माफिया शहर के चार थानों में कसेगी नकेल

**गोरखपुर(एसएनबी)।** खासकर गोरखपुर जिले में गुंडई के बल पर विवादित जमीन को खरीद कर उस पर कब्जा करने की शिकायत आए दिन मिलती रहती है। विवादित जमीन को लेकर पीड़ित थाने का चक्कर लगाता है,मामला राजस्व से जुड़े होने का दलील देकर फरियादी को इधर -उधर घूमाया जाता है। इसे देखते हुए एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई ने शहर के चार थानों पर एंटी भू माफिया सेल गठित किया जाएगा। टीम में एक दरोगा, एक दीवान, दो सिपाही व एक महिला सिपाही की तैनाती होगी। एंटी भू माफिया टीम खोराबार, कैन्ट, रामगढ़ ताल, शाहपुर थाने पर बनेगी।

अपराध की दुनिया में आने के बाद दौलत कमाने के लिए अपराधी विवादित जमीनों की निगरानी करते है। विवादित जमीन को औने -पौने दामों में खरीदकर उस पर गुर्गो के माध्यम से कब्जा कर मंहगे दोमों में बेचते है। कम समय में वह लखपति बन जाते है। इस दौरान यदि विवादित जमीन पर फरियादी दबाव बनाता है तो फिर उसे रास्ते सेहटाने की योजना तैयार करते है। गोरखपुर में इस तरह के मामले में कई सुर्खियों में आ चुका है। इधर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस प्रशासन को साफ तौर पर निर्देश जारी किया है कि यदि कोई जमीन कब्जा करता है तो पुलिस उसे कुचल देंगी। फरियादियों की शिकायत सुनने से पहले वर्तमान में एसएसपी डा. गौरव गोवर ने पर्ची लेने का आदेश दिया है। फरियादी पर्ची लेने के बाद कप्तान के वहां अपनी फरियाद लेकर पहुंचते है। शिकायती पत्र पर यदि स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो फिर कप्तान सवाल जबाब करते है। पर्ची लेने के बाद अब फरियादियों की संख्या तेजी से कम हुई हैं।

उधर पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण विश्नोई के कार्यालय में आने वाले फरियादियों की संख्या पर गौर करें तो बीस फरियादियों में करीब दस फरियादी इस बात की शिकायत करते है कि उनकी जमीन पर माफिया कब्जा कर रहा है। पुलिस के पास पहुंचने पर पुलिस राजस्व का हवाला देकर लौटा देती हैं। ऐसे में जांच के दौरान यह बात सामने आयी कि कैंट,खोराबार, रामगढ़ताल और शाहपुर इलाके में जमीन से जुड़े कारोबारी जबरिया जमीन पर कब्जा करने की शिकायत मिल रही है। इसे देखते हुए एंटी भू माफिया सेल गठित किया गया हैं।

**शाहपुर, कैंट,रामगढ़ताल और शाहपुर थाने में गठित हुई टीम**

**जमीन कब्जा करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों की खंगाली जा रही है कुंडली**

**चारों थाने पर तैनात पुलिसवाले हर शिकायती पत्रों का खुद करेंगे जांच**

## टीम तीन दिन में जांच कर करेगी कार्रवाई : एसपी सिटी



**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जिले के इन चार थानों पर जमीन से जुड़े मामले ज्यादा आते है। इसलिए यंहा एंटी भू माफिया सेल का गठन किया जा रहा है। टीम इलाके के भूमाफिया पर नकेल कसने के अलावा, किसी भी जमीन से जुड़े मामले में शिकायत मिलने के 3 दिन के अंदर मौके पर जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने, राजस्व विभाग से सम्पर्क स्थापित कर मामले को निपटाने समेत चार बिंदु पर काम करेगी। टीम सीधे एसपी सिटी को रिपोर्ट करेगी,इस सेल को पहला मामला जमीन से सम्बंधित शनिवार को राम गढ़ ताल का मिला। जंहा एक व्यक्ति ने चिड़ियाघर चौकी के सरोज तिवारी व राकेश पांडे की शिकायत का मिला है। ये लोग एक व्यक्ति की जमीन को जबरन कब्जा कर रहे है। उन्होंने बताया कि टीम को 3 दिन में जांच कर आवश्यक कार्यवई का निर्देश दिया है।

# हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** बड़हलगंज थाना क्षेत्र के गांव रजौली निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध अपने ही गांव की महिला पर प्राणघातक हमला करने के चलते हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ है।पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। ग्राम पंचायत रजौली निवासिनी महिला इशरावती देवी पत्नी लालबिहारी ने थाने पर तहरीर दी कि गुरुवार की शाम करीब तीन बजे वह किसी आवश्यक कार्य से जा रही थी।उसी के गांव निवासी राम पुत्र स्वराजमंगल से उसकी पुरानी दुश्मनी है।जैसे ही वह राम के घर के पास पहुंची कि उसने उसी पुरानी रंजिश के चलते उसे पकड़ कर पीटने लगा।उसके ऊपर कुल्हाड़ी से आक्रमण किया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गयी।जमीन पर गिरने के बाद भी राम उसे लातों से पीटता रहा।बाद में घायलावस्था में छोड़ जान-माल की धमकी देते चला गया।इशरावती की तहरीर के आधार पर बड़हलगंज पुलिस ने धारा 307,323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

# पूर्व प्रधान सहित तीन पर धमकी देने का केस

**हरपुरबुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोरेडीह के प्रधान पति पर पूर्व प्रधान तथा सहयोगियों द्वारा जानमाल की धमकी देने तथा तोड़फोड़ पर पुलिस ने मारपीट और तोड़फोड़ का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गोरेडीह की ग्राम प्रधान श्रीमती विमला देवी के पति गिरिजेश यादव शुक्रवार को घर के पीछे बांस काट रहे थे। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान अपने सहयोगियों के साथ आ धमके और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे तथा बांस को तोड़ कर फेंक दिये।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पूर्व प्रधान महेंद्र यादव,सुधाकर,वीरेंद्र यादव के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# ट्रैक्टर -ट्राली की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**झंगहा( एसएनबी )।** झंगहा इलाके के ठकुराई मुंडेया में ट्रैक्टर -ट्राली की ठोकर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया हैं। झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम ठाकुराआई मुंडेरा निवासी सर्वेश यादव पुत्र रामकिशन यादव आयु लगभग 35 वर्ष व लालमन यादव दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल पर शाम को करीब 7 बजे नई बाजार चौराहे पर सामान लेने जा रहे थे ।आगे जा रही ट्राली ट्रैक्टर में जाकर बगल से मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे सड़क के पटरी पर दोनों व्यक्ति गिर गए जिसमें सर्वेश यादव को सर पर काफी चोट आई और लालमन यादव का दाहिना पैर फैक्चर हो गया दोनों व्यक्ति को परिजनो ने स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रहम्पुर ले गए जहां पर डाक्टरों ने सर्वेश यादव को देख तुरन्त मेडिकल कालेज रेफर कर दिया ।मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में ही सर्वेश यादव ने अपना दम तोड़ दिया। झंगहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# छात्रा को छेड़ने वाला गिरफ्तार

**बड़हलगंज ( एसएनबी)।** कोतवाली पुलिस ने पटना चौराहे से साढ़े 11बजे दिन में छात्रा को छेड़ने वाले थाना क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी 24 वर्षीय आरोपी अभिषेक यादव पुत्र आजाद यादव को मु0अ0स0 623/2022 धारा 354 घ, 504, 506 भादवि0 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसएसआई अश्वनी तिवारी ने बताया चिल्लूपार निवासी छात्रा ने बताया कि 16 नवंबर को सवा तीन बजे भगवती लाज बड़हलगंज के सामने अभिषेक यादव पुत्र आजाद यादव ने रास्ते में रोककर हाथ पकड़ लिया और मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा। मुझे विद्यालय से घर नही जाने दे रहा था विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। छात्रा ने बताया कि अक्सर आये दिन मुझे रास्ते में रोक कर परेशान करता है तथा पूर्व में भी मेरे साथ ऐसी घटनायें कर चुका है।

# छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने वाली चढ़ी पुलिस के हत्थे

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जेल रोड स्थित स्कूल से निकलने के दौरान एक युवती कक्षा दो की छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने संग ले जाने लगी। तभी छात्रा की बड़ी बहन स्कूल जा पहुंची और ऐसा देखकर शोर मचा दी। ऐसे में स्थानीय लोगों के प्रयास से युवती पकड़ी गयी। जेल रोड पुलिस चौकी की पुलिस भी आ पहुंची। छात्रा के पिता ने तहरीर दे दी है।

गुलाटी वाटिका जेल रोड निवासी अमर सिंह की पुत्री आलिस्का जेल रोड स्थित एक स्कूल में कक्षा दो की छात्रा है। शनिवार की दोपहर उसकी 12 बजे छुट्टी हुई। छात्रा की बड़ी बहन मांडवी सिंह उसको लेने स्कूल पहुंची। जबरिया बहन को एक युवती द्वारा ले जाता देख उसने पूछा तो उसने बहस करनी शुरू कर दी।

**छात्रा के पिता ने दी जेल रोड पुलिस चौकी को तहरीर**

माहौल खराब होता देख मांडवी ने शोर मचा दिया तो कई लोग जमा हो गए। छात्रा को अपने संग जबरिया ले जा रही युवती पकड़ ली गयी। जेल रोड चौकी की पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम एश्वर्या बताया। इसके बाद उसको शाहपुर थाने भेज दिया गया और इधर छात्रा के पिता ने तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोबाइल की दुकान में लूटपाट करने वालों पर केस

**156 (3) के तहत न्यायालय के आदेश पर शाहपुर पुलिस ने दर्ज किया दो महिलाओं समेत कई के खिलाफ केस**

गोरखपुर (एसएनबी)। मोबाइल की दुकान पर रिचार्ज कराने के बहाने पहुंचे दबंगों ने गाली-गलौज की। मोबाइल भी लूट लिया। जानमाल की धमकी दी। शाहपुर पुलिस सूचना पाकर पहुंची लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। परेशान दुकानदार ने 156 (3) के तहत न्यायालय की शरण ली। तब कहीं जाकर धारा 147, 323, 504, 506, 392 एवं 452 के तहत मुकदमा दर्ज हो सका। अब शाहपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खरैया पोखरा बशारतपुर निवासी विशाल कुमार गुप्ता की घर से कुछ दूरी पर मधुबन मोबाइल नामक दुकान है। 25 नवम्बर की रात 9 बजे के करीब विशाल अपनी दुकान पर थे तभी विशाल डेसिन, सुमित, रजनी, मुस्कान व अन्य पहुंचे। दो महिलाएं भी साथ थीं। मोबाइल रिचार्ज कराने की बात को लेकर कहासुनी हुई और फिर दुकान में घुसकर लोगों ने मारपीट की। इस दौरान दो मोबाइल भी लोग लूटकर लेते गये जो सीसी टीवी में कैद है। 30 हजार रुपये की रंगदारी भी उक्त लोगों द्वारा मांगी गयी। इधर शोर मचाने पर दुकानदार के पिता व अन्य लोग जमा हो गये और इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। पुलिस को तहरीर पीड़ित ने दी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। अब न्यायालय के आदेश पर शाहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने पति, ससुर, सास और जेठानी पर दर्ज किया केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार की शाम गोरखनाथ इलाके के सुमेर सागर के रहने वाले मक्खन गुप्ता की छोटी बहू ज्योति गुप्ता (27) की घर में फंदे से लटकती हुई लाश मिली थी ज्योति के पास से सुसाइड नोट भी मिला है जिसके आधार पर शनिवार को पुलिस ने इस मामले में पति, ससुर, सास और जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। वहीं, पुलिस ने घटना के बाद ही पति को हिरासत में ले लिया था । वहीं, महिला के भाई गोलू ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है उसका कहना है, शादी के 6 महीने बाद से ही ससुराल वाले उसकी बहन से मारपीट और प्रताड़ित करते थे फिलहाल पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। ज्योति का मायका फर्टिलाइजर में है। उसकी शादी जनवरी 2020 में ही हुई थी।

**शुक्रवार को सुमेर सागर इलाके में महिला की फंदे से लटकी मिली थी लाश**

**कालेज में पढ़ाता है मनोज :** मक्खन गुप्ता के तीन बेटे पप्पू गुप्ता, राजन गुप्ता और मनोज गुप्ता थे तीनों की शादी हो चुकी है मनोज परिवार में सबसे छोटा है पप्पू गुप्ता काफी दिनों से पीलिया की बीमारी से जूझ रहे थे. की अभी 20 दिन पहले उनकी मौत हो गई वहीं, राजन गुप्ता मोहरीपुर में जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं. जबकि, मनोज गुप्ता सेंट एंड्रयूज डिग्री कलेज में प्राइवेट शिक्षक है।

**दरवाजा तोड़ कमरे में घुसा पति :** हालांकि, महिला के पति मनोज गुप्ता ने पुलिस को बताया, शुक्रवार की शाम मनोज कालेज से घर लौटे तो घर वालों ने बताया कि पत्नी ज्योति खाना खाकर कमरे में सो रही है। मनोज ने काफी देर तक दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ दिया। दरवाजा खुला तो ज्योति कमरे में पंखे से लटकी हुई थी।

**दंपति में होता था अक्सर विवाद**

परिवार वालों ने ही उसकी लाश नीचे उतारी। महिला के भाई गोलू ने बताया, अक्सर ज्योति का पति मनोज और ससुराल वाले उससे विवाद और मारपीट करते थे। मायके वालों ने कई बार बातचीत की, लेकिन फिर भी सुसराल के लोग उसे मारते पीटते रहते थे।

**पति समेत 4 के खिलाफ केस :** इंस्पेक्टर गोरखनाथ दुर्गेश सिंह ने बताया, महिला की लाश कमरे में फंदे से लटकती हुई मिली थी। मायके की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर महिला के पति मनोज गुप्ता, ससुर मक्खन गुप्ता, सास और जेठानी मीरा गुप्ता के खिलाफ दहेज हत्या और दहेज उत्पीडन का केस दर्ज कर लिया गया है।

# मारपीट के जुर्म में दो को तीन साल व एक को पांच साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने गोला थाना क्षेत्र के ग्राम कोहरा बुजुर्ग निवासी अभियुक्त प्रसिद्ध व पारस को तीन साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 13 हजार रुपए अर्थदंड तथा अभियुक्त सागर को पांच साल के कठोर कारावास एवं 33 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।



अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि महेंद्र कुमार गोला थाना क्षेत्र के कोहरा बुजुर्ग का निवासी है। 25 मई 2006 को सुबह सात बजे वादी के पट्टीदार प्रसिद्ध, पारस, सागर व श्याम दुलारी लाठी डंडा व फावड़ा लेकर वादी के आने जाने वाले रास्ते को खोद रास्ता अवरुद्ध कर रहे थे। वादी ने मना किया तो प्रसिद्ध गाली गुप्ता देने लगा। शोर सुनाकर वादी का भाई शैलेंद्र कुमार भी आ गया। प्रसिद्ध ने ललकारते हुए कहा कि इन सब को जान से मार डालो। वादी और उसका भाई जान बचा कर भागे तो अभियुक्तों ने वादी के भाई को पकड़ लिया और लात मुक्का व लाठी से मारने पीटने लगे। जिससे वादी के भाई को गंभीर चोटे आई।

## छेड़छाड़ के आरोपित प्रधानाचार्य की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपित क्षेत्र के एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय के तत्कालीन प्रधानाचार्य सत्यभाषकार की अग्रिम जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट नवल किशोर सिंह ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना एक अक्टूबर 2022 की है। वादी की नाबालिग बच्ची को विद्यालय के आरोपित प्रधानाचार्य सत्य भास्कर ने फार्म भरवाने के दौरान आफिस में बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ किया।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

हत्या के प्रयास के आरोप में फरार चल रहे आरोपित बोहाबार निवासी अखिलेश साहनी को झंगहा थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है. पुलिस को आरोपित के पास से घटना में शामिल लोहे का सब्बल भी मिला है.

# छेड़खानी का आरोपित अरेस्ट

छात्रा के साथ छेड़खानी करने के मामले में कल्यानपुर के निवासी आरोपित अभिषेक यादव को बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया. उसे न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है. आरोपित पर एक छात्रा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 16 नवंबर को सवा तीन बजे भगवती लॉज के सामने कल्यानपुर मोहल्ले के रहने वाले अभिषेक ने रास्ता रोककर हाथ पकड़ लिया. विरोध करने पर छेड़खानी शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी. छात्रा ने बताया कि आरोपित आए दिन उसे परेशान करता था. तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज किया था.

# नए पुलिस ऑफिसर्स को सीपीआर की ट्रेनिंग



**GORAKHPUR:** नए बैच के पुलिसकर्मियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट और सीपीआर देने की ट्रेनिंग शनिवार को एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह के नेतृत्व में दी गई. 'यातायात माह नवंबर 2022' के अंतर्गत पुलिस लाइन गोरखपुर में डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने 108 एसआई, कॉन्स्टेबल और महिला कॉन्स्टेबल को कृत्रिम सांस देने व बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया. एसपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण पुलिस के साथ आम नागरिकों के लिए भी जरूरी है. इस ट्रेनिंग से कोई दुर्घटना होने पर दूसरों की जान बचाई जा सकती है.

# गैंगस्टर एक्ट का आरोपित अरेस्ट

फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के आरोपित कड़जहा धोबी टोला निवासी नितेश पासवान उर्फ बाबू को खोराबार थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी कल्याण सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ कई थानों में लूट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है. कई दिनों से उसकी तलाश की जा रही थी.

# चार थानों पर एंटी भू माफिया सेल गठित

**GORAKHPUR (19 Nov):** जिले में अब चार थानों पर एंटी भू माफिया सेल गठित होगी. टीम में एक दरोगा, एक दीवान, दो सिपाही व एक महिला सिपाही की तैनाती होगी. यह टीम खोराबार, कैन्ट, रामगढ़ताल, शाहपुर थाने पर बनेगी.

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जिले के इन चार थानों पर जमीन से जुड़े मामले अधिक आते है. इसलिए यंहा एंटी भू माफिया सेल का गठन किया जा रहा है. टीम इलाके के भूमाफिया पर नकेल कसने के अलावा, किसी भी जमीन से जुड़े मामले में शिकायत मिलने के 3 दिन के अंदर मौके पर जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने, राजस्व विभाग से सम्पर्क स्थापित कर मामले को निपटाने समेत चार बिंदु पर काम करेगी. टीम सीधे एसपी सिटी को रिपोर्ट करेगी. इस सेल को पहला मामला जमीन से सम्बंधित आज यानी शनिवार को रामगढ़ताल का मिला.

# तीन चोरनी भेजी गईं जेल

**GORAKHPUR (19 Nov):** ऑटो में बटुआ चुराने के आरोप में पकड़ी गईं महिलाओं को गुलरिहा पुलिस ने शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से दो को जेल भेज दिया गया. तीसरी किशोरी को बाल अपचारी गृह भेजा गया है.

शुक्रवार को पिपराइच के समदार बुजुर्ग निवासी खुशबूनिशा श्यामदेउरवां के तरकुलवां तिवारी स्थित रिश्तेदारी से लौट रही थीं. भटहट में ऑटो को किराया देने के लिए जब कमीज में हाथ डाला तो उनका 1500 रुपए समेत बटुआ गायब था. पुलिस ने संदिग्ध महिलाओं की तलाशी कराई तो बटुआ मिल गया. चौकी प्रभारी दारोगा ज्योति नारायन तिवारी ने बताया कि पूछताछ में महिलाओं की पहचान बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के थाना लालगंज, लकड़जहां की नेहा पत्नी छोटू व फूलकुमारी पत्नी छोटेलाल के रूप में हुई है, जबकि एक किशोरी रही.

# ज्योति के पास मिला सुसाइड नोट, दर्ज हुआ दहेज हत्या का मुकदमा

शुक्रवार को सुमेर सागर इलाके में महिला की फंदे से लटकी मिली थी लाश

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (19 Nov): गोरखनाथ इलाके के सुमेर सागर के रहने वाले मक्खन गुप्ता की छोटी बहू ज्योति गुप्ता (27) की शुक्रवार की शाम घर में फंदे से लटकती हुई लाश मिली थी. ज्योति के पास से सुसाइड नोट भी मिला है. जिसके आधार पर शनिवार को पुलिस ने इस मामले में पति, ससुर, सास और जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है.

## मारने पीटने का लगाया था आरोप

पुलिस ने घटना के बाद ही पति को हिरासत में ले लिया था. वहीं, महिला के भाई गोलू ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है. उसका कहना है, शादी के 6 महीने बाद से ही ससुराल वाले उसकी बहन से मारपीट और प्रताड़ित करते थे. फिलहाल पुलिस इसकी जांच में जुट गई है. ज्योति का मायका फर्टिलाइजर में है. उसकी शादी जनवरी 2020 में ही हुई थी.

## कॉलेज में पढ़ाता है मनोज

मक्खन गुप्ता के तीन बेटे पप्पू गुप्ता, राजन गुप्ता और मनोज गुप्ता थे. तीनों की शादी हो चुकी है. मनोज परिवार में सबसे छोटा है. पप्पू गुप्ता काफी दिनों से पीलिया की बीमारी से जूझ रहे थे. की अभी 20 दिन पहले उनकी मौत हो गई. वहीं, राजन गुप्ता मोहरीपुर में जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं. जबकि, मनोज गुप्ता सेंट एंड्रयूज डिग्री कॉलेज में प्राइवेट शिक्षक है.

FILE PHOTO



## दरवाजा तोड़ कमरे में घुसा पति

महिला के पति मनोज गुप्ता ने पुलिस को बताया, शुक्रवार की शाम मनोज कॉलेज से घर लौटे तो घर वालों ने बताया कि पत्नी ज्योति खाना खाकर कमरे में सो रही है. मनोज ने काफी देर तक दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला. इसके बाद परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ दिया. दरवाजा खुला तो ज्योति कमरे में पंखे से लटकी हुई थी.

## अक्सर होता था विवाद

परिवार वालों ने ही उसकी लाश नीचे उतारी. महिला के भाई गोलू ने बताया, अक्सर ज्योति का पति मनोज और ससुराल वाले उससे विवाद और मारपीट करते थे. ज्योति की बुआ की बेटी की शादी भी मनोज के भाई राजन से हुई है. मायके वालों ने कई बार बातचीत की, लेकिन फिर भी सुसराल के लोग उसे मारते पीटते रहते थे.

## पति समेत 4 के खिलाफ केस दर्ज

इंस्पेक्टर गोरखनाथ दुर्गेश सिंह ने बताया, महिला की लाश कमरे में फंदे से लटकती हुई मिली थी. मायके की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर महिला के पति मनोज गुप्ता, ससुर मक्खन गुप्ता, सास और जेठानी मीरा गुप्ता के खिलाफ दहेज हत्या और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया गया है.

# रेटिंग ने पकड़ी रफ्तार, गोरखपुर पुलिस लिखने लगी एफआईआर

**GORAKHPUR (19 Nov):** एडीजी की पहल पर पुलिस का फीडबैक लेने के लिए शुरू हुआ पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम का असर अब दिखने लगा है. पिछले तीन माह में पुलिस की लगातार

**i UPDATE**

पब्लिक अप्रूवल रेटिंग बढी है. वहीं, एफआईआर में पीछे रहने वाली गोरखपुर पुलिस ने इस बार अच्छा परफॉर्म कर लंबी छलांग लगाई है. सितंबर माह में एफआईआर के मामले में केवल 19.3 परसेंट लोगों ने अपनी संतुष्टि दर्ज कराई थी. जबकि अक्टूबर में 69.3 परसेंट लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली से खुश होकर एफआईआर के मामलों में संतुष्टि दर्ज कराई है.




### एफआईआर की इस तरह बढ़ी रेटिंग

| माह | रेटिंग (परसेंट में) |
|---|---|
| अगस्त | 11.4 |
| सितंबर | 19.2 |
| अक्टूबर | 69.3 |



### आईजीआरएस में रेटिंग

| माह | रेटिंग (परसेंट में) |
|---|---|
| अगस्त | 35.1 |
| सितंबर | 31.1 |
| क्टूबर | 36.2 |

### पीआरवी में रेटिंग

| माह | रेटिंग (परसेंट में) |
|---|---|
| अगस्त | 73.2 |
| सितंबर | 77.6 |
| अक्टूबर | 80.3 |

### ट्विटर में परफॉर्मेंस

| माह | पोल (परसेंट में) |
|---|---|
| अगस्त | 53.0 |
| सितंबर | 38.6 |
| अक्टूबर | 51.8 |

### पांच पिलर पर लेते हैं फीडबैक

पब्लिक अप्रूवल सिस्टम के तहत पांच पिलर आईजीआरएस, पीआरवी, डायरेक्ट पोल, ट्विटर पोल, एफआईआर, पासपोर्ट और कैरेक्टर सर्टिफिकेट पर पब्लिक का फीडबैक मांगा जाता है. पांच पिलर्स पर पुलिस कैसा काम कर रही है, पब्लिक को उसके अनुसार ही तीन ऑप्शन अति उत्तम, उत्तम और खराब में से किसी एक पर अपना वोट देना होता है. शुरू-शुरू में गोरखपुर पुलिस की रेटिंग बहुत कम हुआ करती थी, जिसमें अब तेजी से सुधार देखने को मिल रहा है.



**“ पब्लिक अप्रूवल सिस्टम को शुरू करने का उद्देश्य अब दिखने लगा है. गोरखपुर पुलिस अच्छा परफार्म कर बीते माह में भी अच्छी रेटिंग लाने में सफल हुई है. पब्लिक सपोर्ट भी मिल रहा है.**

**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

### जोन में लिया जा रहा फीडबैक

गोरखपुर जोन के 11 जिलों में पब्लिक अप्रूवल सिस्टम के तहत पुलिस की कार्यप्रणाली पर पब्लिक का फीडबैक लिया जा रहा है. इससे सभी जिले की पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार आया है.

### इस बार बढ़ गई रेटिंग

अगस्त में पब्लिक अप्रुवल रेटिंग 55.55, सितंबर में 55.85 और अक्टूबर में 66.27 हो गई. इस तरह सितंबर के मुकाबले अक्टूबर में 10.42 परसेंट की प्रोग्रेस हुई. कहीं ना कहीं इस सिस्टम के शुरू होने से पुलिस अब हर मामले में पहले से कहीं अधिक गंभीर दिख रही है.

### यहां घट गई रेटिंग

डायरेक्ट पोल, पासपोर्ट और कैरेक्टर सर्टिफिकेट में पिछले तीन माह में जो फीडबैक आ रहा है, उस हिसाब से इसकी रेटिंग में गिरावट हुई है. डायरेक्ट पोल में सितंबर में 81.2 और अक्टूबर में 76.3 रहा. इसी तरह पासपोर्ट, कैरेक्टर सर्टिफिकेट में अगस्त में 88.9, सितंबर में 87.4 और अक्टूबर में नंबर घटकर 83.7 हो गया. इसमें पुलिस को रेटिंग बढ़ानी होगी.

# लाठी-डंडे से युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

मामूली कहासुनी में नगर पंचायत बांसगांव के वार्ड नं. तीन मरवटिया निवासी मन्नू गोंड को मोहल्ले के छुन्नूर यादव, साधु यादव, राजन यादव व उसकी मां शीला देवी ने घेरकर जमकर पीट दिया. आसपास के लोगों ने उसे बचाया. चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देख उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया है. भाई विपिन गोंड के तहरीर देने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है. विपिन ने बताया है कि मन्नू शनिवार की सुबह 10:45 बजे खेत की तरफ जा रहा था, इसी बीच आरोपितों ने तुलसिहवा पोखरे के समीप घेर लिया.

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

मुंडेरा-भोपा बाजार रेलवे क्रासिंग पर शनिवार की शाम पांच बजे रामपुर रकबा के बनिया टोला निवासी 28 वर्षीय अमित मद्धेशिया पुत्र रामलखन की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई. जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. ड्यूटी पर तैनात गेटमैन अंश कुमार ने बताया कि मोबाइल से बात करते रेलवे लाइन पर जा रहा था, तभी मालगाड़ी की चपेट में आ गया. मृत युवक की एक दिसंबर को शादी होने वाली थी.

# स्कूल के बाहर यातायात पुलिस की पाठशाला

गोरखपुर। एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह के दिशा-निर्देश में यातायात की पाठशाला लगाई गई। पुलिस ने सेंट जोसेफ स्कूल, एमजी इंटर कॉलेज, अग्रसेन चौराहा और एडी मॉल के सामने बच्चों और उनके अभिभावकों सहित आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही जिन लोगों ने हेलमेट ठीक ढंग से नहीं पहना था उन्हें अपने हाथों से पहनाया।

# लूट का केस दर्ज

झंगहा/चौरीचौरा। नदुआ ज्ञानपार तेलिया टोला निवासिनी परमसुधा ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही राजमंगल निषाद पर केस दर्ज कराया। वह मंगलवार को दिन में करीब 11 बजे अपने खेत में काम कर रही थीं। राजमंगल ने उन्हें गालियां देते हुए उन्हें पटक दिया और मारने पीटने लगा। आरोप है कि परम सुधा को मारने पीटने वाले व्यक्ति ने करीब 9 हजार रुपये कीमत के जेवर लूट लिए।

# शिक्षक की पत्नी की मौत में दहेज हत्या का केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ इलाके के सुमेर सागर की रहने वाली शिक्षक की पत्नी की मौत के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

महिला की लाश घर में फंदे पर लटकती हुई मिली थी। ससुरालवालों ने आत्महत्या की बात कही थी, जबकि महिला के भाई व अन्य ने हत्या का आरोप लगाया था। सुमेर सागर के रहने वाले मक्खन गुप्ता के बेटे मनोज गुप्ता की शादी जनवरी 2020 में हुई थी शादी फर्टिलाइजर की रहने वाली ज्योति गुप्ता (27) से हुई थी। शुक्रवार शाम घर में फंदे से ज्योति की लटकती लाश मिली। ज्योति के भाई गोलू ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर दुर्गेश सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# पंप पर कम तेल डालने की शिकायत पर पीटा

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। गीडा क्षेत्र के बाघागाड़ा स्थित मीरा फीलिंग स्टेशन पर युवक को पेट्रोल लेना महंगा पड़ गया। कम पेट्रोल मिलने की शिकायत लेकर पहुंचे युवक की कर्मचारियों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। इससे युवक घायल हो गया। दवा इलाज के बाद युवक ने पेट्रोलपंप कर्मचारियों के खिलाफ गीडा थाने में शुक्रवार की देर रात तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया है।

गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा टोला जीतपुर निवासी बृजेश भारती पुत्र दिनेश ने गीडा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 11 नवम्बर की शाम को मीरा फीलिंग स्टेशन पर तेल लेने गया था। जहां 374 रुपये का तेल लेने पर गाड़ी मात्र 54 किलोमीटर चली। इसके बाद से जब इसकी शिकायत लेकर वह 15 नवम्बर को पेट्रोलपम्प पर पहुंचा और शिकायत की तो पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों ने उन्हें जमकर पीटा। इससे उन्हें गंभीर चोट लगी।

पीड़ित के अनुसार मारपीट की घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद है। गीडा पुलिस ने शुक्रवार को मीरा फिलिंग स्टेशन के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भू-माफिया सेल निपटाएगी विवाद

## शहर के विस्तार के साथ ही बढ़ी भू-माफियाओं की दखल, भूमी विवाद से जुड़े अधिक मामले

**सख्ती**



- शिकायत के तीन दिन में ही सेल मौके पर जाकर करेगी मामले की जांच
- सेल में एक दरोगा, एक दीवान दो सिपाही व एक महिला सिपाही की तैनाती

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर के विस्तार के साथ ही भू-माफियाओं की बढ़ते दखल को देखते हुए एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया गया है। इसकी शुरुआत शहर के चार थानों से हो रही। यह वे थाने हैं, जहां भूमि विवाद से जुड़े सबसे ज्यादा मामले आते हैं।

एंटी भू-माफिया सेल में एक दरोगा, एक दीवान, दो सिपाही और एक महिला सिपाही की तैनाती की गई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शहरी क्षेत्र के चार थाने यानी खोराबार, कैंट, रामगढ़ताल और शाहपुर में जमीन से जुड़े मामले ज्यादा आते हैं। इसलिए यहां एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया गया है। सेल की टीम इलाके के भू-माफिया पर नकेल कसने के अलावा, किसी भी जमीन से जुड़े मामले में शिकायत मिलने के तीन दिन में मौके पर जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करेगी। वहीं राजस्व विभाग से संपर्क स्थापित कर मामले को निपटाने समेत चार बिंदु पर काम करेगी। यह टीम सीधे एसपी सिटी को रिपोर्ट करेगी। शनिवार को इस सेल को पहला मामला जमीन से सम्बंधित मामला रामगढ़ताल थानाक्षेत्र में मिला है। जहां एक व्यक्ति ने चिड़ियाघर चौकी पर सरोज तिवारी व राकेश पांडेय की शिकायत मिली कि ये लोग एक व्यक्ति की जमीन को जबरन कब्जा कर रहे हैं। एसपी सिटी ने टीम को तीन दिन में जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# खाते का डिटेल पूछ नौ हजार उड़ा दिए

हरपुर बुदहट। क्षेत्र के गनोरी निवासी सत्येंद्र कुमार साइबर ठगी के शिकार हो गए। जालसाजों ने कॉल करके पेटीएम खाते की जानकारी ली और उनके खाते से 8900 रुपये उड़ा दिया। पीड़ित सत्येंद्र ने बताया कि उनके मोबाइल पर शुक्रवार शाम एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने पेटीएम खाते को अपडेट करने के लिए जानकारी मांगी, सत्येंद्र ने खाते की जानकारी दे दी, थोड़ी देर बात 8900 रुपये खाते से कट गया। उन्होंने शनिवार को साइबर सेल और एसपी क्राइम को प्रार्थना पत्र दिया है।

# फरार चल रही पूर्व प्रधान को दबोचा

भरोंह। गोला थाना क्षेत्र के डडिया ग्राम सभा की पूर्व महिला प्रधान हेमवंती देवी पर अपात्र लाभार्थियों को आवास देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

डडिया ग्राम सभा में वित्तिय वर्ष 20-21में कुल 45 आवास दिया गया था जिसमें 16 आवास अपात्र पाए गए थे। पूर्व प्रधान के खिलाफ मुकदमा संख्या 280/22 धारा 409 के तहत मामला दर्ज किया था। पूर्व महिला प्रधान फरार चल रही थी।

# पैर में गोली लगने पर भी नहीं छूटा अपराध, गिरफ्तार

## जेल गया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सिकरीगंज पुलिस ने महादेवा बाजार तिराहे से शातिर बदमाश अजय कुमार दुबे को गिरफ्तार किया है। वह एटीएम बदलकर जालसाजी, चोरी और लूट जैसी वारदातों को अंजाम देने का माहिर है। पुलिस ने उसके पास से चार एटीएम, दो मोबाइल, एक तमंचा और तीन कारतूस भी बरामद किया है। शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश इतना शातिर है कि इससे पहले महराजगंज पुलिस ने उसे एनकाउंट के दौरान गिरफ्तार किया था। अजय के पैर में गोली भी लगी थी। लेकिन पैर ठीक होते ही वह जमानत कराकर जेल से बाहर आ गया और अपराध की दुनिया में शामिल हो गया।

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाश के खिलाफ गोरखपुर के अलावा, संतकबीरनगर, महाराजगंज और कुशीनगर जिले के अलग-अलग थानों में चोरी, लूट जालसाजी जैसे संगीन मामलों के 24 केस दर्ज हैं। जालसाजी के एक मामले में पुलिस को इसकी काफी दिनों से तलाश थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार आरोपित अजय दुबे।

- शातिर बदमाश अजय दुबे को सिकरीगंज पुलिस ने दबोचा
- महराजगंज पुलिस ने पैर में गोली मारकर किया था गिरफ्तार

## डॉ. प्रमोद कुमार सिंह पर लोगों के रुपये लेकर भागने का आरोप

# डॉक्टर पर नौ करोड़ की जालसाजी का मुकदमा



- सोसायटी बनाकर डॉक्टर ने जमा कराए थे पैसे, वाइस चेयरमैन ने दर्ज कराया केस
- डॉक्टर प्रमोद की पत्नी और साले भी हैं आरोपित, पुलिस कर रही मामले की जांच

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर के एक और डॉ. प्रमोद कुमार सिंह पर नौ करोड़ की जालसाजी का आरोप है। प्रमोद ने होप मल्टी स्टेट मल्टी परपज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड नामक कंपनी बनाई थी जिसके खुद चेयरमैन हैं। वाइस चेयरमैन मनी कुमार सिंह ने लोगों का जमा पैसा करीब नौ करोड़ रुपये लेकर भागने का आरोप डा. प्रमोद सिंह पर लगाया है। उन्होंने एफआईआर में प्रमोद की पत्नी हर्षना शर्मा और साले प्रणव वशिष्ठ को भी आरोपी बनाया है।

मनी कुमार का आरोप है कि डॉ. प्रमोद दो साल से रुपये लेकर लापता हैं, अब उनकी पत्नी भी शहर में स्थित फ्लैट बेंचकर भागने वाली हैं। एडीजी अखिल कुमार के निर्देश पर कैंट पुलिस ने डॉ. प्रमोद सिंह, उनकी पत्नी हर्षना और साले प्रणव वशिष्ठ के खिलाफ जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रमोद पर इससे पहले भी कई केस दर्ज हैं। मनी कुमार ने एडीजी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि होप मल्टी स्टेट परपज कोऑपरेटिव सोसाइटी लोगों का खाता खुलवा कर पैसा जमा कराती थी। कंपनी के चेयरमैन डॉ. प्रमोद ने लुभावने वादे कर उन्हें और उनके जैसे सैकड़ों बेरोजगारों को जाल में फंसा कर काफी पैसा जमा करवाया। परिपक्व तिथि से सात दिन के अंदर भुगतान करने का वादा किया था लेकिन काफी दिन बीतने के बाद भी पैसा नहीं लौटाया।

**मनी समेत सैकड़ों लोग हुए जालसाजी के शिकार :** मनी कुमार सिंह के अलावा धनंजय श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, राजीव सिंह, रमेश चंद्र राय, विनोद दुबे, दीपक श्रीवास्तव, अभिषेक शाही, नवीन पटवा, रामानंद रंगवा, मुकेश गुप्ता, धर्मेन्द्र यादव, अनुसुइया सिंह, जितेन्द्र यादव, विनोद यादव, केडी सिंह, शशिभूषण, विनय श्रीवास्तव, अजय कन्नौजिया, हृदय नरायण शुक्ला, राज बहादुर, विनोद पाण्डेय, अजीत कुमार, निलेश तिवारी, आरसी सिंह, विनीत कुमार, बीएन मौर्या, मुकेश गुप्ता, खूबलाल यादव, विपिन सिंह, जगदीश गुप्ता, सुधीर सिंह, गंगा प्रसाद मिश्र, मनीष पाण्डेय, हिदायत रसूल खान, नरसिंह पाल, अनिल कश्यप, बेचन, सतीश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में खाताधारक और सोसाइटी के कर्मचारी जालसाजी के शिकार हुए हैं। इनमें कई लोगों ने अपने परिचित, रिश्तेदारों का खाता खुलवा कर पैसा जमा कराया है।

### जालसाजी में ही एक डॉक्टर की संपत्ति हो चुकी है जब्त

छात्रों से जालसाजी के मामले में शहर के ही एक डॉक्टर की 100 करोड़ से ज्यादा की प्रापर्टी प्रशासन ने पिछले दिनों जब्त की है। यह आरोपित डॉ. अभिषेक यादव हैं। डॉ. अभिषेक के अलावा उनकी पत्नी और बहन की प्रापर्टी को भी जब्त किया गया था। डॉक्टर सहित पांच लोग जालसाजी के मामले में ही जेल में हैं। इन पर आरोप है कि उन्होंने कूटरचित दस्तावेज से सैकड़ों छात्रों का भविष्य खिलवाड़ में डाला और उनका फर्जी तरीके से नर्सिंग कोर्स में प्रवेश लिया था।

# छात्रा से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

बड़हलगंज। कोतवाली पुलिस ने पटना चौराहे से छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसएसआई अश्वनी तिवारी ने बताया चिल्लूपार निवासी छात्रा के साथ 16 नवंबर को सवा तीन बजे भगवती लाज बड़हलगंज के सामने आरोपी अभिषेक यादव ने रास्ते में छेड़खानी की थी।

# पीआरवी टीम से भिड़ीं महिलाएं

## जमीन के विवाद की सूचना पर पहुंची थी पीआरवी, मामले को शांत कराया

- वीडियो बना रहे चालक का मोबाइल छीनकर फेंका
- कांस्टेबल की तहरीर पर 3 महिलाओं पर केस दर्ज

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** जमीन के विवाद को सुलझाने गई पीआरवी टीम पर महिलाओं ने हमला कर दिया। वीडियो बना रहे चालक का मोबाइल छीनकर फेंक दिया।

पीआरवी टीम ने फोर्स की मांगकर मामला शांत कराया। इस मामले में पीआरवी में तैनात कांस्टेबल की तहरीर पर तीन महिलाओं पर केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया। उनके खिलाफ कार्रवाई कर चालान किया गया है। गुलरिहा थानाक्षेत्र के जंगल डुमरी नम्बर दो टोला सकलदीपपुर निवासी धर्मेंद्र चौरसिया ने शुक्रवार की शाम 112 नम्बर के पुलिस को सूचना दी कि मेरे जमीन पर कुछ महिलाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस बीच आरोपित महिलाएं पुलिस के साथ विवाद और गालीगलौज करने लगीं तब पीआरवी चालक होमगार्ड सुरेश सिंह ने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस पर नाराज होकर महिलाओं ने मोबाइल छीनकर फेंक दिया।

# चार थानों में गठित हुई एंटी भू-माफिया सेल

**जासं. गोरखपुर** : कैंट, खोराबार, रामगढ़ताल और शाहपुर थाने में एंटी भू-माफिया सेल गठित हुई है। टीम में एक दारोगा, एक दीवान, दो सिपाही व एक महिला सिपाही को तैनात किया गया है, जो शिकायत मिलते ही मौके पर जाकर निस्तारण करेंगे। जरूरत पड़ने पर लेखपाल और कानूनगो की मदद लेंगे।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जिले के इन चार थानों पर जमीन से जुड़े मामले ज्यादा आते हैं, इसलिए यहां एंटी भू-माफिया सेल गठित की गई है। टीम भू-माफिया पर नकेल कसने के साथ मौके पर जाकर तीन दिन में रिपोर्ट प्रेषित करेगी। टीम सीधे एसपी सिटी को रिपोर्ट करेगी।

# महिला की पिटाई मामले में मुकदमा दर्ज

**जासं, झंगहा** : नदुआ ज्ञानपार तेलिया टोला की परमसुधा की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को राजमंगल निषाद के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। महिला का आरोप था कि आरोपित ने खेत में काम करने के दौरान उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जेवर लेकर भाग गया।

# चोरी की मोटर साइकिल के साथ आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : चोरी की मोटर साइकिल के साथ आरोपित प्रिंस उर्फ राघवेन्द्र पाण्डेय को कैंट थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपित एसके कांप्लेक्स बेतियाहाता का रहने वाला है। जांच के दौरान उसके पास से मोटर साइकिल बरामद हुई है। आरोपित को जेल भेज दिया गया है। (जासं)

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपित सहित दो गिरफ्तार

गोरखपुर : गैंगस्टर एक्ट के आरोपित कड़जहा धोबी टोला निवासी नितेश पासवान उर्फ बाबू को खोराबार थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। उधर हत्या के प्रयास के आरोप में फरार चल रहे आरोपित बोहाबार निवासी अखिलेश साहनी को झंगहा थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपित के पास से घटना में शामिल लोहे का सब्बल भी मिला है। (जासं)

# मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के तीन आरोपित किए गए दंडित

**जासं, गोरखपुर :** मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने गोला थाना क्षेत्र के ग्राम कोहड़ा बुजुर्ग निवासी अभियुक्त प्रसिद्ध व पारस को तीन साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को 13 हजार रुपये के अर्थदंड तथा अभियुक्त सागर को पांच साल के कठोर कारावास व 33 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि महेंद्र कुमार गोला थाना क्षेत्र के कोहड़ा बुजुर्ग का निवासी है। 25 मई 2006 को सुबह सात बजे वादी के पट्टीदार प्रसिद्ध, पारस, सागर व श्याम दुलारी लाठी-डंडा व फावड़ा लेकर वादी के आने-जाने वाले रास्ते को खोदकर अवरुद्ध कर रहे थे। वादी के मना करने पर प्रसिद्ध गाली देने लगा। शोर सुनकर वादी का भाई शैलेंद्र कुमार भी आ गया। प्रसिद्ध ने ललकारते हुए कहा कि इन सब को जान से मार डालो। वादी और उसका भाई जान बचा कर भागे। अभियुक्तों ने वादी के भाई को पकड़ लिया और लात-मुक्का व लाठी से मारने लगे, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

# डाक्टर समेत तीन पर नौ करोड़ की ठगी करने का मुकदमा

- संस्था में रुपये जमा हुए रुपये लेकर भागने का है आरोप
- एडीजी के आदेश पर हुई कार्रवाई जांच में जुटी कैंट पुलिस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** संस्था चलाने वाले डा. प्रमोद कुमार सिंह, उनकी पत्नी व साले पर नौ करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। संस्था के उपाध्यक्ष व रुपये जमा करने वालों ने इसकी जानकारी एडीजी जोन कार्यालय में की थी। एडीजी के आदेश पर कैंट थाना पुलिस ने जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्था के उपाध्यक्ष मनी सिंह ने एडीजी जोन कार्यालय में दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि डा. प्रमोद सिंह ने होप मल्टी स्टेट मल्टी परपज कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड नामक कम्पनी बनाई थी, जिसके वह खुद अध्यक्ष हैं। इस संस्था में 50 से अधिक लोगों ने नौ करोड़ से अधिक रुपये जमा किए थे, जिसे डा. प्रमोद सिंह ने अपनी पत्नी हर्षना शर्मा व साले प्रणव की मदद से निकाल लिए। दो वर्ष से डा. प्रमोद शहर से गायब हैं। उनकी पत्नी भी मेडिकल कालेज रोड पर स्थित फ्लैट को बेचकर भागने की तैयारी कर रही हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

## यह है मामला

होप मल्टी स्टेट परपज कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड कम्पनी लोगों का खाता खुलवा कर पैसा जमा कराती थी। मनी सिंह ने बताया कि कम्पनी के अध्यक्ष डा. प्रमोद ने लोक लुभावने वायदा कर बेरोजगारों को जाल में फंसाकर रुपये जमा कराए। समयावधि तिथि से सात दिन के भीतर भुगतान करने का उन्होंने वादा किया था, लेकिन किसी को भुगतान नहीं मिला। रुपये जमा करने वाले लोग अब उनके घर पहुंचकर हंगामा कर रहे हैं।

# शिक्षक समेत चार पर दहेज हत्या का मुकदमा

**जासं. गोरखपुर** : गोरखनाथ थाना पुलिस ने शिक्षक समेत चार के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को शिक्षक की पत्नी का शव फंदे से लटकता मिला था। कमरे की तलाशी लेने पर पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला। सुमेर सागर निवासी मनोज गुप्ता की शादी जनवरी 2020 में फर्टिलाइजर की रहने वाली ज्योति गुप्ता से हुई थी। शुक्रवार की शाम घर में फंदे से ज्योति का शव लटकता मिला। भाई गोलू ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए ज्योति की हत्या करने का आरोप लगाया था। प्रभारी निरीक्षक थाना गोरखनाथ दुर्गेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शिक्षक को हिरासत में लिया गया है।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

जासं, बड़हलगंज : छात्रा के साथ छेड़खानी करने के मामले में कल्यानपुर के निवासी आरोपित अभिषेक यादव को बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है।

आरोपित पर एक छात्रा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 16 नवंबर को सवा तीन बजे भगवती लॉज के सामने कल्यानपुर मोहल्ले के रहने वाले अभिषेक ने रास्ता रोककर हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर छेड़खानी शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने बताया कि आरोपित आए दिन उसे परेशान करता था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज किया था।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को कैंट थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। कैंट थाना प्रभारी शशिभूषण राय ने बताया कि युवक प्रिंस उर्फ राघवेंद्र पांडेय एसके कांपलेक्स बेतियाहाता का रहने वाला है। जांच के दौरान उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ब्यूरो

# गैंगस्टर एक्ट का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को खोराबार थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी नितेश पासवान उर्फ बाबू लाल रामनगर कड़जहा धोबी टोला का रहने वाला है। इसके खिलाफ जिले के कई थानों में लूट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। काफी दिनों से उसकी तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि वह क्षेत्र के एक गांव में घूम रहा है। इस पर टीम मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया है। ब्यूरो

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। हत्या के प्रयास के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को झंगहा थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी अखिलेश साहनी बोहाबार का रहने वाला है। उसके खिलाफ पूर्व में हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई थी। मुखबिर की सूचना पर पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को उसके पास से घटना में शामिल लोहे का सब्बल भी मिला है। ब्यूरो

# पीआरवी पुलिसकर्मियों से विवाद करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

**मेडिकल कॉलेज।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो टोला सकलदीपपुर में जमीन विवाद को सुलझाने गए पीआरवी पुलिसकर्मियों से दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि गांव के धर्मेंद्र चौरसिया ने शुक्रवार की शाम 112 नंबर पर सूचना दी कि उनकी जमीन पर कुछ महिलाएं कब्जा कर रहीं हैं। सूचना पर पीआरवी 3901 की टीम मौके पर पहुंची। आरोप है कि महिलाएं पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली देने लगीं। पीआरवी चालक होमगार्ड सुरेश सिंह मोबाइल ने वीडियो बनाना शुरू किया तो महिलाओं ने मोबाइल छीनकर फेंक दिया।

पीआरवी ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद गुलरिहा पुलिस मौके पर पहुंची, तब जाकर मामला शांत हुआ। पीआरवी पर तैनात कांस्टेबल विष्णु चौधरी की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने जसीमा, सीमा खातून, नसीमा के खिलाफ मारपीट सहित सरकारी काम में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। ब्यूरो

## अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज

**गोरखपुर।** नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपित क्षेत्र के एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यभाष्कर की अग्रिम जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट नवल किशोर सिंह ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना एक अक्तूबर 2022 की है। वादी की नाबालिग बच्ची को विद्यालय के प्रधानाचार्य आरोपित सत्यभास्कर ने फार्म भरवाने के दौरान आफिस में बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ की थी। संवाद

# पर्स चुराने वाली दो महिलाएं जेल भेजी गईं

**भटहट।** गुलरिहा थाना भटहट चौकी क्षेत्र के अंतर्गत टप्पेबाज महिलाओं ने शुक्रवार को टेंपो में बैठी महिला का पर्स चुरा लिया। पिपराइच थाना क्षेत्र की मेहरुन निशा की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने दो महिलाओं को जेल भेज दिया है।

इनकी पहचान मनीषा और फूलकुमारी निवासी लकड़जहां मुजफ्फरपुर बिहार के रूप में हुई है। एक किशोरी को संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

ये दोनों महिलाएं किशोरी के साथ शुक्रवार की देर शाम टैंपो से भटहट आ रहीं मेहरुन निशा का पर्स चुरा ली थीं। पुलिस ने इनके पास से पर्स सहित 1500 रुपये नकदी बरामद किया था। ब्यूरो

# जेल से छूटकर करने लगा अपराध, फिर पहुंचा जेल

### शातिर बदमाश अजय को सिकरीगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जमानत पर बाहर आए शातिर बदमाश अजय कुमार दूबे उर्फ बिहारी दूबे को सिकरीगंज पुलिस ने महादेवा बाजार तिराहे से शनिवार को गिरफ्तार किया है।

अपराधी जेल से बाहर आने के बाद फिर से एटीएम बदलकर जालसाजी, चोरी और लूट जैसी वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने उसके पास से चार एटीएम, दो मोबाइल, एक तमंचा और तीन कारतूस बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी बेहद शातिर है। महराजगंज पुलिस ने उसे एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस दौरान उसके पैर में गोली भी लगी थी, लेकिन पैर ठीक होते ही वह जमानत पर जेल से बाहर आ गया। इसके बाद फिर अपराध करने लगा।

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया, पकड़े गए बदमाश के खिलाफ गोरखपुर के अलावा, संतकबीरनगर, महाराजगंज और कुशीनगर जिले के अलग-अलग थानों में चोरी, लूट जालसाजी जैसे संगीन मामलों के 24 मुकदमे दर्ज हैं। जालसाजी के एक मामले में पुलिस को इसकी काफी दिनों से तलाश थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया गया है।

# सेडिका के शिक्षक, मां, पिता भाभी पर दहेज हत्या का केस

## भाई ने लगाया था हत्या का आरोप, दो साल पहले हुई थी शादी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके के सुमेर सागर की रहने वाली महिला की मौत के मामले में गोरखनाथ थाना पुलिस ने भाई की तहरीर पर शिक्षक पति, ससुर, सास और जेठानी के दहेज हत्या और उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, शनिवार को परिजनों ने महिला का दाह संस्कार कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, सुमेर सागर के रहने वाले मक्खन गुप्ता के बेटे मनोज गुप्ता की शादी फर्टिलाइजर की रहने वाली ज्योति गुप्ता (27) से जनवरी 2020 में हुई थी। शुक्रवार की शाम ज्योति का शव घर में फंदे से लटकते हुए मिला था। ज्योति के भाई गोलू ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया था। उसने बताया कि शादी के छह माह बाद से ही ससुराल वाले बहन को मारते-पीटते थे। स्थिति ऐसी थी कि हम लोगों से बात नहीं करने देते थे। किसी तरह अगर बात करती थी, तो उस पर भी उसे प्रताड़ित किया जाता था। चार दिन पहले बात हुई थी तो उसने तबीयत खराब होने की बात बताई थी।

### घर में दुपट्टे के फंदे से लटकती मिली थी शिक्षक की पत्नी ज्योति की लाश

भाई के आरोप पर पुलिस ने पति मनोज गुप्ता, ससुर मक्खन गुप्ता, सास और जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या और उत्पीड़न का केस दर्ज कर किया है। इंस्पेक्टर गोरखनाथ दुर्गेश सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच शुरू कर दी है।

# चार थानों में एंटी भू-माफिया सेल का गठन

गोरखपुर। कैंट, खोराबार, रामगढ़ताल और शाहपुर थाना में एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया गया है। टीम में एक दारोगा, एक दीवान, दो सिपाही और एक महिला सिपाही को तैनात किया गया है। यह टीम शिकायत आने पर मौके पर जाकर निस्तारण करेगी। जरूरत पड़ने पर लेखपाल और कानूनगो की मदद भी लेंगे। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जिले के इन चार थानों पर जमीन से जुड़े मामले ज्यादा आते हैं। इसलिए यहां एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया गया है। टीम भू-माफिया पर नकेल कसने के साथ ही भूमि से जुड़े मामलों में शिकायत मिलने के तीन दिन के भीतर मौके पर जाकर रिपोर्ट देगी। राजस्व विभाग से संपर्क स्थापित कर मामले को निपटाने के साथ ही चार बिंदु पर काम भी करेगी। इसकी मॉनिटरिंग सीधे एसपी सिटी करेंगे। ब्यूरो

# ध्यान दें, आज से शहर के आठ मुख्य रास्ते हो जाएंगे वन-वे

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शहर में आठ संकरे रास्तों पर दोनों तरफ से चार पहिया वाहनों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। इन रास्तों पर दिन भर जाम लगता था। इससे निजात पाने के लिए रविवार से सुबह आठ से रात आठ बजे तक एक तरफ से चार पहिया वाहनों के जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

इसके अलावा, नो इंट्री के दौरान भारी वाहनों को शहर से बाहर खड़ा कराया जाएगा। एसपी यातायात डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नो इंट्री के समय निर्धारित स्थान पर खड़े करने होंगे वाहन

### इन रास्तों को किया गया वन-वे

- कार्मल स्कूल मोड़ से सिटी माल तिराहे की तरफ।
- गोलघर से विजय चौराहा जाने वाला मार्ग।
- सिविल लाइंस क्षेत्र से आयकर तिराहा।
- यातायात कार्यालय से गोरखनाथ मंदिर (सुबह 6 से रात 10 बजे तक)।
- फिराक चौक से बेतियाहाता की तरफ।
- अग्रसेन तिराहा से गांधी गली की तरफ।
- पार्क रेजीडेंसी होटल से क्षेत्रीय क्रीड़ागंन की तरफ।
- रेलवे बस अड्डा से छात्रसंघ की तरफ बसें नहीं जाएंगी।

### *नो इंट्री के समय यहां खड़े होंगे भारी वाहन*

*कालेसर, नौसड़, बाघागाड़ा, रामनगर कड़जहां, देवरिया बाईपास, जगदीशपुर कोनी, पादरी बाजार, खजांची चौक, बरगदवां चौराहा।*

# सर्जन, उसकी पत्नी और साले पर नौ करोड़ की जालसाजी का केस

## डॉ. प्रमोद कुमार सिंह पर लोगों के रुपये लेकर फरार होने का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर के सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, उनकी पत्नी हर्षना शर्मा और साले प्रणव वशिष्ठ पर नौ करोड़ जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

प्रमोद सिंह ने होप मल्टी स्टेट मल्टी परपज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड नामक कंपनी बनाई थी। इसमें डॉक्टर चेयरमैन हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई सोसाइटी के वाइस चेयरमैन मनी कुमार सिंह की तहरीर पर की है। उन्होंने बताया है कि लोगों का जमा पैसा करीब नौ करोड़ रुपये डॉ. प्रमोद सिंह लेकर फरार हो गए हैं। इस काम में उनकी पत्नी और साले का भी हाथ है।

मनी का आरोप है कि डॉ. प्रमोद सिंह दो साल से रुपये लेकर गायब हैं, अब उनकी पत्नी भी शहर स्थित अपना फ्लैट बेच कर फरार होने वाली हैं। मामले में एडीजी अखिल

### एडीजी के निर्देश पर कैंट थाना पुलिस ने दर्ज किया केस

कुमार के निर्देश पर कैंट पुलिस ने डॉक्टर प्रमोद सिंह पत्नी हर्षना और साले प्रणव वशिष्ठ के खिलाफ जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि डॉ प्रमोद सिंह पर इससे पहले भी कई केस दर्ज हैं। मनी कुमार ने एडीजी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि होप मल्टी स्टेट परपज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड कंपनी लोगों के खाते खुलवा कर पैसा जमा कराती थी। कंपनी के चेयरमैन डॉ. प्रमोद ने वादा कर उन्हें और उनके जैसे सैकड़ों बेरोजगारों को जाल में फंसा कर काफी लोगों के रुपये सोसाइटी में जमा करवाए।

जमा करने के सात दिन बाद भुगतान करने का वादा किया था, लेकिन कई साल बाद भी रुपये नहीं लौटाए। बताया कि डॉ. प्रमोद कुमार सिंह पिछले दो साल से रुपये लेकर छिप गए हैं, उनका पता नहीं चल रहा है। पत्नी और साला भी भागने की फिराक में हैं। इस संबंध में डॉक्टर, उनकी पत्नी और साले का पक्ष नहीं मिल सका है। उनका पक्ष आने पर प्रकाशित किया जाएगा।

### पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, धमकी देने का केस दर्ज

**नौतनवां (महराजगंज)।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव छपवा निवासी पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, जान से मारने की धमकी देने व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गोरखपुर के गांव प्रतापपुर थाना चिलुआताल निवासी श्रवण कुमार ने बताया कि बड़ी बेटी की शादी नौतनवां थाना क्षेत्र के छपवा निवासी सुभाष चंद गुप्ता के बेटे राहुल से तय हुई थी। 7 फरवरी 2020 को लड़की देखने के बाद वर पक्ष के लोग शादी के लिए राजी हो गए। दहेज की रकम 14 लाख चेक के माध्यम से अदा कर दी। 25 अप्रैल 2021 को सगाई के दिन भी पांच लाख पच्चीस हजार खर्च हुए तथा एक लाख का कपड़ा दिया। इसके बाद सुभाष चंद गुप्ता ने और साढ़े सात लाख रुपये की मांग की। इसे भी दे दिया गया। 2 दिसंबर 2022 को शादी के लिए मैरिज हाल भी बुक कर लिया। आरोप है कि बीते 9 अक्तूबर को सुभाष चंद ने शादी करने से इनकार कर दिया और कहा कि न शादी करेंगे और न ही रुपये लौटाएंगे। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी सुभाष चंद गुप्ता, माया गुप्ता, राहुल निवासी छपवा थाना नौतनवां और अन्य नाम पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022

दैनिक जागरण दि० 20/11/22

# जीआरपी ने चार बदमाशों के विरुद्ध की गैंगस्टर की कार्रवाई

- ट्रेनों में चोरी, लूट व जहरखुरानी की घटना को देते हैं अंजाम
- चारों अपराधी फिलहाल जेल में हैं बंद, गोरखपुर में भी दर्ज है मुकदमा

जासं, भटनी, देवरिया: राजकीय रेलवे पुलिस ने चार अंतरराज्यीय अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जीआरपी के अनुसार, चारों अभ्यस्त अपराधी हैं। ट्रेनों में घुसकर चोरी, लूट व जहरखुरानी करना इनका पेशा है। वर्तमान में चारों अपराधी जेल में बंद हैं।

जीआरपी भटनी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार शुक्ल ने बताया कि खुखुंदू क्षेत्र के बीजापुर झंगटौर गांव का अंबिका गोंड पुत्र बिजली गोंड के विरुद्ध गोरखपुर जीआरपी थाने में सात, सीतापुर में तीन, भटनी जीआरपी में दो व खुखुंदू थाने में दो मामले दर्ज है।

बिहार के बेतिया जनपद के हरिहरनगर क्षेत्र के बेलागोला के रहने वाले मुरारी राम पुत्र बन्धुराम के विरुद्ध जीआरपी थाना गोरखपुर में एक, बेतिया के रामनगर थाने में एक मुकदमा दर्ज है।

बिहार के बेतिया जनपद के नौतन क्षेत्र के पुरन्दरपुर गांव के रहने वाले दिनेश चौधरी पुत्र सजावल चौधरी के विरुद्ध जीआरपी थाना गोरखपुर, बेतिया के थाना नौतन व नरकटियागंज जीआरपी थाने में एक-एक मुकदमा दर्ज है। बिहार के बेतिया जनपद के बैरिया क्षेत्र के बगही निमिया टोला के बृजन चौधरी पुत्र भिखा चौधरी के विरुद्ध जीआरपी थाना सुगौली, बेतिया व जीआरपी गोरखपुर में एक-एक मुकदमा पंजीकृत है।

दै० जागरण 20/11/22

# वाराणसी में मिली गायब छात्रा

जासं, खुखुंदू: क्षेत्र के एक गांव से स्कूल जाते समय छात्रा गायब हो गई। जब इसकी सूचना स्वजन को हुई तो वह परेशान हो गए और इसी सूचना पुलिस को दी। बुधवार को क्षेत्र के एक गांव की छात्रा देवरिया स्कूल ज़ाने के लिए सड़क पर आई, इसी बीच कुछ बाइक सवार युवक लेकर चले गए, तभी कुछ युवकों ने इसकी सूचना स्वजन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस छात्रा की तलाश में जुट गई, वह कक्षा सात की छात्रा थी। पुलिस के मुताबिक छात्र यहां से इलाहाबाद चली गई लोकेशन के आधार पर उसकी सूचना जब वाराणसी में मिली तो स्वजन के साथ वहां पहुंच गए और लेकर थाने पहुंचे। तब पुलिस ने राहत की सांस ली। थानाध्यक्ष गोपाल राजभर ने बताया कि छात्रा को स्वजन को सौंप दिया गया है, कुछ युवकों के लोकेशन पर वाराणसी से छात्रा को बरामद किया गया है।

# कूड़ा फेंकने के विवाद में चार पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : क्षेत्र के ग्राम कोइलगढ़हा के टोला मलटोलिया में कूड़ा फेंकने से मना करने पर मारने पीटने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोइलगढ़हा के मलटोलिया की रहने वाली मीना देवी पत्नी जनार्दन गोड़ ने न्यायालय से आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी आरोपितों ने छह जुलाई को सुबह आठ बजे कूड़ा फेंकने से मना करने पर घर में घूंसकर मारपीट कर घायल कर दिया था। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कोइलगढ़हा गांव के मलटोलिया टोला के रहने वाले धनपाल गोड़, टुनटुन, मीरा देवी, आदित्य के विरुद्ध मारपीट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष उपेन्द्र मिश्र ने बताया चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 20/11/22

# सात के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, रुद्रपुर: पुलिस ने मारने पीटने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने पर गांव के सात लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न सहित बलवा का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर के रहने वाले रामप्रीत ने तहरीर में आरोप लगाया कि आरोपितों ने शौच करने गए पुत्र से अकारण मारा-पीटा व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर घर में घूसकर अपमानित किया। पुलिस ने गांव के रहने छोटू निषाद, किशन निषाद, आकाश निषाद, सुरेंद्र निषाद, अरविंद निषाद, हरेंद्र निषाद व आनंद निषाद के विरुद्ध कार्रवाई की है।

# पुलिस आपकी है, समस्या होने पर जरूर बताएं

## डिप्टी एसपी अंशुमन श्रीवास्तव ने छात्राओं को सिविल सहित पुलिस में कॅरियर बनाने की दी जानकारी, जीआईसी सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम




संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। डिप्टी एसपी अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस समाज के बेहतर निर्माण में अपना अहम योगदान देती है।

कॅरियर के रूप में अन्य जगहों की अपेक्षा इसमें चुनौतियां अधिक हैं। अब इसमें महिलाओं को आने का अवसर ज्यादा है। हमेशा यह ख्याल रखें कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है, समस्या होने पर जरूर बताएं।

वह शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में अमर उजाला फाउंडेशन के अपराजिता अभियान के तहत आयोजित पुलिस की पाठशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में मौजूद 273 छात्र-छात्राओं से मुखातिब डिप्टी एसपी ने कहा कि सपना और लक्ष्य हमेशा बड़ा देखें और बनाएं।

पुलिसिंग में कॅरियर बनाना है तो आईपीएस और प्रशासनिक क्षेत्र में जाना हो तो आईएएस बनने का ख्वाब देखें। इसके लिए अभी से अपनी तैयारियों पर फोकस करें।



राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित पुलिस की पाठशाला को सीओ अंशुमन ने किया संबोधित। संवाद

शरीर पर पुलिस की वर्दी ज्यादा अपील करती है। इसलिए अब इस क्षेत्र में भी इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित क्षेत्र के लोग आ रहे हैं। आपके अंदर प्रतिभा होगी तो आप भी पुलिसिंग क्षेत्र में आ सकती हैं। वर्दी में रहकर लोगों की सेवा करने का अलग ही आनंद है।

आगे कहा कि शिक्षा का उद्देश्य ज्ञानयुक्त बनाने एवं बेहतर नागरिक तैयार करना है, जो कानून व संविधान का पालन करने वाला हो। यात्रा के दौरान हेलमेट का प्रयोग जरूर करें पुलिस के डर से नहीं, खुद की सुरक्षा के लिए।

इसमें हेयर स्टाइल बिगड़ने जैसी कोई बात नहीं, जिसको आपको देखना है देखेगा ही। चाकू व छुरी चोर व डॉक्टर दोनों चलाते हैं लेकिन दोनों की नीयत में अंतर है।

महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर कहा कि किसी पर विश्वास करने के साथ ही आप उससे धोखा मिलने का भी रास्ता खोल देते हैं। ऐसे में अच्छा तरीका यही है कि किसी पर यकीन न ही करें।

लड़कियां अपने खिलाफ होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज अवश्य उठाएं, डरें नहीं कि समाज क्या कहेगा। इससे दूसरों को भी हिम्मत मिलेगी। युवावस्था में ही विध्वंसक चीजों का आकर्षण ज्यादा होता है।

किसी पर फब्तियां कसना अल्पसुख दे सकता है पर किसी के लिए यह दुखदायी भी हो सकता है।

महिला संबंधी मामलों में पुलिस संवेदनशील होती है। अपराधी के लिए लड़कियां या महिला हमेशा साफ्ट टारगेट रहती हैं। ऐसे में जागरूकता के बल पर ही इससे बचा जा सकता है।



सिविल सेवा में जाने के लिए तैयारी कैसे की जाए, कहां से पाठ्यक्रम मिलेगा, इस बारे में सीओ सर ने पुलिस की पाठशाला में बताया। अन्य दिनों से अलग यह क्लास रही।

-रानी यादव



दारोगा बनने के लिए क्या किया जाए, इस पर सीओ सर ने बेहतर ढंग से जानकारी और बड़ा सोचने व लक्ष्य बनाने की सलाह दी। यह क्लास शानदार रही।

-अर्पिता दूबे



बिना कोचिंग के सिविल सेवा की तैयारी कैसे की जाए, इस बारे में गूगल व यूट्यूब से मदद लेने की बात पुलिस की पाठशाला में पता चली। यह आगे काम करेगा।

-धनंजय राम



रोज के विषयों की पढ़ाई से यह पाठशाला अलग रही। इसमें कई नई जानकारियां मिलीं और पुलिस विभाग के अधिकारी इसमें कॅरियर काउंसलर के रूप में नजर आए।

-आदित्य दूबे

### जिज्ञासाओं को किया शांत

सीओ ने मौके पर अपनी पूरी शैक्षिक यात्रा के बारे में बताया। कहा कि वह हाईस्कूल में खुद सेकेंड डिवीजन में पास हैं। स्कूली पढ़ाई में औसत ही रहे, लेकिन मार्गदर्शन व मेहनत से अपनी पहचान बनाई। बचपन से ही वर्दी अपील करती थी जो इसे ही चुना भी। कम नंबर पाने वाले विद्यार्थी कभी अपने को हीन न समझें और जहां कमी है, उसे दूर कर अपना कॅरियर बनाने में लग जाएं। छात्राओं की ओर से पूछे गए सवालों का भी उन्होंने जवाब दिया।

अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य रीके शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी मोबाइल फोन का उपयोग करें, दुरुपयोग नहीं।

असफलता से घबराएं नहीं, बल्कि और अच्छा करने का प्रयास कर बेहतर बनने की कोशिश करें। बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में अभी से जुट जाएं।

इस दौरान शिक्षक गोविंद सिंह, शिवानंद नायक, सुनीता मिश्रा, असीम कुमार चौधरी, रमेश सिंह, लाल्टन मिश्रा, अमित साहनी, राजेश मणि आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि. 20/11/22

# डीएम-एसपी ने मतदेय और मतगणना स्थल का जाना हाल

## प्रवेश और निकास के अलावा पेयजल, शौचालय आदि की जानकारी ली

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा ने शनिवार को अधिकारियों के साथ मतदेय और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रवेश और निकास के अलावा पेयजल, शौचालय आदि की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने एसके इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरा, ब्लॉक, जायसवाल अतिथि भवन सहित अन्य मतदेय का निरीक्षण किया। नगर पालिका चुनाव को लेकर नगर में 16 केंद्रों पर 46 बूथ बनाए गए हैं। इसमें दो बूथ बीआरसी और उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरा-कटइलवा संवेदनशील हैं।

डीएम ने ईओ चंद्रकृष्ण पांडेय को मतदान स्थल पर जरूरत के इंतजाम पूरा करने को कहा। सुबह आते समय डीएम ने भलुअनी के पटखौली वार्ड के निकट सड़क के किनारे बालू के ढेर देख नाराजगी जताई।

वहीं, करुअना चौराहे पर खाद-बीज के दुकानदार अधिकारियों के आने की सूचना पर अपना प्रतिष्ठान बंद कर खिसक लिए थे। मौके पर प्राचार्य शंभूशरण त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रेमशंकर पाठक, आनंद सिंह, मनोज गुप्ता, जोखन बाबू, विनय मिश्र आदि मौजूद रहे।



बरहज बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज आश्रम के बाहर प्राचीन विशाल वट वृक्ष के नीचे फोटो खिंचवाते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा। संवाद

### प्राचीन वट वृक्ष का सुंदरीकरण कराकर बोर्ड लगाने के दिए निर्देश, कराया फोटो सेशन

बरहज। बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज और एसके इंटर कॉलेज परिसर में डीएम और एसपी ने प्राचीन विशाल वट वृक्ष को देखकर उसके बारे में जानकारी ली। उन्होंने ईओ से वट वृक्ष को सुंदर कराकर बोर्ड चस्पा कराने को कहा। वट वृक्ष के नीचे डीएम और एसपी ने सभी के साथ और अलग-अलग फोटोसेशन कराया, जबकि डीएम ने सेल्फी भी ली।संवाद

### धान खरीद के भुगतान में देरी पर डीएम नाराज

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को विपणन विभाग के संचालित बरहज ब्लॉक के राजकीय धान क्रय केंद्र मिर्जापुर का औचक निरीक्षण किया। किसानों से धान क्रय का भुगतान करने में विलंब होने पर डिप्टी आरएमओ से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने धान का भुगतान किसानों के खाते में 48 घंटे में करने का निर्देश दिया। कहा कि निर्धारित समय के अंदर भुगतान न होने से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। संवाद

अमर उजाला दि. 20/11/22

# लापरवाह कंबाइन चालक पर केस दर्ज

## गौरकोठी में कंबाइन से कटकर दो बच्चियों की मौत का मामला

बरियारपुर। थाना क्षेत्र के गौरकोठी गांव में कंबाइन से कटकर दो बच्चियों की मौत के मामले में शनिवार को पुलिस ने केस दर्ज किया। यह कार्रवाई करिश्मा के पिता संदीप गिरी की तहरीर पर की गई है। पुलिस लापरवाह कंबाइन चालक की तलाश में जुटी है।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के गौरकोठी गांव में बृहस्पतिवार को मां के साथ खेत में गई जिया और करिश्मा की कंबाइन से कटकर मौत हो गई थी। करिश्मा के पिता संदीप गिरी ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर कंबाइन चालक पर जानबूझकर कृत्य करने का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस ने अज्ञात कंबाइन चालक पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया। एसओ सुभाषचंद्र पाण्डेय ने बताया कि केस दर्ज कर कंबाइन चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संवाद

अमर उजाला दि. 20/11/22

# लोकेशन मिलने पर रात में पहुंचा एसओजी

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। भलुअनी थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी नीरज तिवारी मामले के खुलासे के लिए दो थानों के अलावा एसओजी को लगाया गया है। सर्विलांस पर दो दिन पूर्व लोकेशन मिलने पर पुलिस हरकत में आ गई।

लेकिन पड़ताल में नीरज के नाम का सिम और मोबाइल उसकीचाची और एक रिश्तेदार के पास निकला। 17 दिन बाद भी नीरज और बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी उसकी प्रेमिका का कहीं सुराग नहीं लग सका है।

दो दिन पूर्व देर शाम सुकरौली के निकट सर्विलांस पर नीरज की लोकेशन मिलनी बताई गई। इसको देखते हुए भलुअनी-बरहज की पुलिस और एसओजी मौके पर पहुंच गई।

परिजनों का कहना है कि नीरज का पुराना एंड्रॉयड मोबाइल फोन मरकड़ा निवासी और एक रिश्तेदार, जबकि उसके नाम का सिम चाची संध्या चलाती हैं।

## रिश्तेदार के पास था नीरज का पुराना एंड्रॉयड मोबाइल

*भलुअनी थाना क्षेत्र के विलासपुर निवासी नीरज प्रकरण की तहकीकात में पुलिस जुटी हुई है। फिलहाल, कोई नतीजा सामने नहीं आया है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।*

***-संकल्प शर्मा,** एसपी देवरिया*

छात्र नीरज चार नवंबर को पढ़ाई के लिए कोटा जाने की तैयारी में था। लोगों के अनुसार वह दो नवंबर को साथी के साथ अपनी प्रेमिका से मिलने बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव गया हुआ था।

जहां से वह और उसकी प्रेमिका दोनों रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं। नीरज के परिजन प्रेमिका के घर वालों पर हत्या कर शव ठिकाने लगाने, जबकि प्रेमिका के पिता नीरज पर बहला-फुसला कर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

अमर उजाला 20/11/22

# गिरोह का सरगना निकला अंबिका

संवाद न्यूज एजेंसी

## ट्रेनों में लूट, चोरी, जहरखुरानी, मारपीट आदि के बीस मुकदमे हैं दर्ज

भटनी। रेलवे स्टेशन से पांच दिन पूर्व गिरफ्तार चारों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड का जीआरपी ने शनिवार को खुलासा किया है। जांच में खुखुंदू थाना क्षेत्र का रहने वाला अंबिका गोंड़ व उसके साथी ट्रेनों में गिरोह बना कर घटनाओं को अंजाम देते थे।

उनके खिलाफ भटनी, गोरखपुर, नरकटियागंज, खुखुंदू आदि थानों में बीस से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। टीम को एसपी रेलवे गोरखपुर ने पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

भटनी जीआरपी एसओ श्रवण कुमार शुक्ल ने मंगलवार को प्लेटफॉर्म संख्या एक से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के बाद जीआरपी उनकी आपराधिक रिकॉर्ड ढूंढने में जुट गई। जांच में खुखुंदू थाना क्षेत्र के बीजापुर झंगटौर गांव निवासी अंबिका गोंड़ पर गोरखपुर, भटनी, खुखुंदू में लूट, चोरी और जहरखुरानी के चौदह मामले दर्ज है।

वहीं, बिहार प्रांत के बेतिया जिले के रहने वाले उसके तीनों साथियों पर भी छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे में जीआरपी आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के लिए जुट गई है। एसपी रेलवे ने जीआरपी भटनी को पुरस्कृत करने की बात कही है।

एसओ जीआरपी ने बताया कि ट्रेनों में अपराध पर अंकुश लगाने के क्रम में जीआरपी को बड़ी सफलता मिली है।

अमर उजाला 20/11/22

# मां-बेटी के पोस्टमार्टम की हुई वीडियोग्राफी

संवाद न्यूज एजेंसी

## मायके वालों ने जताई थी हत्या की आशंका

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के देवतहां गांव में चार दिन पहले रहस्यमय तरीके से लापता मां और बेटी के शव दो दिन बाद शुक्रवार को गांव के तालाब में मिले।

महिला के शरीर पर चोट के निशान मिलने पर मायके वालों ने पुलिस की देखरेख में वीडियोग्रॉफी के साथ पोस्टमार्टम करने की गुहार लगाई थी। शनिवार को मां-बेटी के पोस्टमार्टम की वीडियोग्रॉफी कराई गई।

कसया थाना क्षेत्र के दिलीपनगर कलीपट्टी गांव निवासी रामलक्षन की पुत्री सीमा (35) की 2009 में शादी हुई थी। उसे पांच वर्षीय पुत्री अनुष्का थी। किसी बात को लेकर पति से विवाद होने के बाद वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। दो दिन बाद मां और बेटी के शव गांव के बाहर तालाब से मिले।

सूचना पाकर पहुंचे मायके वालों ने शरीर पर चोट के निशान देख पुलिस की देखरेख में पोस्टमार्टम की वीडियोग्रॉफी कराने की गुहार लगाई।

करीब एक घंटे की वीडियोग्रॉफी के साथ मां और बेटी का पोस्टमार्टम हुआ। इसमें चोट के निशान आए हैं। जांच के लिए विसरा सुरक्षित रख दिया गया है।

अमर उजाला 20/11/22

B

राष्ट्रीय सहारा दि. 20/11/22

# निकाय चुनाव को लेकर नामांकन स्थल का किया निरीक्षण

बरहज। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। नामांकन स्थल पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम के निर्धारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश मौजूद अधिकारियों को दिया। नगर के बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निर्धारण करते समय बसों की पार्किंग एवं मतदान से जुड़ी सामग्रियों के पर्याप्त सुविधा को ध्यान में रखते हुए कहा कि मतदान कर्मियों को ले जाने वाले बसों के प्रवेश एवं निकास का द्वार अलग-अलग होना चाहिए। मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के राज्य चुनाव एवं मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन किया जाय। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम के लिए उचित स्थल या स्थान का चयन करके साइट प्लान अभी से बना लिया जाय। डीएम ने नगर निकाय निर्वाचन के लिए नगर के प्रस्तावित मतदान केन्द्र श्रीकृष्ण इण्टर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरा बरहज, जायसवाल अतिथि भवन का निरीक्षण कर बूथ को बनाते समय मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखने का निर्देश दिया।



स्थानीय निकाय चुनाव के मद्देनजर पीजी कालेज का किया निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

राष्ट्रीय सहारा 20/11/22

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

बनकटा । स्थानीय थाना श्रीरामपुर क्षेत्र के राजपुर के समीप से पुलिस ने दिलीप सिंह रामगढ़ थाना नौतन सिवान बिहार को 23 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया थानाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# पत्रकारों ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

**भाटपाररानी ।** स्थानीय तहसील परिसर के सम्पूर्ण समाधान में पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर को नेशनल प्रेस यूनियन के बैनर तले संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विपुल तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों पत्रकारों ने मईल थाना क्षेत्र के पत्रकार जर्नादन कुशवाहा पर हुए प्राणघातक हमले के दोषियों की गिरफ्तारी किये जाने व पत्रकार की सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध किये जाने का मांग पत्र सौपा। इस दौरान मुख्य रूप से पत्रकार कामेश वर्मा, रामनाथ प्रसाद आदि मौजूद रहें।

हिन्दुस्तान दि. 20/11/22

## डीएम और एसपी ने बरहज में सुनी लोगों की फरियाद, अफसरों को संवेदनशील होकर निस्तारण करने को कहा

# 275 शिकायतें आईं, 44 का निस्तारण

### आयोजन

देवरिया, निज संवाददाता। जिले में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में जिले भर में कुल 275 शिकायतें आयीं, जिसमें से 44 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बरहज में लोगों की फरियाद सुनी, जबकि मुख्य विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार ने भाटपाररानी में समस्या सुनी। डीएम ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ मामलों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।



बरहज तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने फरियाद सुन आवश्यक निर्देश दिया। • हिन्दुस्तान



शनिवार को भाटपारानी तहसील मे सम्पूर्ण समाधान दिवस पर समस्या सुनते सीडीओ रविन्द्र कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर। • हिन्दुस्तान

बरहज संवाद के अनुसार जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि कोई भी मामला दूसरी बार तहसील पर न आए, इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय पूर्व प्रत्येक समस्याओं का निस्तारण करना होगा। लंबित मामला मिलने पर विभागीय शिथिलता मानी जाएगी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस से जुड़े मामलों को सुना। इस दौरान कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें राजस्व-21, पुलिस-19, विकास-नौ व अन्य आठ मामले रहे। मौके पर राजस्व के महज तीन मामलों का निपटारा किया गया। वहीं, दिव्यंगता बोर्ड से शिविर लगाते हुए 16 लाभार्थियों में दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जहां पहुंचे डीएम व एसपी ने दिव्यांगता बोर्ड के नोडल अधिकारी डॉ. पीएन कन्नौजिया से जानकारी प्राप्त की। एसडीएम डॉ. गजेंद्र कुमार, सीओ पंचमलाल, एसीएमओ डॉ. संजय चंद, तहसीलदार अश्वनी गुप्ता, नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ चंद्रभूषण यादव आदि मौजूद रहे।

भाटपाररानी संवाद के अनुसार तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचते ही सीडीओ ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग, गन्ना विभाग सहित कई विभागों के मातहतों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्हें तत्काल संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचने का निर्देश दिया। यहां कुल 81 शिकायतें मिली, जिसमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी प्रेम नारायण तिवारी, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

सलेमपुर संवाद के अनुसार एडीएम वित्त एवं राजस्व नगेन्द्र सिंह ने सुनी। कुल 53 मामले आए, जिसमें से नौ का निस्तारण कर दिया गया। एडीएम वित्त एवं राजस्व नगेन्द्र सिंह, एसडीएम अरुण कुमार, सीओ देव आनंद, तहसीलदार मिश्री सिंह चौहान, नायब तहसीलदार डॉ भागीरथी सिंह, ईओ पंकज कुमार, राजन नाथ तिवारी, बीडीओ आनंद प्रकाश आदि मौजूद रहे। सदर तहसील में आए 40 प्रकरणों में 7 का व रुद्रपुर तहसील में आए 44 मामलों में 16 का निस्तारण किया गया।

हिन्दुस्तान 20/11/22

# छह लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस

देवरिया। भूमि पर कब्जा करने और धोखा धड़ी करने वाले छह के लोगों के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।सलेमपुर कोतवाली के इचौना वार्ड के रहने वाले मोहन लाल जायसवाल पुत्र गौरीशंकर जायसवाल की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने विद्या देवी पत्नी अझैवर, अक्षैवर प्रसाद निवासी देवरिया खास थाना कोतवाली, सरिता देवी, अशोक पुत्र महेन्द्र निवासीगण पथरेदवा थाना तरकुलवा चन्द्रमा प्रकाश निवासी देवरिया खास थाना कोतवाली और धर्मेन्द्र निवासी मुहल्ला जलकल रोड के विरुद्ध केस दर्ज।

# छात्रा के अपहरण का केस दर्ज

देवरिया। स्कूल गई छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मईल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला शहर के एक मोहल्ले में अपनी बेटी और परिवार के साथ रहती है। उनकी बेटी एक महाविद्यालय में पढ़ती है। 17 नवम्बर की सुबह घर से स्कूल गई। रास्ते से गांव के ही एक युवक और उसके दोस्त पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 20/11/22

# करिश्मा के पिता ने कंबाइन चालक पर दर्ज कराया केस

बरियारपुर, हिन्दुस्तान संवाद। संदीप गिरी ने अपने पुत्री करिश्मा की कंबाइन मशीन के चपेट में आने से हुई मृत्यु की घटना में शामिल अज्ञात चालक के विरुद्ध बरियारपुर थाना में शनिवार को मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस ने अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया है।

बतादें कि गुरुवार को बरियारपुर थाना क्षेत्र में गौरकोठी के गोसाई टोला पर कंबाइन मशीन से धान की फसल की कटाई हो रही थी। इसी दौरान अपने स्वजनों के साथ दो छोटी बच्चियां करिश्मा पुत्री संदीप गिरि निवासी रामबर चरगहां थाना कसया जनपद कुशीनगर जो अपने मौसा चित्रसेन गिरि के यहां आई हुई थी और गोसाई टोले की जीया पुत्री अंगद गिरि भी खेत में पंहुच गई। कंबाइन के रेपर की चपेट में आ गई।

दैनिक जागरण दि. 20/11/22

# वाहनों पर लगाएं रिफ्लेक्टिव टेप, दुर्घटना से बचाव की दी जानकारी

जासं, देवरिया: कोहरा व धुंध से होने वाली दुर्घटना से बचाव के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के लिए एआरटीओ के नेतृत्व में वाहन चालकों को शनिवार को जागरूक किया गया। इस दौरान कई वाहनों के आगे व पीछे रिफ्लेक्टिव टेप लगा कर उसके महत्व के बारे में चालकों को बताया गया। दैनिक जागरण में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं को लेकर विभागीय उदसीनता व यातायात के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर लगातार खबरों की सीरीज प्रकाशित होने के बाद संभागीय परिवहन विभाग ने इसको संज्ञान में लेते हुए वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

एआरटीओ आशुतोष शुक्ला ने बताया कि कोहरे का असर सड़क पर रात में दिखने लगा है। कुछ ही दिन में घना कोहरा पड़ने लगेगा। ऐसे में रात व दिन में कोहरे से बचाव के लिए भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाना आवश्यक है। इससे वाहन व चालक दोनों सुरक्षित रहेंगे। इस अवसर पर संभागीय निरीक्षक प्रदीप यादव, लक्ष्मी रतन मिश्रा, अमरेश सिंह प्रवर्तन सिपाही तथा मंडी समिति के वरिष्ठ सहायक जवाहर यादव आदि उपस्थित रहे।

**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**
नवीन गल्ला मण्डी स्थल महेवा चुंगी, गोरखपुर–273016
Email id: mandiparishad01@gmail.com

-::- **अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना** -::-

निर्माण खण्ड गोरखपुर के अन्तर्गत निम्न सम्पर्क मार्ग के मरम्मत/ अनुरक्षण कार्य हेतु अनुभवी तथा मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों से अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 06.12.2022 तक आमंत्रित की जाती है। जो ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 19.11.2022 को 11.00 बजे से दिनांक 05.12.2022 की सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। जिसकी

दैनिक जागरण दि. 20/4/22

# न्यायालय के आदेश पर छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, देवरिया: न्यायालय के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने छह के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई सलेमपुर के इचौना के रहने वाले मोहनलाल जायसवाल के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने की है। उनका कहना है कि देवरिया ख़ास में उन्होंने भूमि बैनामा कराया है। जिस पर काबिज हैं।

10 अप्रैल को कुछ लोग मेरी भूमि पर गए और ईंट, बालू व सीमेंट गिराकर निर्माण कार्य कराने लगे। मना करने पर धमकी दी।

पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर देवरिया खास की विद्या देवी पत्नी अछैवर, अछैवर पुत्र कमला प्रसाद, पथरदेवा की सरिता देवी पत्नी अशोक मद्धेशिया व अशोक मद्धेशिया पुत्र महेंद्र मद्धेशिया, देवरिया खास के चंद्रमा प्रकाश पुत्र बलेसर, जलकल रोड के धर्मेंद्र पुत्र बाजीलाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दैनिक जागरण 20/11/22

# हेलमेट पहनने वाली महिलाओं को दिया गुलाब का फूल

देवरिया : महिला थाने की पुलिस ने शनिवार की शाम वाहनों की जांच की। बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने पर चालान किया। जबकि जिन महिलाओं व युवतियों ने हेलमेट पहन रखा था। उनको गुलाब का फूल देकर प्रोत्साहित किया गया। महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह ने शहर के हनुमान मंदिर, सीसी रोड, परशुराम चौक पर वाहनों की जांच की। उन्होंने हेलमेट लगाकर स्कूटी चलाने वाली महिलाओं व युवतियों को गुलाब का फूल दिया। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 20/11/22

# डीएम ने डिप्टी आरएमओ से मांगा स्पष्टीकरण

## धान क्रय केंद्र मिर्जापुर हरनडीह का किया निरीक्षण, भुगतान में की जा रही देरी पर जताई नाराजगी

जासं, देवरिया: डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने हाट शाखा की तरफ से संचालित बरहज के राजकीय धान क्रय केंद्र मिर्जापुर हरनडीह का हाल जाना। धान मूल्य के भुगतान में देरी की जानकारी मिलने पर डिप्टी आरएमओ को फटकार लगाई। उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम ने कहा कि धान खरीदने के 48 घंटे के भीतर बैंक खाते में भुगतान न होने पर जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

इस क्रय केंद्र पर किसान हरिश्चंद्र धान बेचने पहुंचे थे। डिप्टी आरएमओ बीसी गौतम ने डीएम को अवगत कराया कि अभी तक चार किसानों से 284 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। इसके पश्चात डीएम ने आनलाइन धान क्रय प्रणाली से किसानों के भुगतान की स्थिति को जानी, जिसमें पता चला कि चार में तीन किसानों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। जबकि दो किसानों ने 12 नवंबर को ही धान का बेचा था। सात दिन बाद भी मूल्य भुगतान न होने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने इस पर डिप्टी आरएमओ व क्रय केंद्र प्रभारी एमआइ मधुकर से स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही कहा कि यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं हुआ तो प्रतिकूल प्रविष्टि देने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने केंद्र पर क्रय संबंधी समस्त अभिलेख, टोकन रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। विजिटर बुक में निरीक्षण दर्ज किया।

> धान क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों को धान खरीदने के 48 घंटे के भीतर बैंक खाते में रुपये भेजने का प्रावधान है। किसानों से धान प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जा रहा है। शासन द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 रुपये निर्धारित किया गया है।
> जितेंद्र प्रताप सिंह, डीएम।

## डीएम ने चुनाव की तैयारियों के लिए स्थलों का जाना हाल



बीआरडीबीडी पीजी कालेज आश्रम बरहज का निरीक्षण करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

जासं, बरहज: डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए बरहज में तैयारियों का हाल जाना। उन्होंने नामांकन स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम बनाने के लिए विद्यालयों का निरीक्षण किया। डीएम सबसे पहले बीआरडीबीडी पीजी कालेज पहुंचे। उन्होंने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम स्थापित करने के संबंध में निर्देश दिए। पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निर्धारण करते समय बसों की पार्किंग व मतदान से जुड़ी सामग्रियों के भंडारण की पर्याप्त सुविधा को ध्यान में रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मतदानकर्मियों को ले जाने वाली बसों के प्रवेश व निकास का द्वार अलग-अलग होना चाहिए। मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम के निर्धारण मानक के अनुसार किया जाना चाहिए। कहा कि पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम के लिए उचित स्थल का चयन कर साइट प्लान बनाएं। इसके बाद डीएम ने प्रस्तावित मतदान केंद्र एसके इंटर कालेज, उच्च प्रावि गौरा व जायसवाल अतिथि भवन का निरीक्षण किया। मतदाताओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022

# दो क्विंटल लहन नष्ट, 30 लीटर कच्ची बरामद

**जोकवा बाजार :** तुर्कपट्टी के दहारीपट्टी मुसहर टोली में शनिवार को पुलिस ने कच्ची के विरुद्ध छापामारी की। इस दौरान भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया और मौके से तीन धंधेबाजों को 30 लीटर कच्ची के साथ पकड़ा गया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मुसहर बस्ती पहुंचे तो देखते ही कच्ची के धंधेबाज भागने लगे। टीम ने दो क्विंटल लहन नष्ट की और तीन धंधेबाजों को भी 30 लीटर कच्ची के साथ धर दबोचा। पूछताछ में धंधेबाजों की पहचान रामप्रसाद, कन्हैया गोंड़ व सुखल प्रसाद, निवासी अंध्या टोली, थाना कसया के रूप में हुई। (जासं)

# दहेज उत्पीड़न के तीन वांछित गिरफ्तार

**पटहेरवा :** दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने वांछित एक महिला सहित तीन आरोपितों को लबनिया चौराहे से गिरफ्तार किया है। महिला गीता पत्नी विजय मल्ल, विजय मल्ल पुत्र गरीब सिंह व

गिरिजेश उपाध्याय को जानकारी मिली कि तीनों आरोपित घर आए हुए हैं और लबनिया चौराहे पर वाहन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**पशु तस्करी में वांछित गिरफ्तार**

**पटहेरवा :** लंबे समय से पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपित हीरालाल यादव को पुलिस ने गांव जवही हरबल्लभ थाना तरयासुजान से गिरफ्तार किया है।

# वांछित महिला सहित चार गिरफ्तार

समउर बाजार/पटहेरवा। थाने की पुलिस ने शनिवार को दहेज उत्पीड़न, धमकी, मारपीट के मामले में वांछित एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर विधिक करवाई में जुटी। वहीं पशु क्रूरता व गोवध निवारण की धाराओं के तहत वांछित तरया थाना क्षेत्र निवासी आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। तमकुहीराज सीओ जितेंद्र कालरा ने बताया कि  बताया कि अपराध व अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पटहेरवा थाना क्षेत्र से दहेज उत्पीड़न, धमकी, मारपीट के मामले में वांछित चल रहे लवनिया निवासी पवन सिंह, विजयमल सिंह व गीता देवी को लवनिया से गिरफ्तार कर विधिक करवाई की जा रही है। तरयासुजान थाने की पुलिस ने  गोवध निवारण व पशु क्रूरता के मामले में वांछित चल रहे जवही हरभललभ निवासी हीरालाल यादव को उसके गांव से ही गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# पान की दुकान में अवैध शराब मिली

पिपरा बाजार। बाबूराम बेलवा चौराहा स्थित एक पान की दुकान में बिस्कुट के गत्ते में छिपाकर शराब बेचने की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। पान की दुकान की तलाशी लेकर पुलिस ने बिस्कुट के गत्ते में रखी 23 शीशी देसी शराब और गुमटी के नीचे रखी बोरी में 32 खाली शीशी बरामद किया।

पान की दुकान चलाने वाले बेलवा निवासी नंदलाल कुशवाहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पान के दुकानदार को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# यातायात नियमों के पालन से रुकती हैं दुर्घटनाएं

## उदित नारायण इंटर कॉलेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** उदित नारायण इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाएं थमती हैं। उन्होंने सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इसके बाद उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड की 25वीं जनपदीय रैली को हरी झंडी दिखाकर नगर क्षेत्र में भ्रमण के लिए रवाना किया।

कॉलेज परिसर से शुरू हुई रैली नगर के तिलक चौक, नौका टोला ,सुभाष चौक जलकल तिराहा होकर उदित नारायण इंटर कॉलेज परिसर में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए वाहन चलाते



पडरौना के उदित नारायण इंटर कॉलेज में यातायात नियमों की जानकारी देते यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा। संवाद

### उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

समय ड्राइविंग लाइसेंस रखने, निर्धारित गति-सीमा में पूरी सतर्कता और सावधानी से वाहन चलाने, वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने, सड़क पर गलत तरीके से व अनावश्यक वाहन न खड़ा करने, निर्धारित पार्किंग स्थल का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा ओवरलोडिंग से बचने की अपील की गई।

साथ ही विद्यार्थियों को अपने अभिभावक को भी यातायात के नियमों पालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चारित्रिक, नैतिक, सामाजिक, व्यक्तित्व निर्माण, राष्ट्र प्रेम, शासन एवं प्रशासन के कार्यों में सहयोग की सराहना की गई। इस दौरान कॉलेज के शिक्षक, विद्यार्थियों सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पकड़े गए दो युवक

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित एक ढाबा के सामने शनिवार की शाम कार सवार दो युवक पकड़े गए। उनके किसी गलत धंधे में शामिल होने की आशंका पर पुलिस को सूचना दी गई थी।

कार सवार युवकों से देर शाम तक पुलिस की पूछताछ जारी रही। हाईवे के किनारे एक ढाबे के सामने कार में एक महिला और एक पुरुष के आपत्तिजनक हरकत की सूचना किसी ने पुलिस को दी। पुलिस पहुंची तो कार में सिर्फ दो युवक मिले। दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस थाने चली गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022



भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैद हैं। • हिन्दुस्तान

**महराजगंज, हिटी।** नेपाल में रविवार को होने वाले चुनाव को लेकर गुरुवार की आधी रात से ही भारत-नेपाल की सीमाएं सील हो गई हैं। शनिवार को सोनौली व ठूठीबारी सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की चौकस निगरानी रही।

नेपाली फोर्स के साथ समन्वय स्थापित कर पगडंडी रास्तों पर चौकस निगाह बनी हुए है। विशेष परिस्थितियों में ही किसी को एंट्री मिल रही है। वहीं, सीमा सील होने से सीमाई बाजार सूने पड़ गए हैं। दुकानें बंद रह रही हैं। सीमा रविवार की आधी रात को खुलेगी।

**सोनौली संवाद के अनुसार** पहले से सीमा बंद होने की सूचना के बाद भी बहुत से पर्यटक दोनों तरफ फंसे हुए हैं। फंसे लोगों की आईडी चेक कर धीरे-धीरे एंट्री दी जा रही है। बेलहिया-नेपाल के इंस्पेक्टर जितेन्द्र श्रेष्ठ का कहना है कि भारतीय प्रशासन सीमा पर सहयोग कर रहा है वहीं, सोनौली कोतवाल महेन्द्र यादव का कहना है कि सीमा पार फंसे लोगों को नेपाल पुलिस के सहयोग से निकाला जा रहा है। रविवार को सीमा पूरी तरह से बंद रहेगी।

**ठूठीबारी संवाद के** अनुसार सीमा पर बैरियर गिरा दिए जाने के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हैं। आवागमन पूरी तरह से बंद है। मुख्य द्वार पर पुलिस, कस्टम व एसएसबी के जवान डाग स्क्वाड टीम के साथ चौकस पहरा दे रहे हैं।

epaper
हिन्दुस्तान

×

# 10 डिब्बा मोबिल के साथ दो गिरफ्तार

महराजगंज। कोतवाली पुलिस ने दस डिब्बा मोबिल के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसएसआई ध्यान सिंह चौहान ने बताया कि एसआई दिनेश कुमार ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर तुलसीपुर पुलिया के पास दो संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी में झोला में दस डिब्बा मोबिल बरामद हुआ। पूछताछ में एक ने अपना अभिमन्यु उर्फ छोटू निवासी आफिसर कालोनी महराजगंज व  दूसरे ने अपना नाम माखन बताया।

Image

### चिऊरहां का रहने वाला है आरोपी, हत्या के मामले में मिली सजा

# गैंगस्टर को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। सदर कोतवाली के मोहल्ला चिऊरहा के रहने वाले आरोपी ध्रुप उर्फ इंद्रासन को उप्र गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत कोर्ट ने दोषी ठहराया है। अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने आरोपी को दस वर्ष के सश्रम कारावास के साथ ही पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर धारा 302 सहित कई मामलों की विवेचना करने चिऊरहां पहुंचे तो गांव के लोगों ने ध्रुप उर्फ इंद्रासन को शातिर किस्म का अपराधी बताया। बताया कि वह अपना गैंग बनाकर 10 जनवरी-08 को गांव के ही रहने वाले रामदुलारे व उसकी पुत्री सोनी की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। रामदुलारे के पुत्र नागेन्द्र को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन गया राम ने कुल सात गवाहों व सात दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व सबूतों के आधार पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत सजा की अधिकतम अवधि दस वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है।

## चरस बरामदगी में ढाई साल का सश्रम कारावास

महराजगंज। जिले के फरेंदा क्षेत्रांतर्गत छितही चौराहे से उत्तर गैस गोदाम के पास से वर्ष 2004 में एक किलो चरस बरामदगी के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। आरोपी फेरई पासी को दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने ढाई साल के सश्रम कारावास के साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। 18 जुलाई-04 को तत्कालीन एसओ फरेंदा रमाकांत सिंह यादव अपनी टीम के साथ छितही चौराहे से उत्तर गैस गोदाम के पास से फरेई पासी निवासी सूपा बक्शी पिपरा, थाना कोतवाली-सिद्धार्थनगर को पकड़ा। उसके पास से तलाशी में एक किलो चरस बरामद हुआ। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनाई।

# पांच माह बाद छह लोगों पर हत्या का मुकदमा

जासं , चौक बाजार : पांच महीने पूर्व पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ी निवासी परशुराम साहनी के पुत्र रंजीत साहनी की मृत्यु मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि पुलिस ने मामले को आत्महत्या बताते हुए केस दर्ज नहीं किया था।

मृतक रंजीत के पिता परशुराम साहनी ने बताया कि उनके पुत्र की साजिश के तहत हत्या की गई। मामले में पुलिस की लापरवाली को देखते हुए उन्होंने न्यायालय की शरण ली थी। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर परासखाड़ गांव के रहने वाले निक्की यादव, मुखुत यादव, रामसंवारे, रामानंद, राममिलन और सोहन यादव के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# छात्रों संग पुलिस ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

**जासं, श्यामदेउरवा** : यातायात माह के तहत श्यामदेउरवा-बड़ाहरा मार्ग पर हैप्पी पब्लिक इंटर कालेज श्यामदेउरवा के बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।

प्रबंधक रामगोपाल सिंह व थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह की अगुवाई में कालेज से रैली निकाली गई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि धीमी गति से नियंत्रित वाहन चलाएं, यातायात नियमों का पालन करने से जीवन सुरक्षित रहेगा। पद यात्रा के समय भी नियमों का पालन कर जीवन को सुरक्षित रखना होगा। प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने कहा कि यदि हम सड़क पार कर रहे हैं तो दाएं बाएं देखने के बाद ही सड़क पार करें।

# चरस रखने के मामले में ढाई वर्ष की कैद, 10 हजार रुपये अर्थदंड

**जासं, महराजगंज** : जुलाई 2004 में फरेंदा क्षेत्र के छितही चौराहे के पास से एक किग्रा चरस के साथ गिरफ्तार किए गए सिद्धार्थनगर सदर कोतवाली क्षेत्र के सूपा बक्शी पिपरा निवासी फेरई को न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट का दोषी माना है। न्यायालय ने ढाई वर्ष की कैद और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय ने बताया कि 18 जुलाई 2004 को फरेंदा थाने की पुलिस ने एक किग्रा चरस के साथ फेरई को गिरफ्तार किया था। आरोपित के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने पांच गवाहों और सात दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह सजा सुनाई है।

# गैंगस्टर के मामले में 10 वर्ष की सजा, जुर्माना

**जासं, महराजगंज**: अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपित ध्रुप उर्फ इंद्रासन निवासी चिउरहा को 10 वर्ष कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

न्यायालय में दाखिल पत्रावली के अनुसार वर्ष 2008 में कोतवाली पुलिस ने शहर के चिउरहा में हत्या और बलवा के मामले की जांच की थी। जिसपर ध्रुप उर्फ इंद्रासन द्वारा संगठित गिरोह के माध्यम से कई अपराध करने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस ने ध्रुप के विरुद्ध साक्ष्य संकलित कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। मामले में चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई।

संयुक्त निदेशक अभियोजन गयाराम ने सात गवाह और सात दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर न्यायालय से आरोपित के विरुद्ध सजा की मांग की। न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने सजा सुनाई है।

# मारपीट का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

**जासं, नौतनवा** : भाड़े को लेकर बीज की दुकान के मैनेजर को कुछ लोगों ने पीट दिया। घटना सीसी कैमरे में कैद हुई और इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई। पुलिस ने संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जागरण वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सिद्धार्थनगर निवासी गंगा पाठक ने नौतनवा थाने की पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह महेंद्र नगर वार्ड में बीज की दुकान के मैनेजर हैं। पिकअप भाड़े को लेकर बातचीत हुई थी। तीन लोगों ने मारपीट की। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में आरोपित धनंजय साहू व अजीत साहू निवासी नौतनवा को गिरफ्तार किया गया है।

# मोटर पार्ट्स की दुकान में चोरी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज:** 24 अगस्त को चौपरियां के एनडी आटो बाइक सर्विस प्वाइंट में छत के रास्ते घुसकर हुई चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। दोनों को न्यायालय ले जाया गया वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि 24 अगस्त को चौपरिया में मोटर पार्ट्स के दुकानदार गोविंद कुमार वर्मा की दुकान में छत के रास्ते घुसकर चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर सर्विलास के माध्यमों से जांच की जा रही थी। शनिवार को तुलसीपुर के पास दो आरोपितों के होने की सूचना मिली, मौके से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से 10 डिब्बा मोबिल, 3660 रुपये नकद बरामद हुआ। दोनों की पहचान आफिसर कालोनी महराजगंज निवासी अभिमन्यु उर्फ छोटू तथा नेहरूनगर निवासी माखन के रूप में हुई। इन दोनों ने ही दुकान में चोरी की थी।

# चरस बरामदगी में ढाई साल की जेल

**महराजगंज।** एक किलो चरस बरामदगी के मामले में फेरई पासी को दोषी करार देते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने ढाई साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, 10 जुलाई 2004 को तत्कालीन थानाध्यक्ष फरेंदा रमाकांत सिंह यादव छितही चौराहे से उत्तर गैस गोदाम के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसने अपना नाम फेरई पासी निवासी- सूपा वक्शी पिपरा थाना कोतवाली, जनपद सिद्धार्थनगर बताया। उसके पास से एक किलो चरस बरामद की गई। विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोपपत्र प्रेषित किया। विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय ने 5 गवाहों एवं 7 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व सबूतों के आधार पर सजा सुनाई गई। संवाद

# गैंगस्टर एक्ट में दस वर्ष का कारावास

**महराजगंज।** चिउरहां निवासी धूप उर्फ इंद्रासन को गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 रुपये का अर्थदंड लगाया है।

जानकारी के अनुसार, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर की विवेचना में ग्राम चिउरहां पहुंचे तो गांव के लोगों ने बताया कि धूप उर्फ इंद्राशन निवासी चिउरहां, कोतवाली सदर मनबढ़ व शातिर किस्म का है। उसने गैंग बनाकर 10 जनवरी 2008 को गांव के रामदुलारे एवं उसकी पांच माह की गर्भवती पुत्री सोनी की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी।

रामदुलारे के पुत्र नागेंद्र को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। संयुक्त निदेशक अभियोजन गया राम ने सात गवाहों एवं सात दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की।

न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार गैंगस्टर एक्ट के तहत सजा की अधिकतम अवधि दस वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022

# हटाये जाएंगे अतिक्रमण : डीएम

**बस्ती (एसएनबी)।** सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बस्ती सदर में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी लेखपालों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में सभी अवैध अतिक्रमण की सूची प्रस्तुत करें। संपूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने कहा कि पूर्व में भी अस्थाई अवैध अतिक्रमण हटवाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। सभी लेखपाल और कानूनगो इसका पालन करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने गम्भीर प्रति के शिकायतों को आज ही निस्तारण करने के लिए अलग-अलग टीम भेजने का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस के 393 मामाले सोमवार तक निस्तारित न किए गये तो डिफाल्टर हो जाएंगे। इसके निस्तारण के लिए विशेष ध्यान की आवश्यकता है। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 18 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**



बस्तीः फरियादियों की समस्याओं को सुनती डीएम प्रियंका निरंजन। फोटो : एसएनबी

मुख्य रूप से राजस्व विभाग की 59, पुलिस के 23, विकास विभाग की 11 तथा अन्य विभागों की 13 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। तहसील दिवस के समापन अवसर पर विश्व शौचालय दिवस केअवसर पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाया।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी वर्ष में 100 घण्टे स्वयं साफ-सफाई करेंगे तथा 100 लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि घर एवं कार्यालय के आस-पास स्वच्छता रखने से हम बीमारियों से दूर रह सकते है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एसडीएम शैलेश दूबे ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर सीएमओ डा. आरपी मिश्रा, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, पीडी कमलेश सोनी, उप कृषि निदेशक अनिल कुमार, तहसीलदार राधेश्याम गुप्ता तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# छेड़खानी के विरोध पर पति की पिटाई, केस

**बस्ती।** कुछ लोग एक महिला को उसके दुकान से निकालकर छेड़खानी करने लगे। जिसका विरोध करने पर पति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानाक्षेत्र के सोंधिया गांव निवासिनी एक महिला को दुकान से बाहर निकाल कर सुबाष यादव व सुरेश यादव छेड़खानी करने लगे। जिनका महिला के पति द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जानमाल की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुबाष यादव पुत्र राजाराम, सुरेश यादव पुत्र राम उजागिर निवासीगण सोंधिया थाना नगर के विरुद्ध धारा 354, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चार अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

**हरैया (एसएनबी)।** पुलिस एवं एसओजी की टीम ने धोखाधड़ी कर लोगों को लूटने वाले चार अंतर्राज्यीय चोरो को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूट का 80000 रूपया बरामद हुआ। चारो के खिलाफ अपराध संख्या 399/2022 धारा 392, 411, 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि अयोध्या जनपद के बीकापुर थाना अंतर्गत पूरे रुचि कोछा बाजार निवासी मोहम्मद यासीन पुत्र मोहम्मद दाऊद शेख को विदेशी मुद्रा रियल देकर विगत 3 नवंबर को हरैया अस्पताल के पास जालसाजो ने बुलाया। विगत 11 नवंबर को वे अपने कुछ साथियों के साथ रुपया लेकर पहुंचे। जालसाज ने उन्हें एक बंडल दिया। जब वह बंडल खोलने लगे तो जालसाज उन्हें मना करते हुए असलहा दिखाकर उनसे डेढ़ लाख रुपया ले लिया और चलता बने। मोहम्मद यासीन ने पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश शुरू किया। शनिवार को वह अपने हमराही वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरपति त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल रामेश्वर पांडेय, कांस्टेबल विश्वजीत विश्वकर्मा, पवन यादव, एसओजी प्रभारी रोहित उपाध्याय, सर्विलांस प्रभारी शशिकांत, एसओजी टीम के हेड कांस्टेबल अनंत यादव, कांस्टेबल करमचंद, अभिषेक सिंह, साजिद जमाल, गजेंद्र प्रताप सिंह तथा सर्विलांस टीम के कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर महूघाट गांव के पास से धोखाधड़ी कर लूटपाट करने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम करामात गाजी पुत्र सुलेमान गाजी, पन्नू शेख पुत्र चुन्नू शेख एवं राना मुल्ला पुत्र अकबल्ली मुल्ला निवासीगण दक्खिन दारी, 26 रेल गेट थाना लेकटाउन जिला उत्तर 24 परगना कोलकाता पश्चिम बंगाल तथा अब्दुल मोहम्मद जाकिर पुत्र अब्दुल करम अली निवासी खैरा थाना बरपटारोड गुवाहाटी असम बताया। पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया।




पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी। फोटो : एसएनबी

# डीआईजी ने पुलिसकर्मियों को लगाया प्रतीक चिह्न

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए जारी कियेगयेनये प्रतीक चिन्ह कोअधिकारियों/कर्मियों को लगाया गया ।




आजादी केअमृत महोत्सव के अवसर और राष्ट्र की 75 साल की अथक सेवा के सम्मान स्वरुप पुलिस महा निदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य पुलिस के लिए नये प्रतीक चिन्ह का विमोचन एवं अंगीकरण किया गया है । जिसके क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय पर अधिकारियों/ कर्मचारियों के वर्दियों पर नये प्रतीक चिन्ह को लगाया गया । उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी रैंक सम्मान स्वरुप इस प्रतीक चिन्ह को वर्दी पर धारण करेंगे । यह प्रतीक चिन्ह वर्दी के दाहिने हिस्से में नेम प्लेट के ऊपर पहना जाएगा।

# लड़की को देखकर किया अश्लील टिप्पणी, केस

**बस्ती** । लड़की को देखकर युवक ने गाना गाते हुए अश्लील टिप्पणी की। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि थानाक्षेत्र के हथियागढ़ के पास उसकी लड़की को देखकर आरोपी संदीप सोनकर फूहड़ गाना गाते हुए अश्लील टिप्पणी किया। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी संदीप सोनकर निवासी पिपरा चन्द्रपति पोस्ट हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 294 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सुरक्षा और बचाव को किया गया जागरूक

**नगर बाजार** । थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबिल शेषनाथ यादव,महिला आरक्षी प्रतिमा महिला व पीआरडी सुमन द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत थाना क्षेत्र के नगर बाजार व जनता गली के आसपास किया गया। उपस्थित बच्चियों व महिलाओं को महिला सशक्तिकरण से संबंधित बातों को बताते हुए स्वयं की सुरक्षा और बचाव करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज 4 कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1076,1098,181,112, 102 व 108 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हेंजागरूक किया गया और महिलाओं से संबंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपील किया गया व एंटी रोमियो टीम द्वारा अनावश्यक रूप से घूम रहे लड़कों को चेक किया गया और आवश्यक दिशा निर्देशों को बता कर मौके पर छोड़ दिया गया।

# 36 मामलों में से 8 का निस्तारण

**रूधौली**। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमे कुल 36 मामले आयेऔर आठ मामले का निस्तारण हो सका। शेष मामले को संबंधित विभाग को सौंप दिया गया । इस मौके पर तहसीलदार केशरी नंदन त्रिपाठी, ईओ अवनीश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, सप्लाई स्पेक्टर शैलेश कुमार, कानूनगो विजय यादव, लेखपाल हबीबुल्लाह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मारपीट में दो पर केस दर्ज, एक घायल

**बभनान**। पैकोलिया क्षेत्र के संवरुपुर निवासी श्यामा देवी पत्नी सुरेश कुमार ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी व पति के बीच कुछ आपसी बातचीत हो रही थी। तभी अचानक बिना किसी वजह से गांव के पटीदार मनोज पुत्र कमलेश और कलावती पत्नी कमलेश गाली गलौज करते उनके घर में लाठी डंडे लेकर घुस गये और दोनो को मारने पीटने लगे। एम्बुलेंस की सहायता से दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर ले जाया गया। डाक्टर ने गंभीर हालत देख जिला चिकित्सालय बस्ती रेफर कर दिया जहां इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ग्राम प्रधान, सचिव व जेई के विरुद्ध केस दर्ज कराने के आदेश से हड़कंप

**गौर (एसएनबी)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से बिना तालाब की खुदाई व सफाई कराए लाखों रुपया भुगतान होने का मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश से ब्लाक में हड़कंप मचा हुआ है। प्रधान, सचिव और जेई से 136036 रूपये 3 विभाग के अधिकारी करेंगे और तीनों पर मुकदमा खंड विकास अधिकारी दर्ज कराएंगे। ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट हरैया स्थलीय निरीक्षण की जांच आख्या रिपोर्ट से शिकायत की सत्यता पर मोहर लगी। वसूली और प्राथमिक दर्ज कराने के डीएम के आदेश को लेकर ब्लाक में हड़कंप मचा हुआ है। वही आरोपी बचाव के लिए माननीय की गणेश परिक्रमा शुरू कर दी है।

गौर ब्लाक अंतर्गत सरदहा शुक्ला गांव निवासी नंदकिशोर शुक्ला ने 13 जुलाई 2022 में उप जिलाधिकारी हरैया को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में दो तालाबों पर बिना काम कराए मनरेगा योजना से लाखों रुपया भुगतान ले लिया गया है। मामले की जांच कर दोषी को दंडित करने की मांग की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट द्वारा टीम भेजकर स्थलीय निरीक्षण कराया गया। जांच टीम आंख्या रिपोर्ट दिनांक 1 अगस्त 2022 को पत्रांक संख्या 3252 के तहत मुख्य विकास अधिकारी बस्ती को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पत्र भेजकर धन निकासी होने पर कार्रवाई का अनुरोध किया। जांच आख्या गया उप जिलाधिकारी ने ग्राम सरदहा उदित नारायण शुक्ला के चक के बगल गाटा संख्या 126/0.032 हेक्टेयर गडही एवं नाथबली शुक्ल के बाग के बगल गाटा संख्या 169/0.145 हेक्टेयर गड़ही

स्थलीय सत्यापन किया गया जांच के दौरान तथ्य प्रकाश में आया कि

> **गौर ब्लाक के सरदहा शुक्ला गांव में बिना तालाब की सफाई व खुदाई किए 408108 भुगतान का मामला**
>
> **उप जिलाधिकारी हरैया के स्थलीय निरीक्षण में खुली मनरेगा से दो तालाबों की सफाई की पोल**

तालाब के खुदाई व सफाई नहीं कराया गया है। इन तालाबों पर सफाई व खुदाई के नाम पर कोई भुगतान किया गया वित्तीय अनिमितता घटित होती है। ऐसे में तत्काल संबंधित ग्राम प्रधान व सचिव के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का अनुरोध किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने दिनांक 23 अगस्त 2022 को पत्रांक संख्या 1234/मनरेगा/शि/एटीआर/2022-23 के माध्यम से ग्राम प्रधान रमा देवी, सचिव अखिलेश कुमार चौधरी एवं रुद्रदेव अवर अभियंता आर ई डी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर जवाब मांगा गया। नोटिस में नरेगा सफ्ट पर प्रदर्शित रिपोर्ट के ग्राम पंचायत सरदहा शुक्ल में वित्तीय वर्ष 2022 -23 में उदित नारायण शुक्ल के चक के बगल तालाब खुदाई व सफाई कार्य 3153002082/डब्लूसी/958486255823290848 पर 187866 रूपया एवं नाथ वाली शुक्ल के बाग के बगल तालाब खुदाई कार्य 3153002082/ डब्लूसी 958486255823292600 पर 2.20242 रूपया व्यय किया गया। एक अवसर जवाब देने के लिए दिया गया है फिर भी ग्राम प्रधान, सचिव एवं जेई ने जवाब नहीं दिया। पुनः मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान सचिव को नोटिस जारी किया गया। विगत 11 नवंबर 2022 को जिलाधिकारी ने ग्राम प्रान सचिव और जेई से 132036 रुपया वसूली के लिए संबंधित के विभाग सौंपा गया है और खंड विकास अधिकारी गौर को तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने का आदेश दिया गया है इसको लेकर ब्लाक में हड़कंप मचा हुआ है। खंड विकास अधिकारी केदारनाथ कुशवाहा ने बताया कि सरदहा शुक्ल ग्राम प्रधान रमा देवी, सचिव अखिलेश चौधरी एवं जेई रूद्र देव के विरुद्ध जिलाधिकारी से मुकदमा दर्ज कराने का आदेश प्राप्त हुआ। शीघ्र मुकदमा पंजीकृत करा दिया जाएगा।

# फोन पर बुलाकर युवक की पिटाई, मुकदमा

**बस्ती** । फोन कर युवक को बुलाने के बाद आरोपियों ने उसे मारापीटा तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के सिकरा खुर्द गांव निवीस अजय को आरोपी रवी यादव ने फोन कर बुलाया, जहां पर उसके साथ दो और लोगो मौजूद थे। अजय जैसे ही उनके पास गया तो पहले दोनो के बीच में कुछ कहा सुनी हुई जिसके बाद आरोपियों ने मिलकर अजय की जमकर पिटाइ करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़ित अजय पुत्र महेश मौर्या निवासी सिकरा खुर्द थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रवी यादव पुत्र रमाकान्त, सदीप, आरएन यादव पुत्र मुन्ना के विरुद्ध धारा 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइस लोगों पर सीआरपीसी की कार्रवाई

**बस्ती** । जिले मेंशान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए लालगंज पुलिस ने क्षेत्र से बाइस अभियुक्तो पर सीआरपीसी की कार्यवाही किया है। पुलिस प्रवक्ता केअनुसार लालगंज पुलिस ने अभियुक्त फूलचन्द, हनुमान, सुभाष पुत्रगण लालू निवासीगण तिघरा थाना लालगंज, राजन, रामविजय पुत्रगण रामसहाय निवासीगण नेवारी केवटहिया थाना लालगंज, रामनवल चौधरी पुत्र रामचेत निवासी गहरवाल जोत थाना लालगंज, रामकरन गोस्वामी उर्फ सन्नी, करन पुत्रगण रणजीत गोस्वामी उर्फ गरजन निवासीगण बैजनाथ जोत थाना लालगंज, दीपक पुत्र लक्ष्मी नरायन, करन पुत्र धनुषधारी निवासीगण सपहा थाना लालगंज, रामप्रताप, शिव प्रसाद, विशाल पुत्रगण रामसरन, आशीष पुत्र वसन्त लाल निवासीगण सरायघाट उर्फ लालगंज, विजय कुमार पुत्र सिद्धमणि निवासी बहादुरपुर शुक्ल थाना लालगंज, छेदी लाल , सजनलाल पुत्रगण हीरालाल, रजनीश उर्फ गणेश पुत्र छेदीलाल, महेश उर्फ शोभित पुत्र राजन लाल निवासीगण लालगंज थाना लालगंज, झिनकू निषाद, तूफानी निषाद पुत्रगण यमुना निषाद, रामसकल निषाद पुत्र रामस्वरुप उर्फ चिरकुट निवासीगण नडार लालगंज थाना लालगंज के विरुद्ध 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही किया गया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तगणो द्वारा क्षेत्र में रहकर आम जनमानस में भय का माहौल बना कर रखे हुए थे। आपराधिक घटनाओं में इनकी संलिप्तता प्रायः देखने को मिलती थी, जिससे यह कार्यवाही किया गया।

# फोन पर व्यापारी से रंगदारी मांगने का केस दर्ज

**गौर** । स्थानीय कस्बे के व्यापारी से फोन पर ₹10000 मांगने वाले के विरुद्ध पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है। स्थानीय कस्बे के इलेक्ट्रानिक दुकानदार शुभम जायसवाल पुत्र शिव प्रसाद जयसवाल ने गौर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र के कटास गांव निवासी विशाल सिंह के मोबाइल नंबर 8299471288 व्यापारी के मोबाइल नंबर पर सिंबू सिंह नामक व्यक्ति ने ₹10000 की मांग करने लगा मना करने पर भद्दी भद्दी गाली देते हुए दुकान में घुसकर दौड़ा-दौड़ा कर गोली मारने के धमकी दी गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिबू सिंह नाम के व्यक्ति के विरुद्ध धारा 386, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दिया गया है।

# दहेज हत्या के मामले में चार को दस वर्ष की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** आपरेशन शिकंजा केतहत पैरवी सेल द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दहेज हत्या केमामले में चार अभियुक्तों को10 वर्ष के कठोर कारावास व 7,000 रुपयेकी अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

**सात हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया**



थाना सोनहा जनपद बस्ती पर वादी की लड़की को ससुराल वालो द्वारा जलाकर मार दिया गया था इस तहरीर पर थाना सोनहा पर मुकदमा अपराध संख्या 39/2008 धारा 498 I, 304 भादवि के तहत पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना कलवारी पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय बस्ती द्वारा अभियुक्त क्रमशःबृजेश कुमार पुत्र सम्पूरन निवासी कोठिली थाना सोनहा ,समपूरन पुत्र सुक्खू निवासी कोठिली थाना सोनहा ,सूर्यपति पत्नी सम्पूरन निवासी कोठिली थाना सोनहा ,नन्दलाल पुत्र सुक्खू निवासी कोठिली थाना सोनहा को 10 वर्ष के कठोर कारावास व रुपया 7,000 ( सात हजार) के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

# पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर रोक

लखनऊ। डीजीपी मुख्यालय ने प्रदेश में पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। केवल विशेष परिस्थितियों में विभागाध्यक्ष की अनुमति से ही उन्हें छुट्टी मिल सकेगी।

एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की तरफ से इस संबंध में सभी जिलों एवं पुलिस कमिश्नरेट को पत्र भेजा गया है। लोकसभा की एक और विधानसभा की दो सीटों पर अगले माह होन वाले उप चुनाव और उसके बाद होने वाले नगर निकाय चुनावों को देखते हुए यह रोक लगाई गई है।

# डीआईजी ने वर्दी पर लगाया नया प्रतीक चिह्न

**बस्ती।** राष्ट्र की 75 साल की अथक सेवा के सम्मान स्वरुप डीजीपी उत्तर प्रदेश स्तर से राज्य पुलिस के लिए नए प्रतीक चिन्ह का विमोचन एवं अंगीकरण किया। इसके अनुपालन में शनिवार को डीआईजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज ने परिक्षेत्र कार्यालय पर अधिकारियों/ कर्मचारियों के वर्दियों पर नए प्रतीक चिह्न को लगाया। यूपी पुलिस के सभी रैंक इस चिह्न को वर्दी पर धारण करेंगे।

### अयोध्या के दुकानदार को हरैंया में पैसा देने के लिए बुलाया था

# डेढ़ लाख की लूट करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

**80** हजार रुपये बदमाशों के पास से बरामद हुआ

**05** मोबाइल सेट और तीन आधार कार्ड भी बरामद

- बदमाशों में तीन पश्चिम बंगाल व एक गुवाहाटी का रहने वाला
- हरैंया थाना, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम का खुलासा

**बस्ती/ हरैंया, हिटी।** अयोध्या के दुकानदार से बस्ती में डेढ़ लाख रुपये की लूट करने वाले चार अंतरराज्यीय बदमाशों को हरैंया थाना, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि विदेशी मुद्रा रियाल देने के बहाने दुकानदार को लूटने के आरोपितों को दबोच लिया गया है। उनके कब्जे से लूट का 80 हजार रुपया, पांच मोबाइल सेट और तीन आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। तीन शातिर पश्चिम बंगाल और एक गुवाहाटी असम के रहने वाले हैं।

एसपी ने बताया कि एसएचओ हरैंया शैलेश कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी रोहित उपाध्याय व सर्विलांस प्रभारी शशिकांत की अगुवाई में खुलासे के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने शनिवार की भोर में मुखबिर की सूचना पर आरोपी करामात गाजी, अब्दुल मोहम्मद, राना मुल्ला निवासी दखिखन दारी, 26 रेल गेट, थाना लेकटाउन, जिला उत्तर 24 परगना कोलकाता, पश्चिम बंगाल और अब्दुल मोहम्मद जाकिर निवासी खैरा ग्राम थाना बरपटारोड़ जिला गुवाहाटी असम को हरैंया के कैलवरी स्कूल के पास से दबोच लिया। इन चारों पर हरैंया थाने में 392, 411, 420 में केस दर्ज है।

**पैसा डबल करने का दुकानदार को दिया था झांसा:** पुलिस के अनुसार शातिरों ने अयोध्या जनपद में सुल्तानपुर मार्ग पर मोबाइल की दुकान चलाने वाले मो. यासीन को निशाना बनाया। खरीदारी के बहाने एक नवंबर को दुकान पर पहुंचे। एक ने अपनी एक रिश्तेदार की विदेश में मौत होने के बाद उनसे मिले रियाल को बदलने का झांसा दिया। बोला कि डेढ़ लाख रुपये देने पर वह उन्हें दोगुनी कीमत के रियाल देगा। इसके बाद फोन करके उन्हें सैम्पल दिखाने के लिए हरैंया बुलाया था। तीन नंबवर को हरैंया अस्पताल तिराहे के पास हाईवे के किनारे यासीन से मिल बोले कि जितने पैसे का प्रबंध कर पाओ, ले आओ। इसके बाद 11 नवंबर को यासीन अपने साथ कुछ लोगों को लेकर शाम के समय कस्बा हरैंया स्थित अस्पताल तिराहे के निकट लोहिया पुल पर आए। शातिरों ने उन्हें कागज का कटा हुआ बंडल बनाकर प्लास्टिक में पैक करा कर दे दिया।




शनिवार को हरैंया थाने पर अयोध्या के दुकानदार से हुई लूट का खुलासा करते एसएचओ शैलेश कुमार सिंह। • हिन्दुस्तान

## गिरफ्तार करने वाली टीम

पुलिस टीम में एसएचओ हरैंया शैलेश कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी रोहित उपाध्याय व सर्विलांस प्रभारी शशिकांत, एसएसआई सुरपति त्रिपाठी, एसओजी के मुख आरक्षी अनन्त यादव, आरक्षी करमचन्द, अभिषेक सिंह आदि शामिल रहे।

# समाधान दिवस में 38 मामलों का निस्तारण

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** जिले की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिनमें प्राप्त हुई 195 शिकायतों में से महज 38 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। ज्यादातर शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित थीं, जिनके जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया गया है।

डीएम की अध्यक्षता में सदर तहसील में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में नागरिकों फरियादें सुनी गई। डीएम प्रियंका निरंजन ने पोर्टल, तहसील समाधान दिवस तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण के निर्देश दिए। साफ चेतावनी दी कि

**195** मामले कुल आए समाधान दिवस में

- भूमि विवाद, अवैध कब्जे की सर्वाधिक शिकायतें
- सदर तहसील में डीएम की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

तहसील समाधान दिवस में कोई भी शिकायत दूसरी बार नहीं आनी चाहिए। उन्होंने गम्भीर प्रकृति के शिकायतों को शीघ्र निस्तारण करने के लिए अलग-अलग टीम भेजने का निर्देश दिया।

आईजीआरएस के 393 मामाले सोमवार तक निस्तारित न किए गये तो डिफाल्टर हो जायेंगे। इसके निस्तारण के लिए विशेष ध्यान की आवश्यकता है। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 18 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग की 59, पुलिस के 23, विकास विभाग की 11 तथा अन्य विभागों की 13 शिकायतें प्राप्त हुई। एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने लोगों की समस्याओं को सुना।

**एडीएम ने 16 में से 4 मामले निपटाये**

**भानपुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम कमलेश चन्द्र ने फरियादियों के मामलों की सुनवाई की। कुल 16 मामले आए, जिसमें चार मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## रुधौली में आठ का मामलों का किया गया निस्तारण

**रुधौली।** शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत ने 36 मामलों में आठ का मौके पर निस्तारण किया। इस दौरान तहसीलदार केशरी नंदन त्रिपाठी, प्रभारी निरिक्षक रामकृष्ण मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक शैलेश कुमार थे।

## हर्रैया में समाधान दिवस पर आठ मामलों का निस्तारण

**हर्रैया।** तहसील सभागार में सीआरओ नीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 मामलों में 8 का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में गैरहाजिर रहे अधिकारियों के खिलाफ डीएम को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई है।

## नगर पंचायत रुधौली में जमीन से अवैध कब्जा हटाया

**रुधौली।** नगर पंचायत रुधौली में कामता प्रसाद नगर वार्ड (गिधार) में तथा इंदिरानगर वार्ड में लगभग 12करोड़ की लागत की जमीन को प्रशासन ने अतिक्रमण से मुक्त कराया। एसडीएम आनंद श्रीनेत ने कहा कि अवैध रूप से जमीनों पर किए गए अतिक्रमण को अभियान के तहत खाली कराया जा रहा है।

# पुलिस ने लूट के चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

## लोहिया पुल के पास से आरोपितों ने मोबाइल दुकानदार से लूटा था डेढ़ लाख रुपये

**जागरण संवाददाता, (हर्रैया) बस्ती:** अयोध्या के मोबाइल दुकानदार से डेढ़ लाख रुपये की लूट करने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी गिरफ्तारी हर्रैया पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने शनिवार को हर्रैया थानाक्षेत्र के महूघाट गांव से की। उनके पास से लूट के 80 हजार रुपये, पांच मोबाइल फोन व तीन आधार कार्ड बरामद हुए हैं।



गिरफ्तार आरोपितों के बारे मे जानकारी देते हर्रैया थाना के प्रभारी निरीक्षक शैलेष व अन्य ● जागरण

अयोध्या जनपद के बीकापुर बाजार क्षेत्र के पूरे कोछा निवासी मोहम्मद यासीन की बीकापुर बाजार में मोबाइल की दुकान है। एक नवंबर को आरोपित उसकी दुकान पर पहुंचे और बताया कि वे विदेशी मुद्रा के जरिये रुपये दोगुना करने का कारोबार करते हैं। तीन नवंबर को उन्होंने मोहम्मद यासीन को हर्रैया बुलाया और उससे कहा जितना पैसा दोगे, उसका दोगुना करके देंगे। प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश सिंह ने बताया कि बदमाशों के झांसे में आकर यासीन 11 नवंबर को डेढ़ लाख रुपये लेकर हर्रैया अस्पताल तिराहे के पास लोहिया पुल पर पहुंचे। आरोपित वहां पहले से मौजूद थे। उन्होंने यासीन से रुपये ले लिए और बदले में उसे प्लास्टिक में पैक किया कागज के टुकड़ों का बंडल थमा दिया। यासीन बंडल खोलकर देखने की कोशिश करने लगे तो बदमाशों ने घर जाकर देखने को कहा और असलहा दिखाते हुए फरार हो गए। यासीन की तहरीर पर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही थी। शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एसओजी प्रभारी रोहित उपाध्याय व सर्विलांस सेल प्रभारी शशिकांत के साथ प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश सिंह ने घेराबंदी कर आरोपितों को महूघाट गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 जिला के दखिखनदारी (थाना लेकटाउन) निवासी करामात गाजी पुत्र सुलेमान गाजी, पन्नू शेख पुत्र चुन्नू, राना मुल्ला पुत्र अकबर वली मुला, असोम के गुवाहाटी जिले के खैरा (थाना बरपटारोड़) निवासी अब्दुल मोहम्मद जाकिर पुत्र अब्दुल करम अली के रूप में हुई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सूरपति त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल रामेश्वर पांडेय, आनंद यादव, करमचंद, अभिषेक सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल विश्वजीत विश्वकर्मा, पवन यादव शामिल रहे।

# नाली के पानी के बहाव को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बस्ती:** परशुररामपुर थाने के नाथपुर पांडेय गांव नाली के पानी के बहाव को लेकर दो पक्षों में 18 नवंबर को मारपीट हो गई। एक पक्ष की रानी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि नाली के पानी के बहाव को लेकर विपक्षी प्रेमशंकर समेत छह लोगों ने एक राय होकर उन्हें मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। बेटी नैनसी को गंभीर चोट लगी जिससे वह बेहोश हो गई। वहीं दूसरे पक्ष की रीता का आरोप है कि पुरानी रंजिश व नाली के विवाद को लेकर गांव के वीरेंद्र पांडेय समेत चार लोगों ने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर के आधार पर क्रास केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# बरात में हर्ष फायरिंग के मामले में मुकदमा

**कलवारी, बस्ती :** मकदूमपुर गांव से 16 नवंबर को कुसौरा गांव में बरात आई थी। इसमें हर्ष फायरिंग की किसी ने वीडियो बना ली और उसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। थानाध्यक्ष कलवारी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अरशद खान निवासी मकदूमपुर थाना कलवारी की शादी थी। शादी के दौरान कासिम खान के लाइसेंसी रिवाल्वर से इब्राहिम खान निवासी मकदूमपुर ने हर्ष फायरिंग की। मामले में दो नामजद व चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। (जासं)

# पहले फोन कर बुलाया, फिर मारापीटा, मुकदमा

बस्ती : मुंडेरवा थाने के सिकरा खुर्द गांव निवासी अजय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप है कि उन्हें विपक्षी ने फोन कर बुलाया और फिर मारापीटा। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने रवि यादव, संदीप और आरएन यादव पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# आपत्तिजनक गाना गाने व टिप्पणी करने पर मुकदमा

**बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने लड़की को देखकर अश्लील गाना गाने व टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले संदीप सोनकर ने रास्ते में उनकी बेटी को देखकर अश्लील गाना गाया और अभद्र टिप्पणी की। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष की कठोर कारावास

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार ने विवाहिता को जलाकर हत्या करने के आरोपित पति को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उसे 7000 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। न्यायालय ने संदेह का लाभ देकर विवाहिता के सास, ससुर व बड़े ससुर को बरी कर दिया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने न्यायालय में तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि घटना सोनहा थानाक्षेत्र के कोठिली गांव की है। इसी थाना क्षेत्र के बैदौली गांव के मुनिराम ने अपने पुत्री सोना उर्फ सोनी का विवाह 23 मई 2004 को कोठिली के बृजेश कुमार के साथ किया था। ससुराल वाले मोटरसाइकिल की मांग करते थे। जिसको पूरा करने में मुनिराम सक्षम नहीं थे। 25 जून 2006 को ससुराल वालों ने सोना को जलाकर हत्या कर दी। मामले में सोन्हा पुलिस व क्षेत्राधिकारी की भूमिका संदेहास्पद रही है। पुलिसवालों ने मृतका का मृत्यु पूर्व बयान तैयार किया, जिसमें पति के पक्ष में बोलते हुए बताया गया था। जबकि सोनी जलने के बाद हिलडुल भी नहीं पा रही थी। पहले तो सोनहा पुलिस ने पीड़िता का मुकदमा दर्ज नहीं किया, तब उसने न्यायालय में अर्जी दिया। लगभग दो साल बाद 2008 में न्यायालय के आदेश पर पति बृजेश, सास सूर्यमती, ससुर संपूरन, बड़े ससुर नदाले उर्फ नंदलाल व देवर आज्ञाराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। तत्कालीन क्षेत्राधिकारी ने मामले में लीपापोती करते हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दिया। न्यायालय ने फिर से जांच का आदेश दिया तो पुलिस ने फिर फाइनल रिपोर्ट लगा दिया। पीड़ित की ओर से फिर प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके आधार पर न्यायालय ने स्वयं आरोपितों को तलब किया। आज्ञाराम घटना के समय किशोर पाया गया था। उसका प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड को सौंपा गया है। अन्य चार के विरुद्ध सुनवाई हुई नदालें संपूरन व सूर्यमती के अधिवक्ता विजय सेन सिंह ने कहा कि हमारे मुवक्किल की तरफ से किसी तरह का प्रताड़ना नहीं किया गया है, न ही हत्या में हमारी कोई भूमिका है। न्यायालय ने विजय सेन सिंह के तर्क से सहमत होते हुए इन तीनों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया और पति को दोषी मानते हुए दंडित किया है।

# भूमि विवाद को लेकर मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती :** हर्रैया थाना क्षेत्र के ककरहिया गांव निवासी कन्हैया पाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि भूमि विवाद को लेकर उनकी बेटी विक्रान्ती व प्रतिमा को विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के हनुमान पाल, गोदीराम, राम लुटावन और लक्ष्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। वहीं परशुरामपुर पुलिस ने अरजानीपुर निवासी गीता ने पुलिस को तहरीर देकर गांव की उमा, रामचरन, सरवन समेत चार लोगों पर आरोप लगाया है कि उन लोगों ने उन्हें और उनकी बेटियों को भूमि विवाद के चलते मारा पीटा। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।(जासं)

# तहसील प्रशासन ने खाली कराई चरागाह की जमीन



चारागाह की जमीन पर जेसीबी के माध्यम से मेड़बंदी करवाते एसडीएम रुधौली आनंद सिंह श्रीनेत, तहसीलदार केसरी नंदन, ईओ अवनीश कुमार सिंह ● जागरण

**जासं, रुधौली, बस्ती** : नगर पंचायत के कामता प्रसाद नगर वार्ड व इंदिरा नगर वार्ड में लगभग चारागाह की जमीन को तहसील प्रशासन द्वारा जेसीबी के माध्यम से खाली करवाया गया। उसके बाद मेडबंदी किया गया।

एसडीएम आनंद सिंह ने बताया कि कामता प्रसाद नगर वार्ड के पास वर्ष 2002 में फर्जी तरीके से तैयार की गई खतौनी के माध्यम से गाटा सख्या 137 की 983 एयर जमीन पट्टे के रूप से जगदेव व छागुर को आवंटित कर दिया गया था। इंदिरा नगर वार्ड में चारागाह की 723 एयर जमीन पर सतीराम द्वारा पक्की दीवाल जोड़वाया गया था। शेष जमीन पर कुछ लोगों द्वारा मोरंग बालू सहित अन्य सामान रखकर कब्जा किया गया था। दोनों जमीनों की अनुमानित कीमत लगभग 13 करोड़ के आसपास है। अवैध तरीके से किए गए अतिक्रमण को खाली कराया गया। इस दौरान तहसीलदार केसरी नंदन त्रिपाठी, ईओ अवनीश सिंह,प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा, विजय यादव, लेखपाल कृष्णा चौधरी, हबीबुल्लाह मौजूद रहे।

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शित कर छात्राओं ने दिखाया हुनर

## एसबी सिंह पीडी मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुबौलिया।** क्षेत्र के एसबी सिंह पीडी मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज धरमूपुर में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी और मेले का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने अपना हुनर दिखाते हुए विज्ञान के तमाम मॉडल प्रस्तुत प्रदर्शित किए, जो भविष्य की तकनीकों पर आधारित थे।

इनमें पर्यावरण संरक्षण, आवर्त सारिणी के गुण, विद्युत चुंबकीय प्रेक्षण, समानांतर क्रम में प्रतिरोध, कार्बन के रूप, खाद्य श्रृंखला, बोहर मॉडल, ऊर्जा संरक्षण, श्वसन प्रणाली, आधुनिक घर आदि मॉडलों को काफी सराहा गया। छात्राओं ने मेले के तहत विद्यालय परिसर में तमाम खाद्य सामग्रियों के स्टाल लगाए।



दुबौलिया क्षेत्र के एसबी सिंह पीडी मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते एसआई चतुर्भुज पाठक। संवाद

स्टालों से छात्राओं ने खूब खरीदारी की। प्रदर्शनी और मेले का प्रधानाचार्य रचना सिंह और एसआई चतुर्भज पाठक ने निरीक्षण किया। इस मौके पर विद्यालय संरक्षक लाखन सिंह, आलोक सिंह, सतीश सिंह, शशिबाला, शिवधर शुक्ला, अर्चना निषाद आदि मौजूद रहीं।

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

नगर बाजार। पुलिस ने क्षेत्र के बाजार में महिलाओं की जागरूकता के लिए अभियान चलाया। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिला सुरक्षा को लेकर सरकार की संचालित कानूनों के बारे में जानकारी दी।

थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल शेषनाथ यादव, महिला आरक्षी प्रतिमा व पीआरडी सुमन ने मिशन शक्ति के तहत हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1076,1098,181,112, 102 व 108 के बारे में बताया। संवाद

# डेढ़ लाख रुपये लूटने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

## अयोध्या के दुकानदार को हर्रैया में रुपये देने के लिए बुलाया था

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती/ हर्रैया।** अयोध्या के दुकानदार से बस्ती में डेढ़ लाख रुपये की लूट करने वाले चार अंतरराज्यीय बदमाशों को हर्रैया थाना, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि विदेशी मुद्रा रियाल देने के बहाने दुकानदार को लूटने के आरोपियों को दबोच लिया गया है। उनके कब्जे से लूट के 80 हजार रुपये, पांच मोबाइल फोन और तीन आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपियों में से तीन पश्चिम बंगाल और एक गोवाहाटी असम का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि एसएचओ हर्रैया शैलेश कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी रोहित उपाध्याय व सर्विलांस प्रभारी शशिकांत की अगुवाई में खुलासे के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने शनिवार की भोर में

### लूटे गए 80 हजार रुपये और पांच मोबाइल फोन किए गए हैं बरामद

मुखबिर की सूचना पर आरोपी करामात गाजी, अब्दुल मोहम्मद, राना मुल्ला निवासी दखिन दारी, 26 रेल गेट, थाना लेकटाउन, जिला उत्तर 24 परगना कोलकाता, पश्चिम बंगाल और अब्दुल मोहम्मद जाकिर निवासी खैरा ग्राम थाना बरपटारोड़ जिला गोवाहाटी असम को हर्रैया के कैलवरी स्कूल के पास से दबोच लिया।

एसपी ने बताया कि इन चारों के खिलाफ हर्रैया थाने में आईपीसी लूट, धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अयोध्या जनपद में सुल्तानपुर मार्ग पर मोबाइल फोन की दुकान चलाने वाले मो. यासीन को निशाना बनाया। खरीदारी के बहाने एक नवंबर 2022 को उनकी दुकान पर पहुंचे। इनमें से एक ने अपनी एक रिश्तेदार की विदेश में मौत होने के बाद उनसे मिले रियाल को बदलने का झांसा दिया। बोला कि डेढ़ लाख रुपये देने पर वह उन्हें दोगुनी कीमत का रियाल देगा। इसके बाद फोन करके उन्हें सैंपल दिखाने के लिए हर्रैया बुलाया था।

तीन नंबवर को हर्रैया अस्पताल तिराहे के पास हाईवे के किनारे यासीन से मिल बोले कि जितने रुपये का प्रबंध कर पाओ, ले आओ। इसके बाद 11 नवंबर को यासीन अपने साथ कुछ लोगों को लेकर शाम के समय कस्बा हर्रैया स्थित अस्पताल तिराहे के निकट लोहिया पुल पर आए। शातिरों ने उन्हें कागज का कटा हुआ बंडल बनाकर प्लास्टिक में पैक कराकर दे दिया।

यासीन ने बंडल चेक करने को कहा तो आनाकानी करने लगे। यासीन के न मानने पर असलहा दिखाकर धमकाते हुए उनसे एक लाख पचास हजार रुपये छीनकर फरार हो गए।

# दहेज हत्या में पति को दस साल की सजा, चार हजार अर्थदंड भी लगा

## सोनहा थाना क्षेत्र के कोठिला गांव की घटना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सप्तम) की कोर्ट का फैसला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दहेज हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सप्तम) अनिल कुमार खरवार की अदालत ने आरोपी पति बृजेश कुमार को दस साल की सजा सुनाई है। अदालत ने चार हजार रुपये अर्थदंड लगाते हुए कहा कि इसे न अदा करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

जिला अपर शासकीय अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने अदालत में घटना का विवरण रखा। उन्होंने बताया कि घटना 25 जून 2006 की है। सोनहा थाना क्षेत्र के बैदोलिया निवासी मुनिराम ने अपनी बेटी सोना की शादी 23 मई 2004 को कोठिला निवासी बृजेश कुमार से की थी। शादी के दो माह बाद बेटी की ससुराल वाले मोटरसाइकिल और टीवी की मांग करने लगे।

जब देने में असमर्थता जताई तो उनकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे। 25 जून को उनकी बेटी को उसके ससुराल वालों ने जलाकर

### 25 जून 2006 को सोना की हुई थी मौत

मार डाला और मायके वालों को इसकी सूचना तक नहीं दी। बेटी की मौत की सूचना पर उसके ससुराल जाकर जानकारी ली और सोनहा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की, लेकिन पुलिस मुकर गई।

एसपी के आदेश पर पति बृजेश कुमार, ससुर संपूरन, देवर आज्ञाराम, सास और एक अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ। जिसमें विवेचक सीओ ने फाइनल रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित कर दिया।

वादी मुनिराम ने फाइनल रिपोर्ट के विरुद्ध न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर में नामित अभियुक्तों को तलब किया। पांच गवाहों की गवाही और मृतका के बयान के आधार पर अदालत ने पति बृजेश कुमार को दोषी पाया। अन्य अभियुक्तों को मामले से बरी कर दिया।

# आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी युवती की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने दो मामलों में छह आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

अपर फौजदारी शासकीय अधिवक्ता जयगोविंद सिंह ने अदालत को बताया कि परशुरामपुर थाना कस्बा निवासी सुनील कुमार मौर्या ने 19 सितंबर 2022 को अपने पिता के लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा प्रेमिका के विरुद्ध दर्ज किया। जिसमें पुलिस ने फातिमा बेगम को आरोपी बनाया है।

आरोपी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर जमानत की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायाधीश ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के दूसरे मामले में शासकीय अधिवक्ता ने

### अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने सुनाया फैसला

अदालत को बताया कि मंसरिया शुक्ल निवासी रजवंत और राजन चौधरी चमरईया मझौआ मीर गांव बरात में गए थे, जहां गांव के ही विनय कुमार, दिलीप, अमित, सूरज और कुलदीप ने जानलेवा हमला कर दिया। इसमें रजवंत और राजन गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों के चाचा अतुल चौधरी ने छह जून 2022 को वाल्टरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे में विनय कुमार, दिलीप, अमित, सूरज और कुलदीप को अभियुक्त बनाया गया है। अभियुक्तों ने अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्यायाधीश रामायण शर्मा की अदालत ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है।



सदर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनतीं डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव। संवाद

# डीएम रहीं मौजूद, फिर भी निस्तारण की रफ्तार सुस्त

## संपूर्ण समाधान दिवस : सदर तहसील में आए 106 मामलों में से मात्र 18 का निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में डीएम प्रियंका निरंजन ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। यहां कुल 106 मामले आए, जिसमें से मात्र 18 का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष मामलों में तारीख दे दी गई।

इसके अलावा रुधौली में 36 में से आठ तो भानपुर में 16 में से चार मामले आए । पूरे जिले में तहसीलों में आए कुल 158 मामलों में से मात्र तीस का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष मामलों में तारीख मिल गई।

डीएम प्रियंका निरंजन ने तहसील दिवस में सभी लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में सभी अवैध अतिक्रमण की सूची प्रस्तुत करें। पूर्व में भी अस्थायी अतिक्रमण हटवाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। सभी लेखपाल और कानूनगो इसका पालन करते हुए अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने गंभीर प्रकृति की शिकायतों को तत्काल निस्तारण करने के लिए अलग-अलग टीम भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस के 393 मामले सोमवार तक निस्तारित न किए गए तो डिफाल्टर हो जाएंगे।

इस मौके पर एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एसडीएम शैलेष दूबे आदि मौजूद रहे।

भानपुर प्रतिनिधि के अनुसार एडीएम कमलेश चंद्र ने लोगों की शिकायतें सुनीं। कुल दर्ज 16 मामलों मे से मात्र चार का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष मामले संबधित विभाग को सौंप दिया गया। इस मौके पर एसडीएम जीके झा, सीओ सार्थक सेंगर, ईओ ऋचा सिंह, बीडीओ सुशील पांडेय व योगेंद्र राम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

रुधौली प्रतिनिधि के अनुसार एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें कुल 36 मामले आए और आठ मामलों का निस्तारण हो सका। इस मौके पर तहसीलदार केशरी नंदन त्रिपाठी, ईओ अवनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## भूमि विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती।** हरैया थाना क्षेत्र के ककरहिया निवासी कन्हैया पाल का आरोप है कि भूमि विवाद को लेकर उनकी बेटी विक्रान्ती देवी व प्रतिमा को विपक्षियों ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के हनुमान पाल, गोदीराम, राम लुटावन और लक्ष्मी के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है। वहीं परसुरामपुर पुलिस ने अरजानीपुर निवासी गीता की तहरीर पर उमा समेत चार पर उन्हें व उनकी बेटियों को भूमि विवाद को लेकर मारने-पीटने के आरोप में नामजद किया है। संवाद

## नाली के विवाद में मारपीट, मुकदमा

**बस्ती।** परसुरामपुर थाने के नाथपुर पांडेय निवासी रानी का आरोप है कि नाली के पानी के बहाव को लेकर विपक्षी प्रेम शंकर समेत छह लोगों ने मारपीट कर धमकाया। बेटी नैंसी चोट लगने से बेहोश हो गई। इसी गांव की रीता का आरोप है कि पुरानी रंजिश व नाली के विवाद को लेकर गांव के वीरेंद्र पांडेय समेत चार लोगों ने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## चारागाह की जमीन को एसडीएम ने कराया खाली



**रुधौली।** नगर पंचायत के कामता प्रसाद नगर वार्ड व इंदिरा नगर वार्ड में करीब 1686 एयर चारागाह की जमीन को शनिवार को एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत ने खाली कराया। एसडीएम ने बताया कि 2002 में गलत तरीके से जमीन का पट्टा आवंटित कर दिया गया था। बताया कि दोनों जमीनों की अनुमानित कीमत करीब 13 करोड़ आंकी गई है। मौके पर तहसीलदार केसरी नंदन त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी अवनी सिंह, थानाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा, विजय यादव, कृष्णा चौधरी आदि मौजूद रहे। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022



नेपाल में रविवार को होने वाले चुनाव को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर दोनों देशों के सुरक्षा बलों ने संयुक्त गश्त तेज कर दी है।

# नेपाल चुनाव को लेकर सीमा पर गश्त बढ़ी

**लोटन**। नेपाल में रविवार को होने वाले चुनाव को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर दोनों देशों के सुरक्षा बलों ने संयुक्त गश्त तेज कर दी है। नेपाल में प्रतिनिधि व प्रदेश सभा सदस्य का चुनाव होना है। इसके लिए भारत नेपाल सीमा सील कर दी गई। संवेदनशीलता को देखते हुए भारत की एसएसबी व नेपाल सशस्त्र प्रहरी के जवानों ने संयुक्त रूप से सरहद पर कड़ी निगरानी की जा रही है।

# पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर रोक

लखनऊ। डीजीपी मुख्यालय ने प्रदेश में पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। केवल विशेष परिस्थितियों में विभागाध्यक्ष की अनुमति से ही उन्हें छुट्टी मिल सकेगी।

एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की तरफ से इस संबंध में सभी जिलों एवं पुलिस कमिश्नरेट को पत्र भेजा गया है। लोकसभा की एक और विधानसभा की दो सीटों पर अगले माह होन वाले उप चुनाव और उसके बाद होने वाले नगर निकाय चुनावों को देखते हुए यह रोक लगाई गई है।

### बढ़नी रोड स्थित गोदाम में बन रही थी नकली जैविक खाद

# नकली जैविक खाद बनाने का भंडाफोड़, गोदाम सील

**शिकंजा**

**इटवा, हिन्दुस्तान संवाद।** इटवा कस्बे के बढ़नी रोड पर अमौना गांव स्थित अब्दुल्लाह नामक युवक के गोदाम में नकली जैविक खाद बनाने के खेल का शनिवार को भांडा फूट गया है। जिला कृषि अधिकारी( डीएओ ) चन्द्र प्रकाश सिंह की छापेमारी में हरियाली, पोटांस जाइम नाम से खाली बाल्टी व सफेद बोरी में काला दाना बड़े पैमाने पर बरामद हुआ है। डीएओ ने गोदाम को सील करते हुए गोदाम स्वामी को नोटिस जारी करते हुए जबाब तलब किया है और रिपोर्ट डीएम को सौंपने की बात कही है। जिला कृषि अधिकारी की इस कार्रवाई से नकली जैविक खाद बनाने व बेंचने वाले अन्य दुकानदारों की सांसें अटक गई हैं।

डीएओ ने बताया कि शनिवार को वह इटवा क्षेत्र के खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण कर रहे थे। बढ़नी रोड पर अमौना गांव में स्थित अब्दुल्लाह के गोदाम पर भी पहुंच गए। गोदाम के निरीक्षण के दौरान अन्दर रखे हरियाली, पोटान्स जाइम नाम के खाली बाल्टी व सफेद बोरी में काला दाना देखकर उनके कान खड़े हो गए। उन्होंने बताया कि नकली जैविक खाद बनाने के सामान मिलने पर जाइम बनाने वाली कम्पनी के स्वामी से बातचीत की गई तो वह खाली बाल्टी व दाना बेचने के बात से इनकार कर गए। खिाली बाल्टी व बोरी में रखे काले दाने को संदिग्ध मानते हुए गोदाम को सील कर दिया। डीएओ ने बताया कि मामले में गोदाम स्वामी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। मामले की रिपोर्ट को डीएम को भेजी जाएगी। डीएम की अनुमति मिलने के बाद संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

**बाजारों में फैल चुका है नकली जैविक खाद :** शनिवार को जिला कृषि अधिकारी की छापेमारी में नकली जैविक खाद बनाने वाले जिस गोदाम का भंडा फूटा है। साथ ही गोदाम से जिले भर के कई दुकानों पर जैविक खाद की आपूर्ति भी हो रही थी। जांच में यह तथ्य सामने आए हैं।



गोदाम में नकली जैविक खाद बनाने के लिए सफेद बोरी में रखा काला दाना।

## नौ दुकानों से गेहूं बीज के नमूने लिए

छापेमारी के दौरान डीएओ इटवा क्षेत्र के नौ दुकानों से गेहूं बीज के नमूने भरे है। इसमें सिद्धार्थ जायसवाल बीज विक्रेता के यहां से दो नमूने, बाबूलाल एंड सन्स के यहां से चार नमूने, ओम प्रकाश राजकुमार बीज विक्रेता के यहां से पांच नमूने, भारत बीज भंडार से पांच नमूने, इण्डिया सीडस कम्पनी से दो नमूने, हिन्दुस्तार एग्रो एजेंसी से दो, आनन्द छापड़िया के यहां से दो नमूने, पूर्वांचल बीज भंडार से दो नमूने, नरेंद्र छापड़िया के यहां से दो नमूने लिए गए है। डीएओ ने बताया यह परीक्षण के लिए नमूने भेज जाएंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस की छुट्टियां रद्द

**लखनऊ** : उप चुनावों व निकाय चुनाव के दौरान कड़ी सुरक्षा–व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। डीजीपी डा. डीएस चौहान ने इसका निर्देश दिया है। यह भी कहा गया है कि केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर से ही किसी को अवकाश प्रदान किया जाए। (राब्यू)

# सुगम आवागमन के लिए यातायात पुलिस की मांग

**जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर:** रोडवेज चौराहे पर आएं दिन लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए यातायात पुलिस नियुक्त करने की मांग व्यापार मंडल ने की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल की अगुवाई में पदाधिकारियों ने शनिवार को एसडीएम बांसी के माध्यम से जिलाधिकारी को इसके लिए ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि रोडवेज चौराहे पर परिवहन निगम व प्राइवेट गाडियां बेतरतीब ढंग से खड़ी होती है। टैक्सी तथा आटो चालक भी सवारी बैठाने के लिए यहीं खड़े होते हैं। इससे नगरवासियों तथा दूर दराज से आने वाले लोगों को जाम में फंसना पड़ता है। बांसी नगर में यातायात पुलिस न होने से जाम की समस्या से नगरवासियों को निजात नहीं मिल पा रही है। ऐसे में रोडवेज चौराहे पर यातायात पुलिस नियुक्त किया जाय। ज्ञापन देने वालों में अनूप अग्रहरि, अजय कुमार, प्रिन्स अग्रहरि, रोहुल्लाह, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग के अपहरण में दो और आरोपित शामिल

**जासं, सिद्धार्थनगर:** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग के अपहरण में कुल तीन लोग शामिल थे, जबकि इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शुक्रवार को कोर्ट में अपहृता ने दो और लोगों के खिलाफ घटना में शामिल होने की बात कही है। बयान में पीड़िता ने गांव के एक व्यक्ति के अलावा एक नेपाल निवासी युवक का नाम भी लिया है। पुलिस अब इन दोनों आरोपितों के घटना में शामिल होने की जांच करेगी। सीडीआर की मदद भी ली जाएगी। प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि बयान के आधार पर मामले की जांच होगी। वहीं शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने भी इस मामले में थाना प्रभारी से वार्ता कर कहा कि इस घटना में जो भी शामिल हों, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी आरोपित को बचाने की कोशिश की गयी तो मामले को उच्च स्तर पर ले जाया जाएगा।



# जरूरत होने पर लें पुलिस की मदद

**जासं,सिद्धार्थनगर:** मिशनशक्ति अभियान के तहत राजकीय कन्या इंटर कालेज तेतरी बाजार में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जयंती मनाई गयी। रानीलक्ष्मी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। छात्राओं एवं महिलाओं को सशक्त बनने के लिए जागरूक किया गया। महिला थाना प्रभारी मीरा चौहान ने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस की मदद लें। छोटी-छोटी बातों को छुपाने से एक दिन बड़ी घटनाएं हो जाती हैं। जब भी किसी प्रकार की समस्या सामाने आए तो उसका प्रतिकार करें। वूमेन पावर लाइन नंबर, महिला हेल्प लाइन नंबर पर जरूरत पर काल करने की सलाह दी गयी।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, सिद्धार्थनगर:** अपहरण के मामले में मोहाना पुलिस ने शनिवार को ककरहवा बाग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित का नाम अब्दुल सलाम पुत्र अब्दुल हकीम निवासी परसादीपुर थाना मोहाना है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मोहाना संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक तरूण कुमार शुक्ला व आरक्षी ज्वाला सिंह शामिल रहे।

# किशोरी को अगवा करने के मामले में पांच पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** किशोरी को अगवा करने के मामले में शोहरतगढ़ पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रधान संघ के एक पदाधिकारी सहित पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नेपाल से सटे एक गांव में किशोरी का अपहरण गांव के ही एक व्यक्ति ने कर लिया। परिजनों ने शोहरतगढ़ पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने अपहरणकर्ता को नाबालिग के साथ पकड़ लिया।

अपहृता ने बयान में अपने गांव के प्रधान प्रतिनिधि जो प्रधान संघ के पदाधिकारी हैं उन्हें और एक नेपाली सहित पांच लोगों पर अपहरण में सहयोग का आरोप लगाया। पुलिस ने पांचों के खिलाफ अपहरण व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। इस संबंध में शोहरतगढ़ सीओ जयराम ने बताया कि नाबालिग के बयान के आधार पर केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नेपाल में चुनाव आज, सीमा हुई सील

**खुनुवां।** नेपाल में रविवार को प्रतिनिधि सभा व प्रदेश सभा का चुनाव है। इसको देखते हुए खुनुवां बॉर्डर पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां चौकस हो गई है।

बॉर्डर पर नेपाल की एपीएफ व भारत की एसएसबी व पुलिस के जवान कड़ी निगरानी करते दिखाई दिए। देश की 68 किलोमीटर सीमा नेपाल से लगती है। दोनों देश में जब भी चुनाव होता है तो सीमा को सील कर दिया जाता है। नेपाल में होने वाले मतदान के लेकर शनिवार की नेपाल से लगने वाली सीमा को सील कर दिया गया। सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों ने बार्डर पार से हर आने- जाने वालों पर रोक लगा दिया। एसएसबी के अलावा सीमावर्ती थानों की पुलिस भी अलर्ट है। संवाद



खुनुवां बॉर्डर के पास चेकिंग करते पुलिस के जवान। संवाद

# जारी परमिट से अधिक पेड़ों की हुई कटान

संवाद न्यूज एजेंसी

**ककरहवा।** मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवा में हरे आम के पेड़ों की कटान का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग हरकत में आया है। शुक्रवार को वन विभाग की टीम के साथ ककरहवा में तैनात एसएसबी जवानों ने संयुक्त रूप से छापा मारा।

जांच में पता चला कि वन विभाग ने केवल सात आम के पेड़ों की कटान का परमिट जारी किया था, जबकि कटान उससे अधिक पेड़ों की गई है। इस संबंध में ककरहवा बीट पर तैनात वन दरोगा शैलेंद्र यादव ने बताया कि जारी परमिट के अलावा काटे गए आम के पेड़ की लकड़ी को सीज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शव की हुई शिनाख्त

**शोहरतगढ़।** गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर शुक्रवार को चिल्हिया स्टेशन के पास माल गाड़ी की चपेट में आने से शनिवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

रविवार को शव की शिनाख्त हो गई। मृतक की पहचान भवन प्रसाद (55) चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायतपल्टादेवी के टोला झंडेनगर निवासी के रुप में हुई है। संवाद

# इटवा : नकली खाद बनाते पकड़ा, दुकान सील की

## जिला कृषि अधिकारी ने इटवा में खाद की दुकानों पर मारा छापा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** इटवा क्षेत्र में नकली खाद बनाने का मामला सामने आया है। जिला कृषि अधिकारी ने दुकान को सील करवा दिया। दुकानदार पर केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू हुई है। वहीं, बीज में गड़बड़ी की आशंका पर नौ दुकानों से सैंपल लिया गया। जांच में गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने इटवा कस्बे के नौ दुकानों पर छापा मारा। बीज में गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए नमूना एकत्र किया। इसके साथ ही कस्बे के अब्दुल्ला की दुकान पर छापा मारा। यहां गोदाम में जाइम खाद की नकली पैंकिंग की जा रही थी। जांच में हर प्रकार की गड़बड़ी मिली। कई नामी कंपनी का फर्जी पैकिंग मिली। इसके बाद रजिस्टर को जब्त करते हुए गोदाम को सील कर दिया गया।



शनिवार को इटवा कस्बे में खाद की दुकान सील कर कागज देखते जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह। विज्ञप्ति

जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि अनियमिता मिलने पर गोदाम को सील करवा दिया गया। जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया है। उनके आदेश के बाद दुकानदार पर केस दर्ज करवाया जाएगा। अन्य दुकानों पर भी छापा मारा जाएगा। गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई का दौर जारी रहेगा।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022

# दुष्कर्म व छेड़खानी का आरोप

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिले के थाना दुधारा अंतर्गत एक गांव निवासिनी पीड़ित महिला ने गांव के ही व्यक्ति द्वारा उसके साथ दुष्कर्म करने और उसकी देवरानी के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। समाचार लिखे जाने तक पीड़िता की एसपी ने मुलाकात नहीं हो सकी थी। पत्र में पीड़िता ने कहा है कि उसके पति मुम्बई में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। अपने बच्चों के साथ वह घर पर अकेली रहती है। घर पर कोई पुरुष सदस्य नहीं है। पीड़िता का आरोप है कि 18 नवम्बर को वह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी तभी गांव का एक युवक आया और उसे पीछे से पकड़कर मुंह दबाकर पटक दिया। उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने लगा। आरोप है कि चीख-पुकार सुनकर उसकी देवरानी घर से दौड़कर बचाने आयी तो उसे भी उक्त व्यक्ति पकड़कर घर के अन्दर ले गया और उसके साथ भी छेड़खानी करने लगा। जब इसका दोनों ने विरोध किया तो उक्त व्यक्ति बदनाम करने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि वह पुलिस अधीक्षक से मिलने आयी है लेकिन अभी तक उसकी मुलाकात नहीं हो सकी है।

# विधायक, डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

जनता की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता : विधायक

अधिकारीगण अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से नियमित जनसुनवाई करें : डीएम

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का समय से करें निस्तारण सभी थानाध्यक्ष : एसपी

तहसील खलीलाबाद में अपर जिलाधिकारी ने आवेदक को उपलब्ध कराई खतौनी





सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते विधायक मेंहदावल अनिल कु. त्रिपाठी, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार व अन्य अधिकारी तथा तहसील खलीलाबाद में आवेदक को खतौनी देते एडीएम मनोज सिंह।

संतकबीरनगर-धर्मसिंहवा (एसएनबी)। जिले के नगर पंचायत धर्मसिंहवा में संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को कम्पोजिट विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, डीएम प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार एवं सीडीओ अतुल मिश्र ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर निस्तारण किया।

विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता को संतुष्टि के प्रति शासन बेहद संवेदनशील है। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने फरियादियों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक सुना और अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में निस्तारण में विलम्ब का कारण का भी उल्लेख किया जाए। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने पुलिस अधिकारियों-थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए। समाधान दिवस में समाजसेवी रामचंद्र शुक्ल ने जनहित की मांग उठाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। धर्मसिंहवा क्षेत्र के मेंहदूपार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां पर डॉक्टर की तैनाती नहीं है। डॉक्टर का आवास जर्जर हो चुका है। मरीजों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था नहीं है। डीएम ने सीएमओ को आदेश दिया। रसोइयों ने जिलाधिकारी को मानदेय को लेकर शिकायती पत्र दिया जिस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया तो बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि रसोइयों का मानदेय सोमवार को उनके खाते में पहुंच जाएगा। कान्दू समाज द्वारा पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी करने का शिकायती पत्र दिया जिलाधिकारी ने एसडीएम को कान्दू जाति का प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया।

मेंहदावल तहसील अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 102 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 16 प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित कर अवशेष 86 प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं तहसील से संबंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल सहित फरियादी आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। एडीएम ने विभिन्न मामलों से सम्बन्धित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

तहसील खलीलाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एक प्रकरण में आवेदक देवता प्रसाद पु[त्र] रामनिवास ग्रा[म] सरौली महलम द्वा[रा] मृतक रामनरेश के वरासत के बा[द] खतौनी में न आने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया, जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही का आदेश दिया गया। वरासत खतौनी में दर्ज करवाते हुए आवेदक को खतौनी उपलब्ध कराई गई तथा एक अन्य प्रकरण में आवेदक रामउग्रह पुत्र बुद्धू की वरासत के बाद खतौनी में नाम न आने के संबंध में प्रार्थना पत्र पर तत्काल मौके पर अपर जिलाधिकारी द्वारा नाम दर्ज करने का आदेश दिया गया और आदेश वरासत खतौनी में दर्ज करवाते हुए आवेदक को खतौनी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार शेख आलमगीर, नायब तहसीलदार विजय गुप्ता, लेखपाल राजेश चौधरी, रघुनाथ त्रिपाठी, जयशंकर यादव सहित अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे। तहसील खलीलाबाद में कुल 51 प्रार्थना पत्र आये जिनमें से मौके पर 8 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलंब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया।

# यातायात नियमों के पालन का दिलाया संकल्प

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर के दृष्टिगत को यातायात नियमों के जागरूकता के क्रम प्रभारी निरीक्षक यातायात,बृजेश यादव ने खलीलाबाद शहर के क्षेत्र स्थित चौराहों पर वाहन चालक एवं आमजन को सड़क व यातायात के निमयों के बारे जागरूक किया गया। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, शीट बेल्ट पहनने, नशे के हालात में वाहन न चलाने, वाहनों को अधिक गति से न चलाने, वाहनों पर स्वीकृत से अधिक सवारियां न बैठाने व वैध ड्राइविंग लाइसेंस लेकर ही वाहन चलाने के साथ साथ वाहनों को निर्धारित पार्किंग पर खड़ी करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही यातायात जागरुकता के क्रम में पम्पलेट भी वितरित किया। वाहन चालकों को इन नियमों के पालन करने हेतु अपने परिवार व आस-पास के लोगों को जागरूकता हेतु प्ररित करने की संकल्प भी दिलाया। इस मौके पर यातायात पुलिस उ.नि. भोला प्रसाद, हे.कां. अजय राय, कां. अजय कुमार पाण्डेय व यातायात पुलिस के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मारपीट की घटना में चार नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के टुम्पार में शनिवार को कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया और उसकी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल व्यक्ति की तहरीर के आधार पर महुली पुलिस ने 4 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में टुम्पार निवासी झिनकान पुत्र रामनरेश वर्मा ने बताया कि उनका गांव के मन्नू आदि से पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी बात को लेकर शनिवार को मन्नू अपने परिजनों के साथ उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा एतराज करने पर उक्त लोगों ने झिनकान को मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही झिनकान ने आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया और जानमाल की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।

महुली पुलिस ने झिनकान की तहरीर के आधार पर मन्नू,मटलू उर्फ राघवेन्द्र पुत्रगण नरसिंह, पूजा पुत्री नरसिंह, अमर सिंह पुत्र रघुवंश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है शीघ्र ही मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी। एक अन्य समाचार के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के हरदी गांव में गुरूवार को अपनी बहन की विदाई कराने आए भाई और उसकी वहन को बहन के पट्टीदारों ने जमीनी बटवारे को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के दलेलगंज निवासी पीड़ित भाई ने महुली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

महुली पुलिस को दी गई तहरीर में कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के दलेलगंज निवासी सलाउद्दीन पुत्र निजामुद्दीन ने बताया कि बीते 17 नवम्बर को वह अपनी बहन रेहाना खातून पत्नी हाशिम की विदाई कराने महुली थाना क्षेत्र के हरदी गांव गया हुआ था। तहरीर में वादी ने बताया कि जब वह अपनी बहन के घर पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी बहन के चचेरे ससुर बखशीश पुत्र निजामुद्दीन, सौतेला देवर ताजिम पुत्र रफीक,इसमाइल,इजराइल पुत्रगण बखंशीश पारिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर उसकी बहन की जमकर पिटाई कर रहे थे। जब उसने अपने वहन को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। महुली पुलिस ने सलाउद्दीन की तहरीर के आधार पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504,506 व 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और मामले की विवेचना शुरू कर दी। घायलों का इलाज इस समय जिला अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**पारिवारिक विवाद में मारपीट, चार नामजद :** महुली थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में विगत 16 नवम्बर की शाम हुए पारिवारिक झगड़े में दो परिवारों में मारपीट हो गई, जिसमें पीड़ित पक्ष की तहरीर पर महुली पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में अलीनगर निवासी रामकरन पुत्र बल्ली ने बताया कि उनके गांव के ही राजेश,श्यामराज और किशन पुत्रगण कोमल तथा नागेन्द्र पुत्र रंगीलाल ने पारिवारिक विवाद को लेकर उसके परिवार के साथ गाली-गलौज,मारपीट किया और जानमाल की धमकी दिया। पुलिस ने रामकरन की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे और आगे की कानूनी कार्रवाई शीघ्र ही पूरी कर दी जाएगी।

# स्कूलों में 112 सेवा का किया प्रचार

सेमरियावां। जिले की पुलिस स्कूलों पर भ्रमण कर आपात सेवा के प्रचार-प्रसार में जुड़ी हुई है। अब तक सेमरियावां ब्लॉक सहित जनपद के 50 से अधिक स्कूलों पर पोस्टर चस्पा कर आपात सेवाओं के लिए 112 को जन-जन तक पहुंचाने में लगी है। आपात सेवा 112 के लिए लगे प्रचार-प्रसार सामग्री में कहा गया है कि जिले की पुलिस सक्रिय भागीदारी, सहयाता के लिए तत्पर है।

## समितियों पर उमड़े किसान, पहुंचते ही खत्म हो गई डीएपी खाद

# धक्का-मुक्की के बीच डीएपी खाद का वितरण

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। जनपद में गुरुवार को इफको कंपनी की 34 हजार बोरी खाद जिले को मिली। दो दिनों में लगभग सभी समितियों पर खाद भेजी गई। खाद पहुंचने की सूचना मिलते ही किसान समितियों पर भारी संख्या में पहुंच गए। इस कारण अफरा-तफरी की स्थिति रही। खाद वितरण के लिए सचिवों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हैंसर ब्लाक के खांजो समिति पर खाद वितरण के दौरान धक्का-मुक्की हुई। वहीं रजनौली समिति पर ताला लटका रहा। कई समितियों पर खाद पहुंचते ही कुछ ही घंटों में खत्म हो गई।

**लोहरैया संवाद** के अनुसार शनिवार की सुबह छह बजे से ही सहकारी समिति खांजो पर खाद वितरण की सूचना पर दर्जनों गांव के किसानों की भारी भीड़ लग गई। भीड़ को देखते हुए वितरण में अव्यवस्था न हो इस कारण एक पुलिस कर्मी को भी तैनात किया गया। लेकिन वितरण के दौरान अनियमितता होने पर किसानों ने



साधन सहकारी समिति खाजों में खाद का वितरण कराते चौकी इंचार्ज। • हिन्दुस्तान

विरोध जताया। कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि लाइन में लगे किसानों को खाद नहीं दी जा रही है, कुछ खास लोगों को बिना लाइन के भी उपलब्ध करा दिया जा रहा है। इस बीच किसानों ने आपस में भी धक्का-मुक्की की। भारी विरोध के बाद सचिव व अन्य कर्मचारियों ने सभी किसानों के आधार कार्ड इकट्ठा कर दिए। उसमें से एक-एक कार्ड निकालकर खाद वितरित करना शुरू किया। इस दौरान दो पक्षों में खाद लेने के लिए एक दूसरे से कहा सुनी होने लगी। वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने उन दोनों किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया। लेकिन इसके बाद एक पक्ष थाने में पहुंच गया और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती पत्र दिया। मारपीट की सूचना पर लोहरैया चौकी इंचार्ज चंद्रप्रकाश सिंह सहकारी समिति खांजो पहुंच गए। स्वयं खड़े होकर सुचारु रूप से खाद वितरण कराया।

# अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

लोहरौली। दुधारा थाना क्षेत्र के अशरफपुर (केवटहिया) से शनिवार को छापेमारी कर पुलिस ने 10 लीटर अवैध शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया। शराब बनाने वाले उपकरण के साथ लहन को नष्ट किया।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार दुबे ने बताया उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की गई। छापेमारी में अशरफ पुर के केवटहिया राजस्व ग्राम में मनोहरा देवी पत्नी राजदेव को शराब बनाते पकड़ लिया। इस महिला के पास से 10 लीटर अवैध शराब बरामद हुआ। इसके अलावा शराब बनाने वाले उपकरण को भी बरामद किया।

# सौतेली मां व अन्य पर दर्ज कराया केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर सौतेली मां व अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़ित अनिल यादव निवासी बनकटिया ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह वह गुजरात के शहर बड़ोदरा में सपरिवार रहते हैं। दिनांक 17 नवंबर को समय सांय 5 बजे के करीब उनकी सौतेली मां लक्ष्मी देवी उर्फ आशा देवी अपने पुत्र सुनील यादव के साथ सोनू सिंह सहित तीन अन्य व्यक्तियों के साथ गांव बनकटिया आई थी और गांव के लोगों से कह रही थी अगर अनिल कुमार यादव मिल जायेंगे तो इन्हीं शूटरों से उनकी हत्या करवा देंगे। कोतवाल ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

डीएम की पहल पर पहली बार तहसील की जगह धर्मसिंहवा नगर पंचायत में हुआ समाधान दिवस, मौके पर 16 मामले निस्तारित

# पीएम आवास में वसूली पर भड़के डीएम, मुकदमा

**आयोजन**

- डीएम ने कहा अधिकारी पहुंचे जनता के दर, त्वरित न्याय प्राथमिकता
- सबसे ज्यादा मामला सम्मान निधि और पेंशन से संबंधित आया

संतकबीर नगर/धर्मसिंहवा, हिन्दुस्तान टीम। जिलाधिकारी की पहल पर शनिवार को जनपद स्तरीय समाधान दिवस मेंहदावल तहसील की जगह धर्मसिंहवा नगर पंचायत में आयोजित हुआ। सभी जनपद स्तरीय अधिकारी धर्मसिंहवा पहुंचे तो क्षेत्र के पीड़ितों को न्याय की आस जग गई। जो लोग अधिक दूरी के कारण तहसील तक अपनी बात लेकर नहीं पहुंच पाते थे, वे भी डीएम के समक्ष प्रस्तुत हुए और अपनी शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान पीएम आवास में वसूली की शिकायत पर डीएम बिफर पड़े। उन्होंने बीडीओ को तत्काल आरोपी पर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर शाम को धर्मसिंहवा थाने में मुकदमा दर्ज हो गया। यहां कुल 102 मामले आए, जिसमें सिर्फ 16 का ही मौके पर निस्तारण हो सका। सबसे ज्यादा मामले सम्मान निधि न आने और पेंशन न मिलने का आया। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम मेंहदावल को निर्देशित किया कि बुधवार को तहसील क्षेत्र के सारे अधिकारियों के साथ मिलकर तहसील परिसर में वृहद कैम्प का आयोजन कराएं, जिसमें सम्मान निधि और पेंशन सम्बन्धित सभी मामलों का निस्तारण हर हाल में किया जाय।

समाधान दिवस में समाजसेवी रामचंद्र शुक्ल ने शिकायती पत्र दिया कि धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र की सीमा पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां पर इस समय डाक्टर की तैनाती नहीं है। मरीजों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण इलाके में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर की तैनाती की जाय स्कूलों पर तैनात रसोइयों ने पिछले छह महीने से उनके मानदेय न आने की शिकायत की, जिस पर डीएम को बीएसए ने बताया कि सोमवार तक सबका मानदेय उनके खाते में पहुंच जाएगा।

राजस्व सम्बन्धित मामले में डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देशित किया कि वे लोग जनता के शिकायतों को गंभीरता से लेकर मौके पर जाकर जमीन का पैमाइश करवाकर लोगों को संतुष्ट करें। नगर पंचायत के लोगों ने शिकायत किया कि उनके गांव नगर पंचायत में शामिल होने के बाद गांव में सफाईकर्मी नहीं आ रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने पंचायत राज विभाग को निर्देशित किया कि गांव में रोस्टर के तहत सफाई करवाई जाय। लोगों ने शिकायत किया कि गांव में बिजली के जर्जर तार टूटकर गिर रहे हैं। बड़ी घटना की आशंका बनी रहती है। इस पर एक्सईएन को निर्देशित किया कि बिजली व्यवस्था ठीक करने व जर्जर तारों को बदलवाने का निर्देश दिया। भुलकी निवासी दिव्यांग सूर्य प्रकाश शुक्ल ने शिकायत किया कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहा है, जिस पर सीएमओ को प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश डीएम ने दिया। नगर पंचायत के लोगों ने शिकायत किया कि नगर पंचायत धर्मसिंहवा से रोडवेज की बस का कोई पता नहीं रहता है। इस पर डीएम ने रोडवेज के एआरएम को बुलाया। उनके अनुपस्थित होने के कारण उन्हें कार्यालय में तलब किया। पिछले लगभग छह वर्षों से धर्मसिंहवा क्षेत्र के बेलराई सिवान में नहर के टूटने से किसानों का लगभग 200 बीघा गेहूं की फसल डूब जाती है।


धर्मसिंहवा में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार, विधायक अनिल कुमार सिंह।

## कांदू समाज ने जाति प्रमाण पत्र को दिया ज्ञापन

धर्मसिंहवा नगर पंचायत के कांदू समाज के लोगों ने कांदू जाति को पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र न जारी होने का मांग उठाया। यह भी बताया कि एक ही परिवार के दो लोगों का जारी हुआ है, जबकि अन्य सदस्यों का जारी नहीं हो रहा है। इस पर एसडीएम मेंहदावल और तहसीलदार मेंहदावल को लोगों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करने की बात कही।

**आवास के लिए वसूली करने वाले पर केस दर्ज:** धर्मसिंहवा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में बेलराई गांव के आधा दर्जन लोगों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए गांव के एक व्यक्ति पर प्रधानमंत्री आवास के नाम पर वसूली करने का आरोप लगाया। डीएम शिकायत पर गम्भीर हुए। बीडीओ को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिए। आरोपी के विरुद्ध धर्मसिंहवा थाने में धारा 419, 429 और 406 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

शिकायत कर्ता मालती, उर्मिला, मीना, राधिका, किरन और भुलादेवी ने आरोप लगाया कि गांव निवासी आलोक राय ने मालती से सात हजार, उर्मिला से 11 हजार, मीना से 11 हजार, राधिका से छह हजार, किरन से नौ हजार और भुलादेवी पांच हजार रुपए वसूले हैं। कुल 49 हजार रुपए लिए हैं। 2

## एडीएम ने तत्काल वरासत दर्ज करा उपलब्ध कराई खतौनी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई एडीएम मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। एडीएम ने एक-एक फरियादियों की शिकायत सुनते हुए उसके त्वरित निस्तारण का निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया। इस दौरान कुल 51 मामले आए इसमें से छह का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इस दौरान आवेदक देवता प्रसाद निवासी ग्राम सरौली चहारुम ने वरासत के बाद खतौनी में न आने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर तत्काल अपर जिलाधिकारी कार्यवाही का आदेश दिया तथा वरासत खतौनी में दर्ज करवाते हुए आवेदक को खतौनी उपलब्ध कराई गई। आवेदक रामउग्रह पुत्र वृद्ध की वरासत के बाद खतौनी में नाम न आने के संबंध में प्रार्थना पत्र पर तत्काल दर्ज कराते हुए वरासत खतौनी उपलब्ध कराई गई। धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कुल 30 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। खजूर टिकरा गांव निवासी जगदीश शुक्ला ने अपने हल्का लेखपाल पर रिश्वत लेकर नंबर की जमीन में चकरोड निकालकर पटवाये जाने का आरोप लगाते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दे कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप मढ़ा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध केस दर्जकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि परमात्मा नाम का युवक उसके साथ शादी का झांसा देकर पिछले सात वर्ष से शारीरिक संबंध बना रहा था। दिनांक 10 नवंबर को दिन में एक बजे आकर शारीरिक संबंध बनाया। शादी की बात करने पर इंकार कर दिया। इसके बाद घर वालों को जानकारी दी।

# वाहन चालकों एवं अन्य को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

संतकबीरनगर। जनपद यातायात पुलिस ने शनिवार को यातायात माह पर वाहन चालकों एवं अन्य को सड़क सुरक्षा नियम का पाठ पढ़ाया। यातायात नियम जागरूकता के तहत प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव की टीम ने खलीलाबाद शहर के विभिन्न स्थानों व चौराहों पर वाहन चालक एवं आमजन को सड़क एवं यातायात के नियमों के बारे जागरूक किया।

# चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम टुम्पार निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने सगे भाइयों समेत चार के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, जानमाल की धमकी देने तथा बाइक क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में टुम्पार निवासी झिनकान पुत्र रामनरेश वर्मा ने बताया कि गांव के मन्नू आदि से पुरानी रंजिश चली आ रही है। एतराज करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। सन्तोष ने बताया कि प्रतिवादी मन्नू, मटलु उर्फ राघवेंद्र पुत्र नरसिंह, अमर सिंह पूजा पुत्री नरसिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# अधिकारियों से उम्मीद पर पहुंचे, आश्वासन लेकर लौटे

## धर्मसिंहा के जूनियर हाई स्कूल में संपूर्ण समाधान दिवस, डीएम व विधायक के साथ सुनी समस्या

जागरण संवाददाता, धर्मसिंहा संतकबीर नगर : नव गठित नगर पंचायत धर्मसिंहा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन करना जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की नई पहल है। इससे लोगों को उम्मीद थी की मौके पर ही मामलों का निस्तारण होगा तथा लोगों को न्याय मिलेगा। लेकिन नवाचार के अलावा इस आयोजन में कुछ भी नया नहीं दिखा। पुरानी परिपाटी पर ही सुनवाई व निस्तारण के निर्देश तक मामला सिमटा दिखा। इससे लोगों की आस आश्वासन तक ही सिमटती दिखाई दी।

शनिवार को संतकबीर नगर व सिद्धार्थनगर जनपद के सरहद पर स्थित जूनियर हाई स्कूल धर्मसिंहा विद्यालय का परिसर साफ सुथरा चकाचक दिखाई दे रहा था। एसडीएम योगेश्वर सिंह के नेतृत्व में यहां समस्याएं सुनी जा रही थीं। तभी 11: 05 बजे जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार का काफिला विद्यालय परिसर में प्रवेश किया। इसी के साथ विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी भी पहुंचे। लोगों की पीड़ा सुनने व उसके



धर्मसिंहा मे आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मे सुनवाई करते डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार • जागरण

गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए जा रहे थे। 11:25 बजे बेलराई गांव के कुछ ग्रामीणों ने आवास के नाम पर एक व्यक्ति पर वसूली का आरोप लगाया। छह लोगों से हजारों रुपए की वसूली का आरोप लगा। डीएम इस मामले में सख्त हुए। उन्होंने तत्काल खंड विकास अधिकारी सांथा व एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। 11:35 बजे रसोइया लीलावती, मिश्रावती, सावित्री पहुंचीं। उन्होंने पिछले आठ महीने से मानदेय भुगतान नहीं होने की शिकायत जिलाधिकारी से की। सीडीओ अतुल मिश्र को इस मामले में तत्काल पहल कर मानदेय भुगतान कराने का निर्देश दिया गया। रघुवीर, नित्यानंद सहित कुछ अन्य किसान किसान सम्मान निधि नहीं मिलने की शिकायत किए। डीएम इस मामले में भी सख्त हुए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को पूरे मामले की जांचकर पात्र किसानों को किसान निधि दिलाने का निर्देश दिया। कुछ समय बाद ही पैर से दिव्यांग सूर्य प्रकाश भी समाधान दिवस में पहुंचा। उन्होंने विकलांग प्रमाण पत्र जारी कराने को लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई।

उसका कहना था कि मैं चलने फिरने में अक्षम हूं। उसके बावजूद 70 फीसद ही प्रमाण पत्र में विकलांगता है। 80 फीसद शारीरिक क्षति का प्रमाण पत्र जरूरी है। जिलाधिकारी ने इस मामले में जिम्मेदारों को निर्देशित किया। दिव्यांग गोलू भी शिकायत करने पहुंचा। उन्होंने किसी भी प्रकार की योजना का लाभ नहीं मिलने की दुहाई दी। जिलाधिकारी ने सांथा बीडीओ को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुल 102 शिकायतें आईं, जिसमें मात्र 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। बाकी शिकायतों के लिए टीम गठित कर रवाना किया गया।

### खलीलाबाद में एडीएम ने सुनी फरियाद, कराया समाधान

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : खलीलाबाद तहसील सभागार मे शनिवार को अपर जिलाधिकारी (एडीएम) मनोज कुमार सिंह और एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने फरियाद सुनी। मामलों का निस्तारण करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियो को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस मे खलीलाबाद के तहसील दिवस मे ग्राम सरौली चहारुम निवासी देवता प्रसाद मृतक रामनरेश की वरासत के बाद खतौनी मे न आने के संबंध मे प्रार्थना पत्र दिया। एडीएम ने विरासत खतौनी मे दर्ज करवाते हुए आवेदक को खतौनी उपलब्ध कराकर समाधान किया। खलीलाबाद के राम उग्रह द्वारा वरासत के बाद खतौनी में नाम न आने के संबंध मे प्रार्थना पत्र दिया। समस्या का मौके पर ही समाधान हुआ। इस मौके पर तहसीलदार शेख आलमगीर, नायब तहसीलदार विजय गुप्ता, लेखपाल राजेश चौधरी, यदुनाथ त्रिपाठी, जयशंकर यादव सहित विभागीय अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# वाहनों से 1.25 लाख शमन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच हुई। इस दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष व प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाई की गई। इसमें 125 वाहनों से एक लाख 25 हजार रुपये शमन शुल्क वसूले गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। (जासं)

# आप हेल्पलाइन नंबर पर करिए फोन, हम मदद के लिए तैयार

**जासं, सेमरियावां, संतकबीर नगर :** अपराधों की रोकथाम के साथ ही लोगों के मन से भय की भावना को खत्म करने के लिए पुलिस संचालित हेल्प लाइन नंबरों के बारे में लोगों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को दुधारा पुलिस ने शनिवार को प्राथमिक विद्यालय सेमरियावां में बच्चों को आपातकाल में जरूरी नंबरों पर फोन करने के लिए बताया।

रमा शंकर मिश्र ने कहा कि कहीं भी संकट की दशा आ पड़े तो 112 नंबर पर फोन करना चाहिए। फोन के तत्काल बाद पुलिस मदद को पहुंच जाएगी। लोगों को मन में किसी प्रकार का भय नहीं रखना चाहिए। उन्होंने पुलिस सेवा के साथ ही मेडिकल सेवा, अग्निशमन, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और बाल अपराधों के रोकथाम के बारे भी जारी नंबरों के बारे में जानकारी दी।

# अपराध पर रोक के लिए स्कूलों में पोस्टर चस्पा

संवाद न्यूज एजेंसी

सेमरियावां। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर सेमरियावां ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों में पोस्टर चस्पा कर आपात सेवा 112 का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

**पुलिस कर्मियों ने ट्विटर एफबी और व्हाट्सएप पर सूचना देने की अपील की**

शुक्रवार को सेमरियावां ब्लॉक मुख्यालय स्थित कंपोजिट विद्यालय में जिला पुलिस टीम के दीवान रमाशंकर मिश्र, राहुल यादव, ब्रजेश यादव, राज नाथ आदि ने पोस्टर चस्पा कर बच्चों को जागरूक किया।

दीवान रमाशंकर मिश्र ने बताया कि पुलिस सेवा, मेडिकल सेवा, अग्निशमन, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और बाल अपराध की रोकथाम के लिए यूपी पुलिस हमेशा तत्पर है। इसके अलावा ट्विटर, एफबी, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम पर भी सूचना दे सकते हैं।

इस अवसर पर नोडल शिक्षक जफीर अली, व्यापार मंडल अध्यक्ष अरशद चौधरी आदि मौजूद रहे।

# दो सगे भाइयों समेत चार पर केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के टुंगपार में रंजिश में पीड़ित की हुई पिटाई के मामले में शनिवार को पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत चार पर केस दर्ज किया। पीड़ित झिनकान ने बताया कि गांव के मन्नू आदि से पुरानी रंजीश चली आ रही है। इसी बात को लेकर शनिवार को वह परिजनों के साथ पहुंचे और अपशब्द कहने लगे। संवाद

# 183 मामले आए, निस्तारित हुए केवल 24



धर्मसिंहवा के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते विधायक, डीएम, एसपी और सीडीओ। संवाद

**संतकबीरनगर/धर्मसिंहवा।** शनिवार को मेंहदावल तहसील की जगह कंपोजिट विद्यालय धर्मसिहवां में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी और विधायक ने फरियाद सुनी। खलीलाबाद तहसील में एडीएम व एसडीएम और धनघटा डीडीओ व एसडीएम ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान 183 मामले आए। केवल 24 मामलों का ही निस्तारण हो पाया।

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने मेंहदावल तहसील की जगह नवसृजित नगर पंचायत धर्मसिंहवा स्थित कंपोजिट विद्यालय में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित कराया। एसपी सोनम कुमार, सीडीओ अतुल मिश्र, विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी के साथ जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

सबसे पहले रामचंद्र शुक्ल ने प्रार्थनापत्र देकर मेंहदूपार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकृत करने, स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति करने की मांग की। डीएम ने सीएमओ को समस्या का निदान करने के निर्देश दिए। रसोइयों ने मानदेय भुगतान के लिए प्रार्थनापत्र दिया। डीएम ने मानदेय भुगतान के लिए बीएसए को निर्देश दिए।

नगर पंचायत में विद्युत सब स्टेशन बनाने, जर्जर तार को बदलने व कस्बे से बंद पड़े रोडवेज बस को चलाने की मांग लोगों ने सामूहिक रूप से की। कांदू समाज को पिछड़ी का प्रमाणपत्र न मिलने की शिकायत भी डीएम से की गई।

समाधान दिवस में ज्यादातर मामले किसान सम्मान निधि तथा पेंशन के आए। डीएम ने एसडीएम को बुधवार को तहसील में कैंप लगाकर समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 102 मामले आए और 16 मामलों का निस्तारण हो पाया।

खलीलाबाद में एडीएम मनोज कुमार सिंह और एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने फरियाद सुनी। यहां कुल 51 मामले आए और केवल छह मामलों का ही निस्तारण हो पाया। संवाद

## ठगी की शिकायत, आरोपी पर दर्ज हुआ केस

संपूर्ण समाधान दिवस पर नगर पंचायत धर्मसिंहवा निवासी मालती देवी पत्नी चिरकुट, उर्मिला देवी पत्नी बेचन, मीना देवी पत्नी महेंद्र, राधिका देवी पत्नी श्रवण कुमार, किरण देवी पत्नी नगेंद्र, भुलैनी देवी पत्नी श्री राम ने डीएम को शिकायती पत्र दिया। आरोप लगाया कि आवास के नाम पर एक व्यक्ति ने उनसे ठगी की है। डीएम एवं विधायक ने बीडीओ को मुकदमा दर्ज कराते हुए तत्काल कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। देर शाम पीड़ित उर्मिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी आलोक राज पर जालसाजी का केस दर्ज कर लिया।

## संपूर्ण समाधान दिवस में घुसे गोंड संस्था के लोग

खलीलाबाद में एडीएम, एसडीएम और सीओ फरियादियों की समस्या सुन रहे थे। अचानक गोंड विकास संस्था के लोग सुरक्षा घेरा को तोड़ कर अंदर घुस गए और शोर-शराबा करने लगे। एडीएम, एसडीएम और गोंड विकास संस्था के कुछ लोगों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। बाद में अधिकारियों ने सख्त तेवर दिखाए और भीड़ को बाहर जाने को कहा। पांच लोगों को अपनी बात रखने को कहा।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022

# शांति भंग की आशंका में 11 के खिलाफ कार्रवाई

वजीरगंज। पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में शनिवार को ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रोहित कुमार, कृपाराम, राम जियावन व मुंशीलाल निवासी गण मधवापुर, ओम करन कोरी निवासी चडौवा ,सन्तोष कुमार यादव व पवन यादव निवासी बाबा मठिया चंदापुर, अर्जुन तिवारी, भीम तिवारी, अजीत तिवारी व अजय तिवारी निवासी चंदापुर को वरिष्ठ उप निरीक्षक राम भवन पासवान को पकड़ा गया है।

### सेवानिवृत्त गन्ना पर्यवेक्षक हत्याकांड में पहुंची राज्य मानवाधिकार आयोग की टीम

# आयोग की टीम ने की जांच-पड़ताल

**छानबीन**

- सेवानिवृत्त गन्ना पर्यवेक्षक की अपहरण और हत्या का मामला
- परिजनों ने आला अफसरों और आयोग से की थी शिकायत



रुपईडीह के घुघुवापुर में जांच पड़ताल करती मानवाधिकार आयोग की टीम।

रुपईडीह, संवाददाता। घुघुवापुर में सेवानिवृत्त गन्ना पर्यवेक्षक रामसेवक तिवारी के हत्या के बाद चार माह बाद में मानव अधिकार आयोग के सदस्यों ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल की।

कौड़िया थाना क्षेत्र के गोंडा बहराइच मार्ग पर घुघुवापुर में सेवानिवृत्त गन्ना पर्यवेक्षक रामसेवक तिवारी को उनके दुकान से 15 अगस्त को अज्ञात लोगों ने रहस्यमय तरीके से अपहरण कर उनके पुत्र प्रवीण कुमार के मोबाइल पर 11 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। शाम को 5:00 बजे तक पैसा न मिलने पर उनके हत्या कर देने की धमकी दी थी। जिसके बाद गन्ना पर्यवेक्षक की हत्या कर दी गई। उनका शव अपहरण के तीन दिन बाद फरेंदा शुक्ल गांव के पास सरयू नहर में मिला थी। जिस पर पुलिस ने उनके पुत्र प्रवीण सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर घटना की खुलासा किया था।

गन्ना पर्यवेक्षक की पत्नी सरस्वती देवी ने पुलिस पर गलत खुलासे का आरोप लगाते हुए जनपद के उच्चाधिकारियों से लेकर उत्तर प्रदेश मानव अधिकार आयोग को एक शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर न्याय दिलाने की मांग की थी। जिस पर मानवाधिकार सदस्यों की एक टीम जिसमें अमित मिश्रा व संतोष दुबे सहित तीन लोगों ने घुघुवापुर ,फरेन्दाशुक्ल, ककरहवा, आर्यनगर पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए जांच पड़ताल की। इस संबंध में चौकी प्रभारी आर्यनगर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मानवाधिकार आयोग के टीम की ओर से जांच की सूचना मिली है।

# छपिया क्षेत्र की अपहृत युवती बरामद हुई

बभनान। थाना छपिया अंतर्गत ग्राम पिपरा खुर्द से अपहरण की गई युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया गया है। चौकी प्रभारी बभनान राकेश कुमार ओझा ने बताया कि एक 20 वर्षीया युवती प्रेमी के साथ भाग गई थी। जिसे शनिवार की सुबह बभनान रेलवे स्टेशन से मय हमराह शिवम यादव, महिला आरक्षी नीशू राजभर के साथ बरामद कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मारपीट में 12 पर केस

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदापुर के मजरा महंगू मनिहार निवासिनी सुंदर देवी ने कहा कि शनिवार को दोपहर में भूमि विवाद को लेकर अर्जुन तिवारी, भीम तिवारी, अजीत तिवारी, जगदेव तिवारी ने अभद्रता करते हुए उसे मारापीटा। वहीं दूसरे पक्ष के ईश्वरदेव तिवारी ने कहा कि भूमि विवाद को लेकर कलपनाथ तिवारी, प्रेमनाथ, अजय तिवारी, महेश तिवारी ने उसके भाई जगदेव तिवारी, लक्ष्मी, दीपक तिवारी को अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## तरबगंज तहसील में सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

# 173 शिकायतों में सिर्फ एक का निपटारा

**फरियाद**

**तरबगंज, संवाददाता।** तरबगंज तहसील में शनिवार को सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें भूमि विवाद, लेखपाल के विरुद्ध शिकायत, राशन कार्ड पंजीयन, पंचायत विभाग संबंधी शिकायतें कुल 173 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से वृद्धा पेंशन संबंधी एक शिकायत का मौके पर अधिकारियों ने निस्तारण कराया।



तरबगंज में शनिवार को सीडीओ ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

इस दौरान पकवान गांव निवासिनी दिव्यांग महिला बिट्टू देवी ने शिकायत की कि दबंगों ने उसकी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। बिट्टू देवी दोनों पैर से पूर्ण रूप से दिव्यांग है, वह रेंगते रेंगते अपनी फरियाद लेकर समाधान दिवस में पहुंची। हालांकि, अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए पुलिस महकमे को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। नवाबगंज शोभापुर निवासिनी प्रभावती ने शिकायत की कि प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किस्त विकास विभाग के कर्मचारियों ने हड़प ली, अपनी रिपोर्ट में आवास को पूर्ण दिखा दिया है। वहीं, बालकृष्ण मिश्रा ने शिकायत की कि रानीपुर पहाड़ी में बने पंचायत भवन व चारागाह की जमीन पर दबंगों का कब्जा है ,जिसे प्रशासन द्वारा हटाया जाए। पुरैनी निवासी अमरीश पाण्डेय की शिकायत है कि विद्यालय की भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। सनौली मोहम्मदपुर के अनुराग सिंह ने चक मार्ग से कब्जा हटवाने की शिकायत की है। तरबगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय के संचालन के लिए सीडीओ से मांग की।

इरस दौरान सीएमओ डा. रश्मि वर्मा, परियोजना निदेशक चंद्रशेखर, बीएएस अखिलेश प्रताप सिंह, एसडीएम शत्रुघ्न पाठक, सीओ संसार सिंह राठी, सर्किल के चारों थानों की पुलिस व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**करनैलगंज में आईं 62 शिकायतें, चार निस्तारित :** तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 62 शिकायतें आईं,जिसमें 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सीआरओ जयनाथ यादव सहित अन्य अधिकारियों ने समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनी। मसौलिया के ग्राम वैशनपुरवा निवासी रुचि ने शिकायत करते हुए कहा कि उसका बीस हजार रुपया गांव के ही एक व्यक्ति ने ले लिया है। जब वह पैसा मांगती है तो मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। इसकी शिकायत वह थाने पर कर चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। गुड़ाही बाजार निवासी व सभासद नीरज जायसवाल ने कहा कि एक गाय घायल अवस्था में जो चित्रगुप्त विद्यालय से लेकर नई बाजार सदर बाजार के बीच घूमती रहती है। सींग के स्थान पर गहरी चोट व जख्म है। कुछ लोगों के सहयोग से पशु चिकित्सालय में इलाज हुआ लेकिन देखभाल के अभाव में उसके शरीर से खून बह रहा है। पीड़ा से ग्रस्त घायल गाय के इलाज की मांग की है।

## मतदाता जागरूकता के प्रतिभागी बच्चों को मिला सम्मान

तरबगंज। मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सीडीओ गौरव कुमार ने प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम व तृतीय स्थान महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर की रिया सिंह एवं सुधांशु शुक्ला ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान महाराज देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज तरबगंज के छात्र सुमित कुमार को मिला। वही एनसीसी कैडेट्स आलोक शुक्ला, साधना यादव को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। बाल विकास ज्ञान विद्या मंदिर तरबगंज से सुचिता त्रिपाठी, अर्पित शुक्ला, निवेदिता मोदनवाल व तनु भी सम्मानित हुई । वहीं दिनेश मिश्रा, अजीत सिंह, अशोक कुमार, दीपक उपाध्याय आदि कई शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजक जितेंद्र कुमार पांडेय बच्चू रहे ।

# चोरी हुए लाखों के जेवर बरामद, दो गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। पुलिस को चोरी की एक बड़ी घटना का खुलासा करने में सफलता मिली है। नगर कोतवाली व एसओजी टीम ने चोरी के लाखों का सामान बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस के अनुसार बरामद सामान की कीमत 47 लाख के करीब है।

सीओ लक्ष्मीकान्त गौतम ने बताया कि शहर के रानी बाजार निवासी श्रवण कुमार गुप्ता के यहां चोरी हो गई थी। 19 नवम्बर को इसका मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी आकाश तोमर ने मामले के खुलासे के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी अभय कुमार गुप्ता उर्फ प्रिंस उर्फ जीत गुप्ता व अखिलेश तिवारी को गिरफ्तार किया है।

**इन सामानों की हुई बरामदगी :** आरोपियों की निशानदेही पर छह हार, दो कंगन, आधा दर्जन चूड़ी, 11 चेन, 18 झुमकी, दो हाथ पूल, नौ अगूठी, छह लाकेट व छह टप्स, एक नाक का कील, एक मंगल सूत्र, एक नाक का नथ, एक कान की बाली, एक मांग टीका, एक बचकाना पायल, एक तांबे की हंसुली उस पर से उतरे हुए पीली धातु के टुकड़े बरामद किए गए हैं।

**इनकी हुई गिरफ्तारी :** अभय कुमार गुप्ता उर्फ प्रिंस उर्फ जीत गुप्ता पुत्र अजय कुमार गुप्ता निवासी रानीबाजार व अखिलेश तिवारी पुत्र कृष्णमुरारी तिवारी निवासी मोहल्ला सुभाषनगर गिरफ्तार किए गए हैं।



पुलिस के हत्थे चढ़े चोरी के आरोपी।

## दर्शन को गया था परिवार

पीड़ित श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि चार नवम्बर को वह ट्रेन से बाबा बैजनाथ धाम गए थे। वहां से छह तारीख को वह लौट आए। जाते समय परिवार ने सारे जेवरात सूटकेस में रखकर कमरे से अटैच बाथरूम में रख दिए थे। लौटने के 10-12 दिन बाद उन्हें जेवरात की जरूरत महसूस हुई तो वह गायब मिले। श्रवण के मुताबिक इस पर उन्होंने 17 तारीख को पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने 19 तारीख को मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने इसके लिए पुलिस को धन्यवाद दिया है।

# दुष्कर्म करने के दोषी को दस वर्ष की सजा

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश ने दुष्कर्म करने के आरोपी को दस वर्ष का सश्रम कारावास व दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

पुलिस के अनुसार थाना वजीरगंज के अंतर्गत मुडीला, बंधवा चौराहा निवासी वसीम अहमद पुत्र करीम अहमद के विरुद्ध दुष्कर्म करने की धाराओं में का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दुष्कर्म करने का दोषी करार देते हुए आरोपी को दस वर्ष का सश्रम कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## गैंगस्टर आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश अनामिका चौहान ने गैंगस्टर के आरोपी की जमानत याचिका अपर्याप्त साक्ष्य के आधार पर निरस्त कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता उदय प्रताप वर्मा के अनुसार पुलिस इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पाण्डेय ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि थाना तरबगंज अंतर्गत रघुपुरा बेलसर निवासी अजय पुत्र छब्बू और अन्य लोगों के साथ एक संगठित गिरोह है। जिनके भय आतंक से इनके विरुद्ध को भी रिपोर्ट दर्ज कराने की हिम्मत नहीं करता। पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद पर्याप्त आधार के अभाव में जमानत याचिका निरस्त कर दिया।

# दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का कारावास

जासं, गोंडा : अपर सत्र न्यायाधीश/ फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम डा.दीनानाथ तृतीय ने वसीम अहमद निवासी मुड़िला निकट बंधवा चौराहा थाना वजीरगंज को दुष्कर्म के मामले में दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि 28 फरवरी 2018 को वजीरगंज थाने में पीड़िता के पिता ने तहरीर दी थी कि उसकी बेटी को आरोपित बहला फुसलाकर भगा ले गया था लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं किया। 20 मई 2018 को आरोपित के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा किया था।

# गोंडा के सरगना और महिला सहित आठ जालसाजों पर गैंगस्टर एक्ट

नौकरी का झांसा देकर और जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपये ठगने वाले गिरोह पर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा लिखा है। गिरोह का मुख्य सदस्य गोंडा जिले का है।

इसमें गोंडा जिले के करनैलगंज के वीरपुर का मौलाना आजम हसमती सरगना है, जबकि इसी गांव के करामत अली, अफजल खान उर्फ छोटू व अफसर खान के साथ गोंडा के कोतवाली नगर के नौसारा राजेंद्र नगर निवासी मो. आबिद, लखनऊ के गोमती नगर का असलम उर्फ दिलदार व निगार फातिमा और बाराबंकी के देवा थाना के ढिढोरा गांव का मोहम्मद हारुन गिरोह में शामिल हैं। (इनपुट: बाराबंकी)

# दुष्कर्म आरोपित की पिटाई मामले में दो गिरफ्तार

संसू, गोंडा : एक कालोनी के रहने वाले दुष्कर्म आरोपित के हाथ-पैर बांध कर पिटाई करने के मामले में पुलिस ने रामू वाल्मीकि व नितिन वाल्मीकि को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर आरोपित की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ था। उस पर कालोनी की रहने वाली महिला से झाड़फूंक के नाम पर शारीरिक शोषण किए जाने का आरोप था।

इससे नाराज मुहल्ला के लोगों ने उसका हाथ-पैर बांधकर सड़क के किनारे पिटाई की थी। वीडियो में युवक को हाथ पैर से मारे जाने का मामला सामने आया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। मुकदमा कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। नगर कोतवाल राकेश सिंह ने कहा कि वीडियो कब का है, इसकी पड़ताल कराई जा रही है। शुक्रवार को ही दुष्कर्म आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया था। पिटाई किए जाने के पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

**मारपीट में गिरफ्तार-आर्यनगर** : मारपीट करने पर कौड़िया के हरिलालपुरवा उसरैना गांव निवासी पुत्तन शुक्ल, सुरेंद्र कुमार, राम कैलाश व कटका बैसनपुरवा गांव निवासी रईस को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ( संसू)

# खाताधारकों से धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज

संसू, गोंडा : प्रधानमंत्री योजना का लाभ दिलाने के नाम पर प्रधान डाकघर में गत अक्टूबर में करीब 35 लोगों का खाता खोला गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि खाताधारकों के खाते से आनलाइन एक करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हो गया लेकिन, उन्हें खबर तक नहीं लगी। डाक विभा से नोटिस मिलने के बाद खाताधारकों के होश उड़ गए। इसके बाद पीड़तों ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी के निर्देश पर तीन आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

नगर कोतवाली के पंत नगर के रहने वाले अशोक विश्वकर्मा, शुभम, सुरेंद्र कुमार, सुरैया, साजिया बानो, तबस्सुम, गुड्डू, सोनी, रईस, सुशीला सहित अन्य ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। कहा कि बीते अक्टूबर में पंत नगर व परेड सरकार गांव के रहने वाले तीन लोगों ने उन्हें प्रधानमंत्री सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर डाक घर में खाता खोलवाया था। पीड़ितों का कहना है कि तीनों आरोपितों ने खाता खोलने के समय उन लोगों के बजाय अपनों का मोबाइल नंबर फीड करा दिया। इससे उनके खाते के लेनदेन सहित अन्य किसी की जानकारी उन लोगों को नहीं हो सकी। डाक विभाग की नोटिस मिली। जानकारी की गई तो पता चला कि उनके खाते से तीन लाख से आठ लाख रुपये का आनलाइन लेन देन किया गया है। नगर कोतवाल राकेश सिंह ने कहा कि राजेश समेत तीन पर मुकदमा किया गया है। पूरे प्रकरण की छानबीन कराई जा रही है।

# चोरी के 47 लाख के आभूषण संग दो गिरफ्तार

## नगर कोतवाली के रानीबाजार में चार नवंबर को दवा व्यापारी के घर हुई थी गहनों की चोरी



व्यापारी के घर से चोरी का राजफाश करते सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ● जागरण

संसू, गोंडा : रानीबाजार में हुई लाखों रुपये की चोरी का राजफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के करीब 47 लाख के आभूषण भी बरामद किए हैं।

रानीबाजार के रहने श्रवण कुमार गुप्त थोक दवा के व्यापारी हैं। वह गत चार नवंबर को बाबा बैजनाथ धाम गए थे। वहां जाते समय उन्होंने घर के आभूषण को बैग में रख कर कमरे में ताला बंद कर दिया था। उस समय उनका बेटा और बेटी घर में थे। वह जब लौटे तो देखा कि कमरे की कुंडी टूटी हुई थी। आभूषण से भरा बैग भी गायब था। इस मामले में पीड़ित श्रवण कुमार की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा लिखा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने नगर कोतवाली पुलिस के साथ स्पेशल आपरेशन ग्रुप के साथ सर्विलांस टीम को

**व्यापारी के घर के बगल में रहने वाले दो लोगों ने घटना को दिया अंजाम**

**स्पेशल आपरेशन ग्रुप संग सर्विलांस टीम ने आरोपितों का पता लगाया**

लगाया। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि श्रवण के घर के बगल के रहने वाले अभय कुमार गुप्त उर्फ प्रिंस व सुभाष नगर मुहल्ला के रहने वाले अखिलेश तिवारी का उनके यहां आना-जाना था। पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों आरोपित मौका पाकर आभूषण से भरा बैग उठा ले गए। पूछताछ में कई और मामले सामने आए हैं। उसकी जांच कराई जा रही है। घटना का राजफाश करने में प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली राकेश कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक प्रतीक पांडेय टीम के साथ शामिल रहे।

# गैंगस्टर की संपत्ति रिलीज अर्जी खारिज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोंडा।** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट डॉ. अनामिका चौहान ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अंतर्राज्यीय गो तस्कर की कुर्कशुदा दो करोड़ एक लाख 50 हजार की संपत्ति को रिलीज करने का प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट उदय प्रताप वर्मा ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के एक मकान में किराये पर रह रहे शामली के कांधला निवासी मो. माजिद पर संगठित गिरोह बनाकर अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गैंग चार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट डॉ. रोशन जैकब ने मो. माजिद की दो करोड़ एक लाख 50 हजार रुपये की संपत्ति को कुर्क की थी।

आरोपी मो. माजिद के संपत्ति अवमुक्त (रिलीज) प्रार्थनापत्र को निरस्त कर कुर्क संपत्ति की पुष्टि के लिए 16 अप्रैल 2013 को विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट के न्यायालय में संदर्भित कर दिया था। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट डॉ. अनामिका चौहान ने आरोपी मो. माजिद का संपत्ति रिलीज प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म

**गोंडा।** एक कंपनी के निदेशक ने एक युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। युवती को शादी का झांसा देकर दो साल तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। शादी से इंकार करने पर युवती ने कोतवाली नगर में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में पहले से न्यायालय में परिवाद दायर है। एक युवती ने पुलिस अधीक्षक व कोतवाली में तहरीर दी है। (संवाद)

# गैस एजेंसी प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा

संसू, गोंडा : उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में मंगलम गैस एजेंसी के प्रबंधक डीपी सिंह के खिलाफ देहात कोतवाली में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा किया गया है। मुकदमा पूर्ति निरीक्षक बालेश्वर मणि त्रिपाठी की तहरीर पर किया गया है।

आरोप है कि डोमाकल्पी गांव के रहने वाले उज्ज्वला योजना के 40 से अधिक लोगों ने गैस कनेक्शन लेने के लिए लगभग एक साल पहले मंगलम एजेंसी में अभिलेख जमा किए थे। एजेंसी प्रबंधक ने बाद में कनेक्शन की पास बुक, सिलिंडर व चूल्हा देने की बात कही। इसके बाद सभी से कागजात पर अंगूठा भी लगवा लिया गया। इस सबके बावजूद इन लोगों को एजेंसी प्रबंधक ने कुछ नहीं दिया। जांच में गैस एजेंसी प्रबंधक दोषी पाए गए। प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली महेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा किया गया।

# किशोरी को ढूंढ निकाला, दो गिरफ्तार

करनैलगंज (गोंडा)। प्रेमजाल में फंसाकर किशोरी ले जाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया।

मामला कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत एक गांव से जुडा है। यहां के निवासी किशोरी के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। सीओ विनय सिंह ने बताया कि शनिवार को बालिका को बरामद करने के साथ ही दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# 47 लाख के जेवर के साथ दो धर दबोचा

संवाद न्यूज एजेंसी

## चोरी में उड़ाया था सामान, रानी बाजार में एक व्यापारी के घर हुई थी घटना, 10 घंटे में हुआ खुलासा

गोंडा। नगर कोतवाली के रानी बाजार के एक व्यापारी के घर से 47 लाख रुपये का जेवर चोरी के मामले का पुलिस ने 10 घंटे में खुलासा किया है। नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चोरी की सूचना पर महज 10 घंटे में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करके चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया। जिसमें 47 लाख रुपये के जेवर आदि को बरामद कर लिया है।

रानी बाजार मोहल्ले के रहने वाले श्रवण कुमार गुप्ता ने शनिवार को नगर कोतवाली में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित व्यापारी के मुताबिक अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर घर में रखा लाखों रुपये का जेवर चुरा लिया था। सूचना पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। एसओजी टीम ने दो आरोपियों अभय कुमार गुप्ता निवासी रानी बाजार व अखिलेश तिवारी निवासी मोहल्ला सुभाष नगर कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया।

सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी गए सभी जेवर बरामद किए हैं। बरामद जेवर में छह हार, दो कंगन, चेन, 18 झुमका, हाथ फूल, लॉकिट, मंगलसूत्र, मांग टीका समेत अन्य जेवर शामिल हैं। सीओ ने बताया कि बरामद जेवर की कीमत तकरीबन 47 लाख रुपये है।

# अवैध कब्जे की शिकायतों की भरमार

## समाधान दिवस में 170 शिकायतें दर्ज, सिर्फ चार का निपटारा, सीडीओ ने सुनीं शिकायतें

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे सीडीओ गौरव कुमार ने शनिवार को पीड़ितों की समस्या सुनीं और उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस दौरान जमीन विवाद, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, आवास से संबंधित समस्याएं दर्ज करवाई गईं।

नवाबगंज शोभापुर निवासिनी महिला प्रभावती ने कर्मचारियों पर प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त हड़पने व रिपोर्ट में आवास पूर्ण कर देने की शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। रानीपुर पहाड़ी गांव में बने पंचायत भवन व चारागाह की जमीन पर दबंगों का कब्जा होने की शिकायत बाल कृष्ण मिश्रा ने की।

पुरैनी ग्रामसभा में विद्यालय की जमीन पर अवैध तरीके से पंचायत भवन निर्माण होने की शिकायत की। बेलसर के सोनौली मोहम्मदपुर निवासी अनुराग सिंह ने चक मार्ग पर दबंगों का अवैध कब्जा होने की शिकायत की है। यहां कुल 170 शिकायतें आईं। इनमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा, बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह, पीडी चंद्रशेखर, एसडीएम शत्रोहन पाठक, सीओ संसार सिंह राठी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं, सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, एसडीएम वीके सिंह, सीओ शिल्पा वर्मा ने जनसमस्याएं सुनीं।

उधर करनैलगंज के तहसील समाधान दिवस में एसडीएम हीरालाल व मनकापुर में एसडीएम आकाश सिंह व सीओ संजय तलवार ने शिकायतें सुनीं।



फरियाद लेकर पहुंची दिव्यांग महिला। -संवाद



गोंडा के तरबगंज तहसील में जनसमस्याओं की सुनवाई करते सीडीओ। -संवाद

### दिव्यांग महिला की जमीन पर दबंगों का कब्जा

समाधान दिवस में उस समय सबकी निगाहें हैरत से पड़ गईं जब दोनों पैरों से दिव्यांग एक महिला की फरियाद थाने पर न सुने जाने के बाद वह खुद को घसीटते हुए शिकायत लेकर पहुंची। थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के पकवान गांव पूरे नंदवान निवासिनी दिव्यांग बिट्टू देवी ने बताया कि उसकी संपूर्ण भूमि पर दबंगों का कब्जा है। कब्जा खाली करने की बात पर दबंग उसे मारते पीटते हैं। इतना ही नहीं पुलिस से शिकायत के बावजूद दबंगों ने कब्जा खाली नहीं किया। महिला ने बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग है। उसका पति मेहनत मजदूरी करता है, तब किसी तरह से उसका खर्चा चलता है। सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को जांच सौंपते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया है।

# दुष्कर्मी को दस साल की सजा

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम डॉ. दीनानाथ तृतीय ने दुष्कर्म के के मामले में अभियुक्त वसीम अहमद को दुष्कर्म के अपराध में दस साल कठोर कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना की कुल धनराशि में से 75 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में अदा की जाएगी। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022

# पास्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना उतरौला पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट के अभियुक्त आर्यनगर के ललित किशोर को गिरफ्तार किया है।

# अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। हर्रैया थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि गौरा माफी निवासी मेड़ई पुत्र धानीराम न्यायालय से वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अवैध तमंचे संग अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा जिंदा व खोखा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

उतरौला के सीओ उदयराज सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उप निरीक्षक दीना नाथ सागर, कांस्टेबल विकास राज व अनिल नायक अपराधियों की खोज में लगे थे।

मुखबिर की सूचना पर मद्दो भट्ठा जंगल के गोकुला बुजुर्ग तकियवा निवासी रवी सिंह उर्फ बिक्की सिंह को असलहा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# पोर्टल पर लंबित मिलीं शिकायतें तो संबंधित कार्रवाई तय : डीएम

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई की गई। पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने सदर तहसील सभागार में जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना के साथ फरियाद सुनी। तीनों तहसीलों में 109 फरियादियों ने अपनी समस्या बताई। इसमें से 15 का निस्तारण करने का दावा किया गया है।

डीएम ने आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के लंबित होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा कि जमीनी विवाद, अतिक्रमण, नाली, चकमार्ग के मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर मामले का निस्तारण कराए। यहां 47 प्रार्थना पत्रों में से छह का निस्तारण हुआ। बचे मामलों का स्थलीय सत्यापन करने का निर्देश दिया। तहसील उतरौला में अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा. ज्योति गौतम व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने 39 में से पांच निस्तारित किया। तीन दिन में बाकी बचे मामलों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। तुलसीपुर में उप जिलाधिकारी मंगलेश दूबे व सीओ कुंवर प्रभात सिंह ने 23 में से चार मामले हल किए।

# छात्रा ने शोहदे को चप्पल से पीटा

## भाग निकला एक आरोपित पुलिस बोली छात्रा ने कर लिया सुलह

**संवादसूत्र, तुलसीपुर (बलरामपुर) :** बोल अब बोल...छेड़खानी करेगा, यह कहते हुए छात्रा ने शोहदे को मुक्का, कोहनी, थप्पड़ और चप्पल से जमकर पीटा। शुक्रवार शाम पुरानी बाजार हनुमानगढ़ी मंदिर के पास शोहदे का गिरेबान पकड़ कर पिटाई करती छात्रा का वीडियो प्रसारित है। पुलिस शोहदे को थाने ले आई है। पुलिस का तर्क है कि छात्रा के घर वालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। आपस में सुलह कर लिया। इसलिए मुकदमा नहीं लिखा गया है।

नगर के एक मकान में किराये पर रहने वाली छात्रा ने बताया कि वह कोचिंग पढ़कर लौट रही थी। रास्ते में बाइक सवार जरवा मार्ग निवासी दो युवक मिले। बाइक चला रहे युवक ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। इसके बाद वह भाग निकला। छात्रा ने



तुलसीपुर में मनचले को पीटती युवती ● फोटो इंटरनेट मीडिया

पीछा करके दोनों को ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिले। वह वापस कमरे पर जाने लगी, तभी दोनों एक दुकान पर खड़े दिखे। छात्रा ने छेड़खानी करने वाले शोहदे को पकड़कर एक थप्पड़ मारा। तभी युवक हाथ छुड़ाकर भाग निकला। इस पर छात्रा ने अपनी चप्पल निकालकर युवक के साथी की ताबड़तोड़ धुनाई शुरू कर दी। प्रसारित वीडियो में शोहदे का कोई परिचित छात्रा से हाथ जोड़कर माफ करने देने की गुहार करता दिख रहा है। छात्रा उसे बोल रही है कि आपकी बहन-बेटी के साथ कोई छेड़खानी करता तो क्या करते। पुलिस मनचले को पकड़कर थाने ले आई। छात्रा द्वारा मनचले के विरुद्ध इस तरह का साहस दिखाने का वीडियो प्रसारित होने पर उसे काफी सराहना मिल रही है। शनिवार को मीडिया कर्मियों के पूछने पर पुलिस हरकत में आई। और छात्रा को थाना लाकर मामले की छानबीन शुरू की। साथ ही पिटने वाले एक आरोपित को भी बुला लिया। छात्रा का आरोप है कि उसे दो घंटे से थाने पर बैठाए रखा। कस्बा प्रभारी उपेंद्र यादव ने बताया कि छात्रा के अभिभावक को बुलाया गया था। उन लोगों ने कार्रवाई के लिए कोई तहरीर नहीं दी। आपस में सुलह कर लिया।

# नेपाल में आज चुनाव सीमा पर बढ़ी चौकसी



**बलरामपुर।** नेपाल में रविवार को होने वाले आम चुनाव को लेकर चौकसी बढ़ा दी गई है। भारत-नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। साथ ही नेपाल से आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। एसएसबी के जवानों के साथ पुलिसकर्मी सीमावर्ती इलाकों पर नजर रख रहे हैं।

20 नवंबर को नेपाल में आम चुनाव हैं। इसके चलते बृहस्पतिवार रात से सीमा सील कर दी गई है। एसएसबी जवानों को कड़ी चौकसी के निर्देश दिए गए हैं। सीमा से सटे हरैया, पचपेड़वा, जरवा, गैसड़ी व तुलसीपुर थानों की पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है।

मुख्य मार्ग के साथ ही जंगल के रास्तों पर भी पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। एसएसबी जवानों के साथ पुलिसकर्मियों को लगाकर निगरानी कराई जा रही है। एसओ व सीओ स्तर के अधिकारियों को कवच प्लान के तहत सीमावर्ती इलाकों के गांवों के संभ्रांत लोगों से संपर्क करके स्थिति पर नजर रखने को कहा गया है।

एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है। एसएसबी के साथ ही सिविल पुलिस व खुफिया इकाइयों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। (संवाद)

# युवती ने शोहदे को चप्पल से पीटा

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (बलरामपुर)। हनुमान गढ़ी चौराहे के पास बृहस्पतिवार देर शाम युवती से छेड़छाड़ करना एक शोहदे को भारी पड़ गया। युवती ने दौड़ाकर शोहदे को पकड़ लिया। कई तमाचे जड़ने के साथ ही चप्पल से उसकी जमकर पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस शोहदे को थाने ले गई है।

एक स्कूल में काम करने वाली युवती बृहस्पतिवार शाम बाजार जा रही थी। हनुमानगढ़ी चौराहे के पास बाइक सवार शोहदे ने उसके साथ छेड़छाड़ की। इस पर युवती ने दौड़ाकर बाइक पकड़ ली। इससे शोहदा बाइक समेत गिर गया। बस फिर क्या था, युवती ने शोहदे की पिटाई शुरू कर दी। उसे कई तमाचे जड़े। चप्पल से भी पीटा। इस दौरान वहां भीड़ जुट गई। पुलिस शोहदे को पकड़कर थाने ले गई।

भीड़ में से किसी ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। एसओ रोहित कुमार ने बताया कि शोहदे की पहचान सुबराती के रूप में हुई है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव का कहना है कि प्रकरण की जानकारी की जा रही है।

# युवक जहरखुरानी का शिकार

**गैड़ास बुजुर्ग।** सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के अलाउद्दीन पुर निवासी शल्लू बंगलूरू में मजदूरी करता था। वह ट्रेन से घर आ रहा था। रास्ते में बदमाशों ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसका सारा सामान लूट लिया। शल्लू देवरिया आदम गांव के पास बेहोश पड़ा मिला है। एसओ प्रमोद सिंह ने बताया कि युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। होश आने पर उससे जानकारी कर मामले में कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-11-2022

# छेड़छाड़ मामले में 14 दिन बाद केस

बलहा । नानपारा कोतवाली के एक गांव में 14 दिन पहले गांव के ही तीन लोगों ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की थी।

युवती विरोध करने पर हमलावरों ने मारपीट की थी। पड़ोस के लोगों के हस्तक्षेप पर बरजोर धमकी देते हुए फरार हो गए थे। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने तीन को नामजद कर मारपीट , छेड़छाड़ व धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है ।

# अपहरण और रेप मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

बहराइच, संवाददाता। पांच दिनों से फरार चल रहे अपरण व रेप मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

दरगाह थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में पांच दिनों पूर्व एक किशोरी का अपहरण कर रेप की वारदात को अंजाम दिया गया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था। पुलिस तलाश कर रही थी। झिंगहा घाट बस स्टैंड के पास शुक्रवार की रात पुलिस ने दबिश देकर नामजद आरोपी हमजापुरा निवासी मंजीत सिंह को गिरफ्तार किया ।

# मारपीट मामले में दर्ज हुआ केस

बलहा । नानपारा कोतवाली के बरई पारा में पांच दिन पहले हमलावरों ने इश्तियाक को मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया था । छह दिन बाद फुरकान सहित चार को नामजद कर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

वहीं नानपारा कोतवाली के खुदादभारी गांव में पिता-पुत्र के बीच हुई मारपीट मामले में अब पिता की तहरीर पर पुलिस ने बेटे समेत दो लोगों पर केस दर्ज किया है।

## एसएनसीयू में घुसकर वेंटीलेटर तोड़ने के बाद से भर्ती कई शिशुओं की बिगड़ गई थी हालत

# नर्सिंग होम में तोड़फोड़ मामले में दो नामजद, 40 लोगों पर मुकदमा

**कार्रवाई**

- गलत इंजेक्शन लगाने से नवजात की मौत का आरोप लगाकर किया था उपद्रव
- चिकित्सक संगठनों ने कोतवाली पहुंच नाराजगी जताई थी

बहराइच, संवाददाता। डिगिहा तिराहे के पास स्थित निजी नर्सिंगहोम में दो दिन पहले जमकर हुई तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत 40 लोगों पर गंभीर धाराओं में शनिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। उपद्रवियों ने एसएनसीयू में घुसकर वेंटीलेटर समेत कई उपकरण को क्षति पहुंचाई थी। पहले से भर्ती कई शिशुओं की हालत बिगड़ गई थी। चिकित्सक संगठनों ने कोतवाली पहुंचकर नाराजगी जताई थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

कोतवाली नगर के मुहल्ला सलारगंज के मोहम्मद रेहान ने अपने दो माह के शिशु को हिंदुस्तान चाइल्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। हालत में सुधार होने पर शिशु मां को सौंप दिया गया था। दूध पिलाने के बाद शिशु की हालत बिगड़ गई। एसएनसीयू में वेंटीलेटर पर उसे रखा गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई थी। इस पर परिजनों ने गलत इंजेक्शन का आरोप लगाकर चिकित्सक कक्ष में ही तोड़फोड़ नहीं किया बल्कि एसएनसीयू में घुस गए और कई वेंटीलेटर व उपकरण क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे वहां भर्ती शिशुओं की हालत बिगड़ गई। भर्ती शिशुओं के तीमारदारों के विरोध व पुलिस के पहुंचने पर उपद्रवी शांत हुए। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में नगर में तहरीर दी गई थी, लेकिन पुलिस ने एक तरफा कार्रवाई करते हुए नर्सिंगहोम संचालक समेत चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस कार्रवाई से नाराज चिकित्सकों का दल शुक्रवार रात कोतवाली पहुंचा था। सीसी कैमरा फुटेज के आधार पर कार्रवाई की मांग किया। जांच में तथ्य सही पाए जाने पर रेहान व शाकिर अली समेत 40 अज्ञात लोगों पर जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

> “ प्रबंधक की तहरीर पर दो नामजद समेत 40 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। नवजात का विसरा संरक्षित किया गया है, ताकि मौत की असल वजह सामने आ सके।
>
> **शैलेश कुमार सिंह,** कोतवाली, नगर क्षेत्र

### नवजात का पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

बहराइच। परिजनों ने नवजात को गलत इंजेक्शन देने से मौत होने का आरोप लगाकर तोड़फोड़ किया था। चिकित्सक का कहना है कि 35000 रुपये अवशेष जमा न करने के कारण उपद्रव किया गया। हालांकि नवजात का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है।

### नवजात का विसरा किया गया संरक्षित

बहराइच। मामले की गंभीरता को देखते हुए नवजात का विसरा प्रिजर्व किया गया है, ताकि मौत की असल वजह सामने आ सके। चिकित्सक डॉ एसके वर्मा, डॉ केके वर्मा, डॉ अरविंद शुक्ला व डॉ अनिल केडिया एसएचओ से मिले थे। चिकित्सकों का कहना है कि नवजात के मल से खून आ रहा था। निजी चिकित्सक की ओर से पहले ही उसे लखनऊ रेफर कर दिया था। बावजूद परिजन हिंदुस्तान हॉस्पिटल में शिशु को भर्ती कराने ले गए। डॉ गयास अहमद ने मना किया। लिखित देने पर शिशु को भर्ती किया गया। शिशु ठीक होकर एसएनसीयू से बाहर आया, लेकिन दूध पिलाने के बाद उसकी हालत गंभीर हुई।

# एमपी–एमएलए कोर्ट में तेज हुई ‘माननीयों’ की सुनवाई

## अंतिम पड़ाव पर 'माननीयों' के भाग्य का फैसला पूर्व सांसद, विधायक व पूर्व विधायक आरोपितों में शामिल

**17** वर्ष पुराने सहकारी बैंक चुनाव मामले में आ सकता फैसला

**13** साल पुराने पूर्व सांसद के मुकदमे का भी ट्रायल तेज

पवन सिंह • बहराइच

जिले के एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व सांसद सावित्री बाई फुले, विधायक सुभाष त्रिपाठी, सुरेश्वर सिंह, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा पर मुकदमे चल रहे हैं। इन 'माननीयों' के मुकदमे अब अंतिम पायदान की ओर पहुंच गए हैं। पूर्व सांसद के मामले की सुनवाई अदालत में 22 नवंबर को होगी। अभियोजन पक्ष ने तेजी दिखाते हुए गवाहों का परीक्षण शुरू करा दिया है।

शासन ने 'माननीयों' पर चल रहे मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए अभियोजन को पैरवी के निर्देश दे रखे हैं। एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व एमपी, एमएलए व पूर्व एमएलए पर चल रहे मुकदमों का ट्रायल हो रहा है। कोतवाली नगर के खत्रीपुरा निवासी सपा नेता डा. राधेश्याम वर्मा ने 10 अप्रैल 2005 को जिला सहकारी बैंक के चुनाव में अराजकता फैलाने पर विधायक सुभाष त्रिपाठी एवं सुरेश्वर सिंह सहित कई लोगों पर फायरिंग, बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरे पक्ष की ओर से पूर्व विधायक रामतेज यादव, दिलीप वर्मा समेत कई अन्य लोगों पर भी क्रास मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसकी जांच सीबीसीआइडी ने की थी। इसी तरह से पूर्व सांसद सावित्री बाई फुले समेत सैकड़ों लोगों पर 26 अगस्त 2009 को थाना मोतीपुर में तैनात उपनिरीक्षक रामनरायन ने रास्ता रोक कर बलवा करने, मार्ग जाम कर अराजकता फैलाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। यह भी अदालत में विचाराधीन हैं। 22 नवंबर को इस मुकदमे में गवाही होनी है। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में पैरवी किए जाने के कारण जल्द ही इन मुकदमों में फैसला आने की संभावना है।



सावित्री बाई फुले, पूर्व सांसद



सुभाष त्रिपाठी विधायक



दिलीप कुमार वर्मा, पूर्व विधायक



सुरेश्वर सिंह, विधायक • जागरण

### पूर्व सांसद एक मामले में बरी, दूसरे में सजा

पूर्व सांसद सावित्री बाई फुले 27 जुलाई 2022 को गाली-गलौज, मारपीट व चोरी जैसे आरोप मे अदालत से बरी हो चुकी हैं। 22 अगस्त 2022 को मारपीट व जानमाल की धमकी के आरोप में पूर्व सांसद व उनके चाचा अक्षयवरनाथ कनौजिया, जाहिद अली व घुनघुन को दोषी ठहराकर सजा दी जा चुकी है, जिसमें सत्र न्यायालय में अपील पर सभी आरोपित जमानत पर हैं।

**जिले की अन्य खबरें**
www.jagran.com पर पढ़े

# अस्पताल में तोड़फोड़ व हंगामा करने के मामले में 42 लोगों पर मुकदमा

**जासं, बहराइच** : घसियारीपुरा अस्पताल रोड स्थित हिंदुस्तान चाइल्ड हास्पिटल में दो दिन पूर्व हुई मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में तीमारदार समेत 42 लोगों के खिलाफ तोड़फोड़, मारपीट व अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। अस्पताल प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इससे पहले तीमारदार की तहरीर पर दो चिकित्सकों समेत चार लोगों पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था।

नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल के प्रबंधक डा.गयास अहमद की तहरीर पर नगर कोतवाली इलाके के बड़ीहाट निवासी रेहान व साकिर अली समेत 42 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होने कहा कि प्रबंधक का आरोप था कि उनके अस्पताल में दो नवंबर को आरोपित दो माह के बच्चे को लेकर उपचार के लिए लाए थे। हालत गंभीर देख उसे लखनऊ ले जाने की सलाह दी गई, लेकिन वे यहीं इलाज कराने के लिए मनुहार करते रहे। मानवीय दृष्टिकोण पर मासूम की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया गया, लेकिन बच्चे की मौत हो गई थी। आरोप है कि इलाज के दौरान 70 हजार 500 का बिल बना था। इसमें 40 हजार रुपये अस्पताल में जमा कराए गए। अन्य बकाया पैसों को न देने के लिए सुनियोजित तरीके से अस्पताल में मारपीट व तोड़फोड़ करने का आरोप चिकित्सक ने लगाया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



# समाधान दिवस में 338 प्रार्थना पत्रों में 31 निस्तारित

## तीन लाभार्थियों को बांटा गया तालाब का पट्टा | 38 को मिनी किट | आठ को खतौनी की नकल की गई वितरित

**जासं, बहराइच :** छह तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 338 प्रार्थना पत्र आए। इसमें 31 का निस्तारण मौके पर किया जा सका।

तहसील कैसरगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र समेत अन्य अधिकारियों ने शिकायतों की सुनवाई की। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता से लें। फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। जरूरतमंद लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ भी दिलाने का प्रयास करें।



कैसरगंज में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम डा. दिनेश चंद्र • जागरण

डीएम ने ग्राम बदरौली, मूसेपुर, गोड़हिया नंबर दो, चुलंभा, खालेपुर बबुरी, ढढ़ैला, कंदैला, पवना, बुढ़ानपुर व कुंडासर के बाढ़ प्रभावित 38 ग्रामीणों को सरसों व मसूर बीज के मिनी किट का वितरण किया। आठ किसानों को खतौनी की नकल भी दी गई।

डिहवा शेर बहादुर सिंह के शिव प्रसाद, जतौरा के उदय राज व चौगइया के जगन्नाथ को तालाब आवंटन प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर सीडीओ कविता मीना, एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसडीएम महेश कुमार कैथल, सीएमओ डा. एसके सिंह, डीडीओ महेंद्र पांडे, पीडी पीएन यादव मौजूद रहे।

| तहसील | प्रार्थना पत्र | निस्तारित |
|---|---|---|
| बहराइच सदर | 31 | 02 |
| महसी | 40 | 07 |
| पयागपुर | 59 | 06 |
| कैसरगंज | 131 | 09 |
| मिहींपुरवा | 31 | 02 |
| नानपारा | 46 | 05 |

### 10 महिलाओं की हुई गोदभराई

तहसील कैसरगंज में विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी स्टालों का डीएम व सीडीओ ने निरीक्षण किया। दस गर्भवती महिलाओं पूनम, सुनीता, ऊषा, सुनीता, रेखा देवी, अनीता, मन्नू, शहनाज, सुलेखा व मुन्नी की गोद भराई की। पांच बच्चों सस्सी, हमायरा, कुलदीप, सूर्यांश व प्रिया का अन्नप्रासन भी कराया। अहाता व कुंडासर गोशाला से पांच-पांच कुपोषित बच्चों के परिवारों को गाय सौंपकर गोदान किया।

# जहरखुरानी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नानपारा (बहराइच)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानपारा में शनिवार को इलाज के लिए आयी भवनियापुर निवासी महिला धनवाशा को एक युवक ने जबरन जूस पिलाने का प्रयास किया। जिसके बाद लोगों ने जहरखुरानी के आरोप में युवक को पकड़ लिया।

सूचना पहुंची पुलिस युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पकड़ा गया युवक मनोरोगी दिखाई पड़ रहा है। पूछताछ में युवक ने दवा लेने के लिए अस्पताल आने की बात बताई है।

युवक की पहचान बहराइच के बक्शीपुरा मोहल्ला निवासी असलम पुत्र समद के रूप में हुई है। युवक से पूछतांछ की जा रही है। (संवाद)

# 18 दिन में 38 हजार वाहनों का चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने के लिए यातायात पुलिस की ओर से यातायात माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों को पुलिस सबक भी सिखा रही है। यातायात माह के दौरान 18 दिनों में पुलिस ने 38,242 वाहनों का चालान कर 6,66,98003 का जुर्माना लगाया है।

इस दौरान पुलिस ने 104 वाहनों को सीज भी किया है। यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को सजग करने व रोड दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बीते

## यातायात माह के दौरान जागरुकता के साथ हो रही जुर्माने की कार्रवाई

एक नवंबर से पुलिस यातायात माह मना रही है। जिसके तहत बीते 18 दिनों में पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों में यातायात जागरुकता चौपाल का आयोजन किया है। जिसमें छात्र-छात्राओं, वाहन चालकों व राहगीरों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी है।

यातायात माह के बीते 18 दिनों में पुलिस ने 38242 वाहनों का चालान किया है और वाहन स्वामियों पर भारी भरकम 6,66,98,003 रुपये का जुर्माना लगाया है। यातायात प्रभारी जेपी सिंह ने बताया कि यातायात माह में अब तक 104 वाहनों को सीज किया गया है।

विडंबना

**कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस, बच्चों को ढो रहे 327 स्कूली वाहनों में 109 अनफिट**

# अनफिट वाहनों के सहारे स्कूल का सफर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** स्कूली बच्चों को ढो रहे अनफिट स्कूली वाहनों से नौनिहालों की जान जोखिम में है। इसके बावजूद रोकथाम के लिए जिम्मेदार परिवहन विभाग के अधिकारी ऐसे वाहन चालकों व स्वामियों पर कार्रवाई के नाम पर रस्म अदायगी करने को बस नोटिस जारी करने तक सीमित बने हैं।

एआरटीओ विभाग में पंजीकृत जिले के 327 स्कूली वाहनों में से 109 वाहन अधिकृत तौर पर अनफिट होने के बावजूद सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। यातायात नियमों की जागरूकता के लिए संचालित यातायात माह के दौरान भी निजी स्कूलों व विद्यालयों से संबद्ध ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर बरती जा रही ढिलाई कभी भी भारी पड़ सकती है।

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को प्रतिदिन घर से स्कूल व स्कूल से घर लाने ले जाने के लिए एआरटीओ कार्यालय में 327 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं। इनमें से अधिकांश वाहन सुरक्षा के लिए तय मानकों की अनदेखी कर बच्चों को ढो रहे हैं।

हालांकि विभागीय अधिकारियों द्वारा महज 109 स्कूली वाहनों के ही अनफिट होने की बात कही जा रही है। जबकि हकीकत में फिट माने जो वाले वाहनों की हालत भी ठीक नहीं है। निजी ट्रांसपोर्टरों द्वारा संचालित किए जा रहे अधिकांश स्कूली वाहन काफी पुराने मॉडल के हैं। इनमें से कई वाहनों का संचालन भी अप्रशिक्षित चालकों के हाथ में रहता है। किसी वाहन में खिड़की पर लोहे की जाली नहीं है तो किसी में अधिक बच्चे बिठाने के लिए सीटें हटाकर लकड़ी की बेंच लगा दी गई है। काफी संख्या में स्कूली वाहन जुगाड़ के एलपीजी सिलिंडरों से भी चल रहे हैं।



**जर्जर हालत में स्कूल वैन।** -संवाद

## वाहन चालक भी बेपरवाह

अधिकांश स्कूली वाहनों के चालक भी नियम कानून ताक पर रख पूरी बेपरवाही से बच्चों के बैठने के बाद वाहनों को दौड़ाते हैं।

स्कूली वाहन चलाने के दौरान भी अधिकांश ड्राइवर मोबाइल पर बातचीत करने के साथ वीडियो चैटिंग तक करने से गुरेज नही बरतते। बिना सीट बेल्ट लगाए तेज गति से स्कूली वाहनों को दौड़ाना इसमें बैठे बच्चों पर कभी भी भारी पड़ सकता है।

## मुकदमा दर्ज करने की दी थी चेतावनी

बीते मार्च माह में अनफिट व बदहाल स्कूली वाहनों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एआरटीओ ने विभिन्न विद्यालयों से संबद्ध स्कूली वाहनों की जांच की थी।

डिफाल्टर मिले वाहनों के चालक व स्वामियों को नोटिस जारी कर खामियां दूर कराने के लिए कहा गया था। चेताया गया था कि समयावधि में खामियां दूर कर वाहनों को फिट न बनाने पर वाहन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

हालांकि, एआरटीओ की तरफ से अब तक किसी भी अनफिट स्कूली वाहन के स्वामी या चालक पर मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया।

## धरपकड़ को चला रहे अभियान

स्कूली वाहनों की फिटनेस जांचने का अभियान नियमित तौर पर संचालित किया जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में लगभग दो सौ स्कूली वाहन अनफिट मिले थे। नोटिस के बाद वर्तमान में अब सिर्फ 109 स्कूली वाहन ही अनफिट बचे हैं। बीते सप्ताह ऐसे दस स्कूली वाहनों का चालान भी किया गया।

**-ओपी सिंह,** एआरटीओ प्रवर्तन

# पंजाब पुलिस ने तीन हत्या आरोपी दबोचे

**विशेश्वरगंज(बहराइच)।** पंजाब के जालंधर सिटी थाना क्षेत्र में हत्या की घटना को अंजाम देकर फरार हुए तीन हत्यारोपियों को शुक्रवार देर रात पंजाब पुलिस ने दबोच लिया। तीनों विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के गुजराघाट के गांव नेतईपुरवा में एक घर में छिपे थे।

जालंधर सिटी थाना क्षेत्र में हत्या व जान से मारने की धाराओं में वांछित चल रहे गुरप्रीत, शिवदास व दीपक शर्मा विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के गुजराघाट के नतईपुरवा में शरण लिए थे। तीनों जालंधर के गोपाल नगर के निवासी हैं।

नेतईपुरवा में हत्यारोपी दीपक शर्मा की रिश्तेदारी है। सूचना मिलने पर शुक्रवार शाम जालंधर सिटी थाने के उपनिरीक्षक हरजीत सिंह, सहायक उपनिरीक्षक बिंदर सिंह, कांस्टेबल लवप्रीत सिंह व तलविंदर सिंह विशेश्वरगंज पहुंचे। इसके बाद विशेश्वरगंज पुलिस की मदद से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ले गई। संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-11-2022

# महिलाओं को किया गया जागरूक

जमुनहा। विकास खण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा स्थित ग्राम सचिवालय में शनिवार को एक्शनएड ने एक दिवसीय जागरूकता गतिविधि का आयोजन दो पालियों में किया गया। जिसमें महिलाओं, किशोरियों, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा व उनके अधिकारों के विषय में चर्चा की गई। किशोरियों से बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह के विषय पर चर्चा किया गया।

# आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को दंपति राजी

श्रावस्ती। पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय के सभागार कक्ष में संचालित पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र में बैठक कर सुनवाई की गई। इस दौरान परिवार परामर्श केन्द्र, महिला सहायता प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने 17 में से एक दम्पति शांता देवी पुत्री मंगरी निवासी धवन पुरवा कोतवाली भिनगा अशोक कुमार पुत्र होली निवासी लालपुर महरी साथ रहने को राजी हो गए। जिन्हें एक साथ घर भेज दिया गया।

# अभिसूचना तंत्र को और सक्रिय करें : एसपी

**जासं, श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने शनिवार को पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की सभी शाखाओं का जायजा लिया। अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कहीं। अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए।

एसपी ने प्रधान लिपिक, आंकिक शाखा, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, आगंतुक हेल्प डेस्क, आइजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना, मीडिया सेल व स्थानीय अभिसूचना इकाई का निरीक्षण किया। शाखा प्रभारियों को रिकार्ड का सही ढंग से रखरखाव करने को कहा। डीसीआरबी शाखा को अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एएचटीयू शाखा को पाक्सो एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## फर्जी कागजों पर नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार



## 142 शिकायतों में 16 का निस्तारण

# संपूर्ण समाधान दिवस में 142 शिकायतों में 16 निस्तारित

## डीएम बोलीं, धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण

**जागरण टीम, श्रावस्ती** : शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 142 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर सिर्फ 16 का निस्तारण किया जा सका। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने जमुनहा तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की। डीएम ने कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठें। जन समस्याओं को सुनें। फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए।

डीएम ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से मामले को निस्तारित कराएं। इसमें लापरवाही न बरती जाएं। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें।

किसी भी क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि थानाध्यक्ष महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराएं। भिनगा में सीडीओ अनुभव सिंह व इकौना में एडीएम डीपी सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।



जमुनहा तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश ( बाएं ) व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( बाएं से दूसरे ) ● जागरण

**प्राप्त शिकायतें व निस्तारण का विवरण**

| तहसील | प्राप्त शिकायतें | निस्तारित |
|---|---|---|
| जमुनहा | 62 | 08 |
| भिनगा | 16 | 04 |
| इकौना | 64 | 04 |
| कुल | 142 | 16 |

# साथ रहने को राजी हुए दंपति

**श्रावस्ती :** पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। 17 फाइलें सुनवाई के लिए प्राप्त हुईं। इसमें सुलह-समझौते से भिनगा क्षेत्र की धवनपुर निवासी शांता देवी अपने पति लालपुर महरी निवासी अशोक कुमार के साथ रहने को राजी हुईं। (वि.)

# यातायात के नियम बताए

**श्रावस्ती :** यातायात माह के तहत मेवालाल सियाराम पटवारी इंटर कालेज तुलसीपुर में कार्यशाला हुई। यातायात प्रभारी मनीष पांडेय ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। पंफ्लेट बांटकर उन्हें परिवार व सगे संबंधियों को नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। (वि.)

# 101 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती :** यातायात नियमों के उल्लंघन पर 101 वाहनों का चालान किया गया। एक लाख 11 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। (वि.)

# बार्डर पर रखें नजर

**सिरसिया :** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, मादक पदार्थों व मानव तस्करी को रोकने के लिए पुलिस व एसएसबी के जवानों की संयुक्त टीम ने गश्त की। इसका नेतृत्व एएसपी एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने की। उन्होंने कहा कि दोनों बल सीमा की हर हरकत पर नजर रखें। सीमा पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां न होने पाएं। (ससू)

# बालिकाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**जासं, श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल टीम व नारी सुरक्षा दल ने शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों व कस्बों में चौपाल लगाई। महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए विभिन्न कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। टीम ने मल्हीपुर क्षेत्र महीपतपुरवा, जयपत्तर पुरवा, नगई पुरवा गांव, गिलौला के रामपुर आदि गांवों में चौपाल लगा महिलाओं को उनके अधिकार बताए।

# दो आरोपी दबोचे, 101 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने अलग अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर शनिवार संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया। वहीं जिला पुलिस ने शनिवार चेकिंग अभियान के दौरान 101 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 1,11,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# सीओ ने सोनवा थाने में की समीक्षा

**श्रावस्ती।** पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा शुक्रवार शाम सोनवा थाने पहुंचे। जहां उन्होंने विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित एहकमात की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करने, वांछित व वारंटी को गिरफ्तार करने तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। साथ ही आरक्षियों से बीट व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें क्षेत्र में चौपाल लगाकर लोगों से संवाद करने तथा उनकी समस्याओं का निस्तारण करने एवं जनता से मधुर व्यवहार करने की सलाह दी। (संवाद)

# नेपाल सीमा सील, एसपी ने लिया जायजा

**श्रावस्ती।** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में हो रहे आम चुनाव को देखते हुए शनिवार पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ककरदरी स्थित इंडो-नेपाल बॉर्डर पहुंचे। जहां उन्होंने चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जहां उन्होंने सीमा पर मौजूद पुलिस व एसएसबी के जवानों को संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने एवं संदिग्ध वाहनों तथा व्यक्तियों की लगातार जांच करते रहने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने ककरदरी, हकीमपुरवा, तुरुष्मा, गंभीरा नाका, गुज्जर गौरी, सागरगांव आदि गांवों का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। (संवाद)

# सिर्फ 16 फरियादियों की समस्याएं निपटीं

**श्रावस्ती।** जिले की तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। तीनों तहसीलों में आए 142 फरियादियों में से मात्र 16 की ही शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। जमुनहा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में डीएम नेहा प्रकाश से इमलिया नरायन निवासी बांठे ने शिकायत की। जिसका आरोप था कि उसकी पत्नी माया के नाम गाटा संख्या 574 में कृषि भूमि का पट्टा मिला था। जिसे ग्राम प्रहलादा निवासी जवाहरलाल एवं नाथूराम ने मेढ़ तोड़कर कब्जा कर लिया है। इस पर तहसीलदार को कार्रवाई का निर्देश दिया। यहां कुल 62 शिकायतें आईं। इनमें से एसपी अरविंद कुमार मौर्य सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में मात्र आठ मामले ही निस्तारित हो सके। (संवाद)

# साथ रहने को राजी हुए दंपती

**श्रावस्ती।** पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक शनिवार को हुई। जिसमें पारिवारिक विवाद से संबंधित सत्रह मामले आए। इस दौरान केंद्र पर मौजूद सदस्यों के समझाने के बाद एक दंपती साथ रहने को राजी हो गया। जिसे लिखा पढ़ी के बाद उनके घर भेजा गया। (संवाद)

# अचानक पुलिस दफ्तर पहुंचे एसपी, जांचा कामकाज

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय का शुक्रवार शाम एसपी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखा, सेल व प्रकोष्ठ में जाकर पटलों का निरीक्षण किया। इस मौके पर मिली कमियों को दुरुस्त करने के लिए संबंधित शाखाओं के प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस कार्यालय का पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी अपर पुलिस अधीक्षक, पेशी क्षेत्राधिकारी लाइन व नगर, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, आगंतुक हेल्प डेस्क, आईजीआरएस शाखा, जन शिकायत प्रकोष्ठ, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना व मीडिया सेल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शाखाओं में नियुक्त कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही शाखा प्रभारियों को रिकॉर्ड को सही ढंग से रखने व अद्यतन करने, डीसीआरबी शाखा

## सभी शाखाओं का भ्रमण कर प्रभारियों को कमियां दुरुस्त करने के दिए निर्देश



पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते एसपी। संवाद

को अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू शाखा को पॉक्सो एक्ट व बाल श्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। जनशिकायत व आईजीआरएस शाखा को प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर समय से निस्तारित कराने को कहा। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, एसपी के पेशकार अजय कुमार सहित सभी शाखाओं के शाखा प्रभारी मौजूद रहे।